आपकी बात, निर्भीकता के साथ

प्रातः नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 3, अंक : 179 रांची, शुक्रवार, 12 जून, 2026 (ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष 12, संवत 2083) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com

संक्षिप्त

राजस्थान रास चुनाव : भाजपा के डॉ. अलका, डॉ. सतीश पूनिया व कांग्रेस के नीरज डांगी निर्वाचित

जयपुर। राजस्थान से राज्यसभा द्विवार्षिक चुनाव के लिए भाजपा के तीनों उम्मीदवारों को गुरुवार को यहां विधान सभा में निर्वाचित घोषित किया गया। राज्यसभा निर्वाचन के रिटर्निंग ऑफिसर भारत भूषण शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार डॉ. अलका सिंह, इण्डियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी नीरज डांगी और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ. सतीश पूनिया को गुरुवार को यहां विधान सभा में निर्वाचित घोषित किया।
राज्यसभा चुनाव में राजस्थान से तीनों प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो गए है। नाम वापसी का समय निकलने के बाद रिटर्निंग ऑफिसर ने तीनों प्रत्याशियों के निर्वाचित होने की घोषणा की। इस मौके पर रिटर्निंग ऑफिसर शर्मा ने तीनों प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये।

मणिपुर में उग्रवादी हमला, दो ग्रामीणों की मौत, कई घर जलाए

कामजोंग। मणिपुर के कमजोंग जिले में गुरुवार तड़के उग्रवादी हमले में दो ग्रामीणों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग प्रभावित हुए। हमले के दौरान कम से कम छह घरों को आग के हवाले कर दिया गया, जिससे गांव में दहशत का माहौल फैल गया। जानकारी के अनुसार, भारी हथियारों से लैस उग्रवादियों का एक समूह सुबह होते ही कमजोंग जिले के कुल्तुह कुकी गांव में घुस आया और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद हमलावरों ने कई आवासीय मकानों में आग लगा दी। अचानक हुए इस हमले से भयभीत ग्रामीण अपनी जान बचाने के लिए आसपास के जंगलों की ओर भाग गए। ईस्टर्न कुकी चीफ्स एसोसिएशन ने मृतकों की पहचान कुल्तुह चर्च के हेड डीकन लेटमिनलुन हाओकिप और चर्च यूथ चेयरमैन लुनमिनथांग हाओकिप के रूप में की है।

वज्रपात की चपेट में आने से पांच की मौत

खगड़िया। बिहार के खगड़िया जिले में गुरुवार को आकाशीय बिजली गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग झुलस गए। चौथम प्रखंड के कन्हौली बहियार में वज्रपात से विद्यानंद यादव, उनके पुत्र आशुतोष यादव और पौत्र अंकेश कुमार की मौत हो गई। वहीं चार लोग घायल हो गए। बेलदौर प्रखंड के लबघड़िया गांव में वज्रपात से जवाहर शर्मा की मौत हो गई और चार लोग घायल हुए। इसके अलावा नागपुर गांव में 18 वर्षीय मणि लाल कुमार की भी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से जान चली गई। घायलों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने की अपील की है।

नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद की बैठक : सीएम हेमंत बोले - हमारा फोकस झारखंड के समग्र विकास पर

झारखंड के संसाधनों को मानव पूंजी से जोड़ने पर बल

सीएम हेमंत ने खनिज प्रदेश झारखंड को मैन्युफैक्चरिंग हब और नॉलेज इकोनॉमी बनाने के संकल्प को दोहराया

प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची। नीति आयोग की 11वीं बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य के समग्र विकास पर बल दिया। उसकी विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की और केंद्र से सहयोग की अपेक्षा की। समग्र विकास की विचारधारा को रखते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की खनिज संपदा तभी सार्थक होगी, जब उसे मानव पूंजी से जोड़ा जाए। उन्होंने झारखंड को केवल खनिज निकालने वाले राज्य के रूप में देखने की परंपरा से अलग विकास की यात्रा में साझेदार बनाने पर बल दिया। अपनी बातों को विस्तार से रखते हुए कहा कि राज्य के संसाधनों का राज्य में ही वैल्यू एडिशन हो, उससे जुड़ा मैनुफैक्चरिंग हो और राज्य की मानव पूंजी का उसमें उपयोग हो। उन्होंने केंद्र सरकार से क्रिटिकल मिनरल्स आधारित उद्योग विकसित करने के साथ साथ नॉलेज, रिसर्च और इनोवेशन के केंद्र विकसित करने में अपेक्षित सहयोग मांगा।
टेक्सटाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रीन-एनर्जी,लॉजिस्टिक्स और एग्रो- फूड प्रोसेसिंग के बड़े निवेश को झारखंड में बढ़ावा देने की वकालत की। उन्होंने कहा कि माइनिंग और मिनरल्स क्षेत्र में एआई - बेस्ड मिनरल एक्सप्लोरेशन और सस्टेनेबल माइनिंग प्रैक्टिसेज को बढ़ावा देने और झारखंड को उद्योग एवं रोजगार का नया केंद्र बनाने की दिशा में प्रयास जारी है। केंद्र सरकार के सहयोग और मार्गदर्शन के हम आकांक्षी हैं। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल को विकास का मूल आधार बताया। विकसित भारत @2047 के लक्ष्य के साथ राज्य को नई दिशा देने की बात कही। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य में 38 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों में से 15 हजार के पास भवन नहीं है। इसके बावजूद पोषण अभियान और रअअटअफ से कुपोषण में सुधार हुआ है। बच्चों को प्रतिदिन अंडा उपलब्ध कराया जा रहा है। 5000 नए आंगनबाड़ी भवन राज्य सरकार अपने संसाधनों से बना रही है।
शिक्षा क्षेत्र में पहल : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस से अब आईआईटी और मेडिकल में बच्चों का चयन होने लगा है। राज्य सरकार 5000 उत्कृष्ट विद्यालय बनाने के लक्ष्य पर काम कर रही है। उन्होंने पीएम श्री और केंद्रीय विद्यालयों की संख्या बढ़ाने की मांग रखी। झारखंड में एनसीईआरटी का क्षेत्रीय केंद्र स्थापित करने का आग्रह भी किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य की विकास योजनाओं का खाका रखते हुए कहा कि राज्य हर साल 1 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ रहा है। सारथी योजना के तहत 6.76 लाख युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है।

केंद्र सरकार से झारखंड की प्रमुख मांगें : -

- जल जीवन मिशन की शेष 6000 करोड़ राशि जल्द जारी करने की मांग की गई।
- कोयला कंपनियों पर 1.36 लाख करोड़ के बकाया भुगतान की बात उठाई गई।
- डीएमएफटी के मानकों में संशोधन की आवश्यकता जताई गई।
- भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को सरल बनाने का आग्रह किया गया।
- स्कूली शिक्षा से संबंधित विभिन्न निधियों और योजनाओं को एकीकृत किया करने पर बल दिया गया।
- पीपीपी मोड में 6 नए मेडिकल कॉलेजों में से 4 को स्वीकृति मिल चुकी है – शेष 2 की स्वीकृति भी शीघ्र प्रदान की जाए।
- झारखंड को राष्ट्रीय, एशियाई और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं तथा खेल महाकुंभों की मेजबानी का अवसर दिया जाए।

पीएम मोदी बोले- केंद्र-राज्य के समन्वय से विकसित भारत के लक्ष्य को मिलेगी गति

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि केंद्र और राज्य विकास के साझेदार के रूप में मिलकर कार्य करें तो भारत विकसित भारत के साझा लक्ष्य की दिशा में और अधिक तेजी से आगे बढ़ सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता की। नीति आयोग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री ने बैठक में कहा कि दुनिया इस समय अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रही है, लेकिन भारत आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ अपनी विकास यात्रा को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए सभी की सामूहिक जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्यों के बीच सहयोग, संवाद और अनुभवों का आदान-प्रदान विकास का आधार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नीति आयोग राज्यों के बीच समन्वय और सहयोग को बढ़ावा देने वाला एक प्रभावी मंच बन सकता है। राज्य एक-दूसरे के अनुभवों से सीखते हुए विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में मिलकर कार्य कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं, जिनसे विकास और निर्यात के नए अवसर पैदा हुए हैं। उन्होंने कहा कि ये समझौते सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए भी वैश्विक बाजारों में प्रवेश का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। इसके लिए उन्हें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ानी होगी। उन्होंने कहा कि भारत की जनसांख्यिकीय शक्ति एक ऐतिहासिक अवसर है। इसे खोया नहीं जा सकता। युवाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मांग आधारित कौशल विकास और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए।

गृहणियां अब राष्ट्र निर्माता : सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने होममेकर शब्द को अब नेशन बिल्डर की पहचान मिलने की उम्मीद जाहिर की

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गृहणियों के संबंध में ऐतिहासिक फैसला सुनाया है, जिसमें उन्हें केवल होममेकर नहीं बल्कि राष्ट्र निमार्ता (नेशन बिल्डर) बताया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि घर और परिवार की देखभाल में उनके योगदान का महत्वपूर्ण आर्थिक मूल्य है, जिसे अनदेखा नहीं कर सकते है। इस योगदान को मान्यता देकर सर्वोच्च न्यायालय ने गृहणियों की मासिक आय 30,000 निर्धारित की है। जस्टिस संजय करोल और कोटिस्वर सिंह की पीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। पीठ ने कहा, घरेलू महिलाएं घर में योगदान देती हैं। वे राष्ट्र निमार्ता हैं। वे राष्ट्र का निर्माण करती हैं।
इतना ही नहीं सुप्रीम कोर्ट ने होममेकर शब्द को अब नेशन बिल्डर की पहचान भी मिलने की उम्मीद जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि मुआवजे की गणना करते समय घरेलू देखभाल सेवाओं के नुकसान को एक अलग मद के रूप में शामिल किया जाए, और इसके लिए गृहणी की काल्पनिक मासिक आय 30,000 रुपये तय की गई। यह फैसला गृहणियों के अमूल्य श्रम को कानूनी और आर्थिक मान्यता प्रदान करता है।
सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कि देश के सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश इस विषय की निगरानी करने , ताकि गृहणियों के योगदान को उचित और न्यायसंगत कानूनी मान्यता मिल सके।

भीषण सड़क हादसे में तीन बच्चों समेत पांच की मौत

अनियंत्रित स्कॉर्पियो पेड़ से टकराई, कई घायल; अस्पतालों में चल रहा इलाज

प्रातः नागपुरी संवाददाता

गुमला। गुमला और सिमडेगा जिले की सीमा पर स्थित कोलेबिरा प्रखंड के अघरमा गांव के समीप हुए एक भीषण सड़क हादसे में तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे में कई अन्य लोग घायल हो गए, जिन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी लोग एक स्कॉर्पियो वाहन में सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान अघरमा के पास वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और वाहन के परखच्चे उड़ गए।
हादसे में कुल पांच लोगों की मौत होने की सूचना है। मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। हालांकि समाचार लिखे जाने तक मृतकों की आधिकारिक पहचान सार्वजनिक नहीं की गई थी। दुर्घटना में घायल लोगों को स्थानीय ग्रामीणों, पुलिस और प्रशासन की मदद से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। कुछ घायलों का इलाज गुमला जिले के बसिया अस्पताल में चल रहा है, जबकि अन्य को सिमडेगा जिले के कोलेबिरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को बेहतर इलाज के लिए रेफर किए जाने की भी सूचना है।
घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क से हटाने और यातायात सामान्य करने की कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में वाहन के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने की बात सामने आई है। हादसे के पीछे तेज रफ्तार, चालक की लापरवाही अथवा अन्य तकनीकी कारणों की भी जांच की जा रही है।

देशभर में आंधी-बारिश का कहर कई राज्यों में जनजीवन प्रभावित

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों में प्री-मानसून गतिविधियों के चलते आंधी और बारिश का व्यापक असर देखने को मिला। खराब मौसम के कारण दिल्ली आने वाली दो उड़ानों को जयपुर डायवर्ट करना पड़ा। वहीं उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, मध्य प्रदेश, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में तेज हवाओं के साथ बारिश दर्ज की गई। उत्तर प्रदेश में खराब मौसम का सबसे अधिक असर देखने को मिला। इटावा, सीतापुर और फिरोजाबाद में अलग-अलग हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। चित्रकूट में तेज आंधी के कारण 4.5 करोड़ रुपये की लागत से बने ऑडिटोरियम की छत उड़ गई, जबकि एक पेट्रोल पंप की छत भी क्षतिग्रस्त हो गई। पंजाब के मानसा जिले में तेज हवाओं के दौरान लोहे का गेट गिरने से नौ वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। बिहार के पटना, बक्सर और सुपौल समेत कई जिलों में सुबह घने बादलों के कारण अंधेरा छा गया। दृश्यता कम होने से वाहन चालकों को दिन में ही हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। राजस्थान के कई इलाकों में भी आंधी और बारिश दर्ज की गई।

विस चुनावों और टीएमसी में चल रही फूट को लेकर कांग्रेस की अहम बैठक

बैठक में राहुल गांधी, वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी, जयराम रमेश और कई नेता रहे मौजूद

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में गुरुवार को एआईसीसी मुख्यालय में पार्टी के महासचिवों, प्रभारियों और पीसीसी अध्यक्षों की अहम बैठक हुई। बैठक में राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, जयराम रमेश और कई अन्य नेता मौजूद थे। कांग्रेस नेताओं की यह अहम बैठक हालिया विधानसभा चुनावों और टीएमसी में चल रही फूट के बीच हुई। इस बैठक से एक दिन पहले वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए कहा था कि वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रमों पर चर्चा के लिए यह आपात बैठक बुलाई गई है।
जानकारी के मुताबिक गुरुवार को हुई बैठक में मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रमों के अलावा बीजेपी द्वारा केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने के प्रचार अभियान और पीएम नरेंद्र मोदी के जवाहरलाल नेहरू का सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड तोड़ने से जुड़े राजनीतिक विमर्श का जवाब देने की रणनीति पर चर्चा की। पार्टी नेतृत्व दल-बदल की बढ़ती घटनाओं और विपक्षी दलों के बीच समन्वय को मजबूत करने के मुद्दे पर भी विचार किया गया। राज्यों में संभावित सहयोगी दलों के साथ तालमेल बढ़ाने और विपक्षी गठबंधन के विस्तार को लेकर मंथन हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक कहा जा रहा है कि इस बैठक में टीएमसी के कुछ सांसदों के लोकसभा में अलग समूह के रूप में बैठने और बीजेपी नीत सरकार की प्राथमिकताओं के साथ जाने की अटकलों के बीच कांग्रेस विपक्षी एकजुटता बनाए रखने के उपायों पर चर्चा की गई। यह बैठक सोमवार को हुई इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद आयोजित की गई थी। बैठक के बाद खड़गे ने कहा था कि इंडिया गठबंधन की सभी पार्टियां राष्ट्रीय मुद्दों पर बेहतर समन्वय के लिए हर दो महीने में बैठक करेंगी। गठबंधन की अगली बैठक अगस्त में हैदराबाद में होगी।

टीएमसी को एक और झटका रास सांसद ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की राजनीति में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लिए मुश्किलें लगातार बढ़ती दिखाई दे रही हैं। पार्टी के राज्यसभा सांसद प्रकाश चिक बराइक ने गुरुवार को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उनके इस्तीफे के साथ ही हाल के दिनों में टीएमसी छोड़ने वाले राज्यसभा सांसदों की संख्या तीन हो गई है। इससे पहले वरिष्ठ नेता सुखेंदु शेखर रॉय और सुष्मिता देव भी राज्यसभा तथा पार्टी से इस्तीफा दे चुके हैं। लगातार हो रहे इन इस्तीफों ने संसद के उच्च सदन में टीएमसी की स्थिति को कमजोर कर दिया है।

सेना खरीदेगी 300 से अधिक के-9 वज्र तोपें, सीमा पर बढ़ेगी मारक क्षमता

23,000 करोड़ की मेगा डील को जल्द मिल सकती है मंजूरी

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय थल सेना अपनी तोपखाना क्षमता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की तैयारी में है। चीन और पाकिस्तान से उत्पन्न दोहरी सुरक्षा चुनौतियों के बीच सेना 300 से अधिक के-9 वज्र सेल्फ-प्रोपेल्ड हॉवित्जर तोपों की खरीद की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस महत्वाकांक्षी रक्षा परियोजना की अनुमानित लागत करीब 23,000 करोड़ रुपये बताई जा रही है और इसे भारतीय सैन्य इतिहास के सबसे बड़े आर्टिलरी अधिग्रहण कार्यक्रमों में से एक माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, इस प्रस्ताव को जल्द ही रक्षा खरीद बोर्ड के समक्ष मंजूरी के लिए रखा जा सकता है। स्वीकृति मिलने पर इसका निर्माण भारतीय कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) द्वारा दक्षिण कोरिया की हनव्हा एयरोस्पेस के तकनीकी सहयोग से किया जाएगा। यह परियोजना मेक इन इंडिया और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को भी मजबूती देगी। भारतीय सेना ने वर्ष 2017 में लगभग 4,500 करोड़ रुपये की लागत से 100 के-9 वज्र तोपों की पहली खेप का ऑर्डर दिया था, जिसकी आपूर्ति 2021 तक पूरी कर दी गई थी। इसके बाद दिसंबर 2023 में 100 अतिरिक्त तोपों की खरीद के लिए लगभग 7,600 करोड़ रुपये का दूसरा अनुबंध किया गया। अब प्रस्तावित 300 नई तोपों के शामिल होने से सेना के बेड़े में के-9 वज्र की कुल संख्या 500 से अधिक हो जाएगी।

40 किमी तक सटीक प्रहार क्षमता

155 मिमी/52 कैलिबर की के-9 वज्र हॉवित्जर 40 किलोमीटर से अधिक दूरी तक सटीक प्रहार करने में सक्षम है। शुरुआत में इसे रेगिस्तानी इलाकों में मैकेनाइज्ड फोर्स के साथ उपयोग के लिए विकसित माना गया था, लेकिन पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ तनाव के बाद इसके कोल्ड-वेदर संस्करण का उच्च हिमालयी क्षेत्रों में सफल परीक्षण किया गया। शून्य से नीचे तापमान और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में इसके प्रदर्शन ने सेना का भरोसा बढ़ाया है। इस तोप की सबसे बड़ी विशेषता इसकी शूट-एंड-स्कूट क्षमता है। यह तेजी से गोले दागने के बाद तुरंत अपनी स्थिति बदल सकती है, जिससे दुश्मन के जवाबी हमलों से बचाव संभव हो जाता है। पूरी तरह बख्तरबंद होने के कारण यह अपने चालक दल को भी बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस बड़े अधिग्रहण से भारतीय सेना की फायरपावर में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और चीन तथा पाकिस्तान दोनों मोर्चों पर उसकी सामरिक क्षमता और अधिक मजबूत होगी।

अमेरिकी हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत, भारत ने जताया कड़ा विरोध

एजेंसी

नई दिल्ली। ओमान की खाड़ी और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच एक वाणिज्यिक टैंकर पर अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में तीन भारतीय नाविकों की मौत हो गई। इस घटना के बाद भारत सरकार ने अमेरिका के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों और नागरिक ढांचे पर हमले तत्काल रोकने की मांग की है। जानकारी के अनुसार, पलाऊ के झंडे वाले वाणिज्यिक जहाज एमटी सेटेबेल्लो पर अमेरिकी सेना ने 9 जून की रात कार्रवाई की थी। जहाज पर कुल 24 भारतीय चालक दल के सदस्य सवार थे। घटना के बाद शुरू किए गए खोज एवं बचाव अभियान में 21 भारतीयों को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि तीन भारतीय नाविकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान हिमाचल प्रदेश के 23 वर्षीय आदित्य शर्मा, उत्तर प्रदेश के देवरिया निवासी शिवानंद चौरसिया तथा आंध्र प्रदेश के चीफ इंजीनियर पटनाला सुरेश के रूप में हुई है। केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने गुरुवार को तीनों भारतीयों की मौत की पुष्टि की। घटना के बाद भारत सरकार ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव नागराज नायडू ने भारत में अमेरिकी दूतावास के प्रभारी अधिकारी जेसन मीक्स को तलब कर भारत की गंभीर चिंता और विरोध से अवगत कराया।

पेसा अनुसूचित क्षेत्रों में रहने वाले समुदायों के अधिकारों की रक्षा में महत्वपूर्ण कदम : डीसी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

खूंटी। नगर भवन में गुरुवार को उपायुक्त मो जावेद हुसैन की अध्यक्षता में पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों का विस्तार) झारखंड नियमावली, 2025 (पेसा) विषय पर जिला स्तरीय राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, पंचायत प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपायुक्त मो जावेद हुसैन ने कहा कि पेसा अधिनियम एवं झारखंड नियमावली, 2025 अनुसूचित क्षेत्रों में रहने वाले समुदायों के अधिकारों की रक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है और इसके प्रभावी

क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में सहभागितापूर्ण विकास को गति मिलेगी। जिला पंचायतीराज पदाधिकारी प्रमोद राम ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने और स्थानीय स्वशासन को मजबूत करने के लिए पेसा नियमावली अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया ने कहा कि पेसा नियमावली स्थानीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित करने, पारदर्शी शासन व्यवस्था को बढ़ावा देने और प्राकृतिक संसाधनों एवं पारंपरिक संस्कृति के संरक्षण में सहायक होगी। वहीं उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश ने नियमावली के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रशासन और ग्राम सभाओं के बीच बेहतर समन्वय और व्यापक जनजागरूकता पर जोर दिया। पंचायतीराज विभाग के पेसा राज्य समन्वयक सुधीर पाल ने विस्तृत प्रस्तुतीकरण के माध्यम से नियमावली के प्रमुख प्रावधानों, ग्राम सभा की शक्तियों, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और जनभागीदारी आधारित शासन व्यवस्था की जानकारी दी। सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

मतदाता मैपिंग में कम प्रगति वाले बूथ पर लगाएं विशेष शिविर : डीसी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

रामगढ़। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में गुरुवार को गूगल मीट के जिरए बड़कागांव और रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और 70 प्रतिशत से कम मतदाताओं की मैपिंग करने वाले बीएलओ सुपरवाइजरों के साथ समीक्षा बैठक हुई। बैठक के दौरान मतदाता मैपिंग कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संतोषजनक मैपिंग प्रतिशत प्राप्त नहीं होने के कारणों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश

दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि अनमैप्ड मतदाताओं की सूची तैयार कर प्रत्येक मतदाता की मैपिंग नहीं होने के वास्तविक कारणों का स्पष्ट उल्लेख किया जाए। साथ ही संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मतदाता मैपिंग कार्य में प्रगति लाने के उद्देश्य से डीसी ने सभी कम प्रगति वाले मतदान केन्द्रों पर दिनांक 13 से 15 जून तक विशेष शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि उक्त अवधि के दौरान नुक्कड़ नाटक, माइकिंग, चुनाव पाठशाला, ग्राम चौपाल सहित अन्य जन-जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। ताकि अधिक से अधिक मतदाता मतदाता मैपिंग कार्यक्रम से जुड़ सकें। साथ ही संबंधित मतदान केन्द्रों पर कैम्प मोड में कार्य करते हुए मतदाता मैपिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में संबंधित बीएलओ सुपरवाइजरों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि वे आगामी तीन दिनों के भीतर अपने आवंटित मतदान केन्द्रों पर न्यूनतम 10 प्रतिशत मैपिंग वृद्धि करें। निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं होने की स्थिति में संबंधित कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उनका मासिक वेतन स्थगित किया जाएगा।

संक्षिप्त

सिल्ली में 27 घंटे से बिजली बाधित, कटौती से लोग परेशान

सिल्ली। पिछले 27 घंटे से सिल्ली एवं आसपास के इलाकों में विद्युत आपूर्ति बाधित होने से लोग परेशान रहे। बुधवार के दिन के करीब 4 बजे ही बिजली चली गई और गुरुवार दिन के 3 बजे के आसपास सिर्फ 10 मिनट के लिए बिजली बहाल हुई, उसके बाद बिजली शाम के 6: 45 बजे बहाल हुई जो सिर्फ 15 मिनट रही। इस बिजली कटौती से लोग परेशान रहे । लोगों के बिजली के सारे उपकरण बंद हो चुकी है। लगातार बिजली नहीं रहने से इनवर्टर भी बंद हो चुका है। चार्ज के अभाव में लोगों के मोबाइल भी बंद हो गई ।इधर, विभाग के विद्युत कर्मी मुकेश कुमार साहु ने बताया कि बुधवार को अंधड़ बारिश एवं वज्रपात के कारण टाटीसिलवे से अनगड़ा के बीच 33 केवीए के 5 इंसुलेटर फट गया था वहीं तार भी पुट गया था। जिसमें बुधवार को ही चार इंसुलेटरों को बदल दिया गया था वहीं गुरुवार को एक इंसुलेटर को बदलकर तारों को दुरुस्त किया गया और दो बजे विद्युत बहाल कर दी गई जो महज 10- 15 मिनट के बाद सिल्ली सब स्टेशन में विद्युत आपुर्ती बंद हो गई। अचानक लोड बढ़ जाने के कारण अनगड़ा के समीप 33 केवीए में फाल्ट आ गया था। विद्युत कमीर्यों ने भारी मशक्कत के बाद इसे ठीक कर दिया गया है। इधर बिजली का आना जाना लगा रहा। इधर समाचार लिखे जाने तक इलाके में बिजली नदारद रही।

बज्रपात से दो बच्चे गंभीर रूप से घायल

सिल्ली। सिल्ली प्रखंड के धाना मूंजी निवासी पंकज महतो के 14 वर्षीय पुत्र, विकास कुमार महतो, एवं बसंत महतो की पुत्री 7 रिया कुमारी गुरुवार को शाम हुई तेज बारिश हो रही थी तभी अचानक ठनका के चपेट में आने से घायल हो गए। आनन फानन में उनके परिजनों के द्वारा इन दोनों को मुरी के सिंगपुर नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। दोनों का इलाज चल रहा है। चिकित्सक डॉ रमनेश प्रसाद ने बताया कि इलाज के बाद से दोनों बच्चे खतरे से बाहर है। जानकारी के मुताबिक ये दोनों बच्चे घर पर ही थे।

लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए मतदाता सूची का शुद्ध होना जरूरी : उपायुक्त

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

खूंटी। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के संचालन को लेकर गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मो जावेद हुसैन की अध्यक्षता में बैठक-सह-कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिले के बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजरों को पुनरीक्षण कार्य से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उपायुक्त मो जावेद हुसैन ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए मतदाता सूची का शुद्ध और अद्यतन होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी बीएलओ सुपरवाइजरों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के विभिन्न चरणों, निर्धारित कार्यों और प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, त्रुटियों के सुधार, मतदाताओं की मैपिंग और अन्य आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के

साथ पूरा करने पर बल दिया गया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत मैपिंग सुनिश्चित करते हुए सभी गतिविधियों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया जाए, ताकि जिले की मतदाता सूची अधिकाधिक शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाई जा सके। कार्यशाला में उप निर्वाचन पदाधिकारी सुषमा लकड़ा, मास्टर ट्रेनर-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी तोरपा नवीन चंद्र झा सहित संबंधित पदाधिकारी और बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित थे।

मादक पदार्थों की अवैध तस्करी रोकने के लिए जागरूकता अभियान शुरू

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

रामगढ़। जिले में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। गुरुवार को डीसी ऋतुराज ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। यह कार्यक्रम जिला समाज कल्याण विभाग और झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डीसी ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों को निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाने और नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ दिलाई। वहीं जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंड, पंचायत और ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों और उनकी रोकथाम के प्रति जागरूक करेगा। कार्यक्रम के अंतर्गत जिला और प्रखंड स्तर पर उपस्थित पदाधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों की ओर से मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए शपथ लिया गया।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ रही रामगढ़ के आम की मांग, यूके भेजा गया दो टन आम

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

रामगढ़। जिले में उत्पादित आम की डिमांड अब अंतरराष्ट्रीय बाजार में खूब बढ़ रही है। दुबई के बाद अब यूनाइटेड किंगडम (यूके) के बाजार में भी रामगढ़ के खेतों में फले आम नजर आएंगे। गुरुवार को डीसी ऋतुराज ने लगभग 02 टन आम की खेप को हरी झंडी दिखाकर यूके के लिए रवाना किया। यह आम जिले के पतरातू, दुलमी और मांडू

प्रखंड के किसानों की ओर से उत्पादित किया गया है। खेप को सबसे पहले कोलकाता भेजा जाएगा। आवश्यक गुणवत्ता परीक्षण, प्रसंस्करण और निर्यात संबंधी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद इसे यूके के बाजारों के लिए प्रेषित किया जाएगा।

भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष, साहस और नेतृत्व का अनुपम उदाहरण : साह

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

रामगढ़। जनजातीय अस्मिता, स्वाभिमान और संघर्ष के प्रतीक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर गुरुवार को राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में विशेष व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान को समझने का प्रयास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस

अवसर पर शिक्षकों, पदाधिकारियों और विद्यार्थियों ने धरती आबा को श्रद्धांजलि देते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष, साहस और नेतृत्व का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना आज भी युवाओं को प्रेरित करती है। विश्वविद्यालय की सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि शिक्षा संस्थानों का दायित्व केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को अपने गौरवशाली इतिहास और प्रेरणादायक व्यक्तित्वों से परिचित कराना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। वहीं कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उन महान योद्धाओं में शामिल थे, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद ब्रिटिश शासन के विरुद्ध सशक्त संघर्ष किया और जनजातीय समाज को संगठित करने का कार्य किया। कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का योगदान भारतीय इतिहास में सदैव अमिट रहेगा।

एसबीआई ने किया पुराने ग्राहक को सम्मानित

सिल्ली। सिल्ली पतराहातू एसबीआई शाखा प्रबंधक मनीष कुमार ने शाखा से जुड़े पुराने ग्राहकों को उनके घर जा जा उन्हें सम्मानित किये ।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता देकर उन्हे विकास के पथ पर लाने की भूमिका में एसबीआई का प्रयास सराहनीय है। एसबीआई अपने ग्राहकों के प्रेम और संबंध से अग्रणी बना हुआ है। ग्राहकों की संतुष्टि ही एसबीआई का उद्देश्य है ।आगामी 1 जुलाई को को बैंक अपना आपके क्षेत्र में 71 साल पूरा करने जा रहा है ।इस बैंक का आज स्थापना 1 जुलाई 1955 को हुई थी। इस मौके पर बलराम महतो,रवींद्र हजाम,भीमसेन महतो, आदि उपस्थित थे।

इटकी में सड़क हादसे में दो युवती सहित चार घायल, दो की स्थिति नाजुक

इटकी। इटकी ब्राम्बे मुख्य सड़क पर साहेब मोड़ स्थित जोन्स प्ले स्कूल के निकट सड़क हादसे में दो युवती सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये है। घटना गुरुवार दिन के करीब ग्यारह बजे की है। घायलों में इटकी प्रखण्ड में अनुसेवक पद पर कार्यरत सुजीत नायक, अगंनू मिंज और दो युवती शामिल है। ग्रामीणों की मदद से गंभीर रूप से घायल सुजीत नायक और अंगनू मिंज को बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजे गये है जहां दोनों की स्थिति नाजूक बनी हुई है ।जबकि घायल दोनों युवतियों की इलाज एक स्थानीय निजी अस्पताल में चल रही है। घायल सुजीत नायक पिस्का मोड़ रांची का रहने वाला है और अंगनू मिंज इटकी कुन्दी सरना टोली का निवासी है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सुजीत नायक अपने वाईक में सवार होकर प्रखण्ड मुख्यालय जा रहे थे इसी दौरान अंगनू मिंज बाईक में दो युवतियों को लेकर इटकी इटकी मोड़ की ओर तेज रफ्तार से आ रहा था इसी बीच उक्त स्थल पर दोनों बाईको के बीच जोरदार टक्कर हो गई। जिससे दोनों में बाईक सवार चारो लोग सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गये वही दोनों वाईक क्षतिग्रस्त हो गया। सुजीत नायक के सर में गंभीर चोट लगी है वह अस्पताल में बेहोस है जबकि अंगनू मिंज को आदंरूनी चोट लगी है।

इटकी में तेज आंधी और बारिश से जनजीवन प्रभावित, बिजली व्यवस्था चरमराई



इटकी। प्रखण्ड में पिछले दो दिनों से आंधी और बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। मोरो पोखर टोली में बुधवार की देर शाम तेज आंधी और बारिश से ट्रांसफार्मर में एक पेड़ गिरा वही प्रवीण केरकेट्टा सहित कई लोगों के मकान का एस्बेस्टस और छप्पर उड़ कर क्षतिग्रस्त हो गये। एकता नगर, कोईरी टोला ,आदर्श नगर सहित कई इलाकों के दर्जणों पेड़ टहनी टूट गई वही इटकी कब्रिस्तान के निकट विशाल काय संबर का पेड़ इटकी मोरो सड़क के बिचबीचकर आ गिरा जिससे सड़क पर आवगमण घंटो अवरुद्ध रहा। बाद में ग्रामीणों द्वारा गिरे पेड़ को सड़क से हटा कर आवगमण शुरू की गई। मोरो गांव में ट्रांसफार्मर पर पेड़ गिरने कई गांवों में रात भर बिजली आपूर्ति ठप रहा । इधर गुरुवार को तेज हवा और बारिश से इटकी क्षेत्र में करीब सात घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही। जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा ।अधिकृत जानकारी के अनुसार हटिया ग्रिड और बेड़ो फीडर के बीच नगड़ी के कृष्णा मेडिकम पाण्डू के निकट करीब दोपहर 12 बजे 33 हजार के हाई वोल्टेज खम्भें लगे इंसुलेटर पंचर हो गया वही तेज हवा और वारिश से कई जगह फॉल्ट हो गये जिससे इटकी बेड़ो फिडर के सैकड़ों गांव में सात घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहा। वद्युतकर्मियों ने सभी फॉल्ट को दुरुस्त कर 6.45 बजे शाम में क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल की गई।

कंप्यूटर की नई तकनीक से विद्यार्थियों में होगा गुणवत्तापूर्ण बदलाव : कुलपति

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

रामगढ़। रामगढ़ कॉलेज में फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (संकाय विकास कार्यक्रम) के अंतिम दिन गुरुवार को कंप्यूटर की नई तकनीक पर चर्चा हुई। समापन समारोह को ऑनलाइन संबोधित करते हुए विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति सह कार्यक्रम के संरक्षक प्रोफेसर चंद्रभूषण शर्मा ने शिक्षा की नई तकनीक पर जोर देने को कहा। उन्होंने कहा कि दुनिया काफी तेजी से बदल रही है। हम देश को तभी दौड़ में शामिल कर सकते हैं जब बच्चों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और तकनीक का समावेश हो सकें। जिन लोगों ने 80 के दशक में कंप्यूटर साइंस पढ़ा, आज वह काफी बेहतर जगह पर कार्य कर रहे हैं। लेकिन जितनी जल्दी हम एआई से काम

लेना सीखेंगे उतना ही बेहतर तरीके से विद्यार्थियों को सीखा पाएंगे। उतनी ही जल्दी हमारे छात्र भी शिखर पर पहुंच पाएंगे। शिक्षकों में सिर्फ दो ही गुण हो सकते हैं कि वह कितना अच्छा बोल सकते हैं और कितना अच्छा लिख सकते हैं। अगर ज्ञानवर्धक बातों और एआई की सहायता से शिक्षा लाभदायक बनाई जा सकती है, तो इस पर भी शोध करने की आवश्यकता है। साथ ही उसे स्थानीय से लेकर अंतरराष्ट्रीय पत्रिका में प्रकाशित करने की आवश्यकता है। वहीं मुख्य संसाधन सेवी के रूप में इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर टीचर एजुकेशन, वाराणसी के प्रो आशीष कुमार श्रीवास्तव ने अपने व्याख्यान में भारतीय उच्च शिक्षा की अकादमिक संस्कृति, सुशासन और शोध की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान की पहचान उसके शिक्षकों, कार्य संस्कृति, दृष्टि और मूल्यों से बनती है। बेहतर शासन का अर्थ अधिक नियंत्रण नहीं, बल्कि जवाबदेही के साथ स्वायत्तता है। उन्होंने कहा कि शासन केवल नियमों और फाइलों का विषय नहीं, बल्कि व्यवहार और नेतृत्व का प्रतिबिंब है। तकनीक अच्छे मानवीय संबंधों का विकल्प नहीं हो सकती और संस्थानों को बैठक संस्कृति और अनावश्यक औपचारिकताओं से बाहर निकलकर शोध, नवाचार और संकाय विकास पर ध्यान देना चाहिए।

स्वच्छता अभियान में जनप्रतिनिधियों ने किया श्रमदान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

खूंटी। भारत सरकार के निर्देश पर 05 जून से 12 जून तक मनाए जा रहे पर्यावरण सप्ताह के अंतर्गत नगर पंचायत खूंटी की ओर से स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित साहू तालाब परिसर में सार्वजनिक सफाई अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और 4-वे सेग्रीगेशन के प्रति लोगों को जागरूक करना है। कार्यपालक पदाधिकारी सृष्टि दीप्रिया मिंज के निर्देश पर आयोजित इस अभियान में नगर पंचायत अध्यक्ष रानी टूटी ने श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता

के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उनके साथ वार्ड पार्षद दिनेश कुमार महतो, अनूप कुमार साहू, विनय नायक, मो खालिद हुसैन सहित अन्य निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। नगर पंचायत कार्यालय की ओर से नगर प्रबंधक मोनिस सलाम के नेतृत्व में संजय कुमार, लिपिक, सुपरवाइजर जुबैदा खातून, सहित बड़ी संख्या में सफाईकर्मियों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नगर पंचायत प्रशासन ने बताया कि पर्यावरण सप्ताह के दौरान अब तक विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। बेलाहाथी रोड स्थित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट में सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण की प्रक्रिया और 4-वे सेग्रीगेशन की विस्तृत जानकारी दी गई।

रांची के मतदाताओं की मैपिंग के लिए स्पेशल कैंप का 13 और 14 को

सभी मतदान केन्द्रों पर होगा विशेष कैंप का आयोजन

सुबह 8 बजे से अपराह्न 4 बजे तक कैंप में बीएलओ करेंगे मैपिंग

प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम अंतर्गत रांची जिला के सभी मतदान केंद्रों पर 13 एवं 14 जून, 2026 को विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं। जिले में मतदाताओं की मैपिंग कार्य को गति देने के उद्देश्य से दोनों दिनों में सभी मतदान केंद्रों पर प्रातः 8 बजे से अपराह्न 4 बजे तक विशेष कैंप आयोजित किया जाएगा। कैंप के दौरान संबंधित मतदान केंद्रों पर बीएलओ उपस्थित रहकर मतदाताओं की मैपिंग करेंगे। जनगणना कार्य में लगे बीएलओ सुबह 8 बजे से अपराह्न 1 बजे तक ही अपने संबंधित बूथ पर मैपिंग संबंधित कार्य करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा निर्देश दिया गया है कि सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्राधिकार के मतदान केंद्रों पर आयोजित कैंप की सतत निगरानी एवं पर्यवेक्षण सुनिश्चित करेंगे। साथ ही बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर की निर्धारित मतदान केंद्रों पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने का दायित्व भी संबंधित अधिकारियों को सौंपा गया है। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्धारित समय पर कैंप में उपस्थित रहकर कार्यों का सफल निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी पात्र मतदाताओं से भी अपील की गयी है कि वे अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर आयोजित विशेष कैंप में पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज के साथ अपनी मैपिंग अवश्य करायें, विशेष गहन पुनरीक्षण को हल्के में नहीं लें।

मौसम का बदला मिजाज, प्री मानसून बारिश से राहत

प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची। राजधानी रांची सहित राज्य की विभिन्न जिलों में प्री मानसून की बारिश शुरू हो गई है। आने वाले तीन-चार दिनों तक रांची सहित विभिन्न जिलों में अच्छी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने 12 और 13 जून को बारिश और आकाशीय बिजली गिरने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं 13 जून के बाद भी राज्य भर में बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। इसे लेकर विभाग की ओर से १६ जून तक येलो अलर्ट जारी किया गया है।

धनबाद में सबसे अधिक 40.2 मिमी बारिश दर्ज : इधर, गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और प्रचंड गर्मी महसूस हुई, लेकिन दोपहर बाद काले और घने बादल छाये रहे और मूसलाधार बारिश हुई। इससे लोगों को भारी गर्मी से राहत मिली। साथ ही तापमान में 05 से 06 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने 13 से 15 जून के बीच मानसून के झारखंड में प्रवेश करने की संभावना व्यक्त की है। वहीं, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 43.2 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान रांची में 21.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश धनबाद में 40.2 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई।

संक्षिप्त

ट्यूशन के लिए निकली छात्रा लापता, परिजनों ने जताई अपहरण की आशंका

रांची। राजधानी में बच्चों के लापता होने की घटनाएं थम नहीं रही हैं। ताजा मामला रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र का है। यहां पहाड़ी टोला स्थित नासिरुद्दीन लेन से 13 वर्षीय छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। पिता इमरोज ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कर अपहरण की आशंका जताई है। मिली जानकारी के अनुसार, अलीना कक्षा 8 में पढ़ती है और वह 9 जून की शाम करीब 5 बजे ट्यूशन पढ़ने के लिए घर से निकली थी। हालांकि देर रात तक घर नहीं लौटी। इसके बाद परिजनों ने रिश्तेदारों, दोस्तों और आसपास के इलाकों में उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। अलीना के पिता इमरोज ने पुलिस को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि उनकी बेटी को किसी ने बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। उन्होंने मामले की गंभीरता से जांच कर बेटी की सकुशल बरामदगी की मांग की है। इधर, शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ करने के साथ-साथ छात्रा की तलाश में जुटी हुई है।

रांची विश्वविद्यालय में यूजी नामांकन प्रक्रिया शुरू

रांची। रांची विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-2030 के लिए स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रमों में नामांकन की तिथि जारी कर दी है। एनईपी 2020 और एफवाईयूजीपी (फोर ईयर अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम) के तहत संचालित नियमित और व्यावसायिक/सेल्फ फाइनेंसिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश चांसलर पोर्टल के माध्यम से होगा। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 12 जून 2026 से 29 जून 2026 तक चलेगी। इसके बाद कॉलेजों द्वारा 3 जुलाई 2026 को चयन सूची प्रकाशित की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन और नामांकन की प्रक्रिया 4 जुलाई से 14 जुलाई 2026 तक पूरी की जाएगी। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि यदि सत्र शुरू होने के बाद भी सीटें रिक्त रहती हैं तो नामांकन प्रक्रिया आगे भी जारी रखी जा सकती है। छात्रों को एक ही लॉगिन के माध्यम से एक या अधिक विषयों और एक से अधिक कॉलेजों में आवेदन करने की सुविधा दी गई है।

आधुनिक अस्पतालों की ओर बढ़ा झारखंड, स्वास्थ्य विभाग को सात दिन में मिलेगा मास्टर प्लान

प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची। झारखंड में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और अस्पतालों के बेहतर संचालन की दिशा में राज्य सरकार ने नई पहल शुरू की है। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को एचएलएल हेल्थकेयर लिमिटेड ने स्वास्थ्य अवसंरचना विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक में एचएलएल ने अस्पताल निर्माण, परियोजना निगरानी, चिकित्सा उपकरणों की खरीद, अस्पताल संचालन, प्रशिक्षण और सिमुलेशन सेंटर की स्थापना से जुड़ी अपनी सेवाओं की जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि वह देशभर में स्वास्थ्य अवसंरचना विकास, निर्माण कंसल्टेंसी और पीपीपी मॉडल पर अस्पताल संचालन जैसे कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। कई एम्स अस्पतालों के निर्माण और विकास कार्यों में भी कंपनी की महत्वपूर्ण भागीदारी रही है।

स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों के निर्माण और संचालन में तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता को देखते हुए एचएलएल को प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग कंसल्टेंट के रूप में शामिल करने की संभावनाओं पर चर्चा की। बैठक में नए अस्पतालों के निर्माण, आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की खरीद, अस्पताल प्रबंधन, डॉक्टरों और पैरामेडिकल कर्मियों के प्रशिक्षण और ट्रेनिंग-कम-सिमुलेशन सेंटर की स्थापना पर भी विचार-विमर्श हुआ। अजय कुमार सिंह ने कहा कि राज्य में पीएमसी व्यवस्था को मजबूत करने और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सह ट्रॉमा सेंटरों को पूर्ण विकसित स्वास्थ्य संस्थानों के रूप में विकसित करने की जरूरत है। उन्होंने एचएलएल को राज्य के सीएचसी सह ट्रॉमा सेंटरों के समग्र विकास के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया।

बैठक में यह भी चर्चा हुई कि सदर अस्पतालों को छोड़कर ऐसे अस्पताल, जो वर्तमान में अपनी पूरी क्षमता से संचालित नहीं हो पा रहे हैं, उन्हें पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत संचालित करने की संभावनाओं का भी अध्ययन किया जाए। इस संबंध में एचएलएल से विस्तृत परामर्श और प्रस्ताव मांगा गया है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि एचएलएल अगले सात दिनों के भीतर विभाग को विस्तृत प्रस्ताव सौंपेगा। प्रस्ताव मिलने के बाद राज्य सरकार आगे की कार्यवाही करेगी। बैठक में विशेष सचिव डॉ. नेहा अरोड़ा, अपर सचिव शशि प्रकाश सिंह, एनएचएम के प्रबंध निदेशक शशि प्रकाश झा, संयुक्त सचिव ललित मोहन शुक्ला, निदेशक प्रमुख डॉ. सिद्धार्थ सान्याल और एचएलएल के प्रतिनिधि मौजूद थे।

कैदियों की रिहाई पर झारखंड हाईकोर्ट सख्त, राज्य सरकार से मांगा जवाब

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय ने आधी अथवा एक-तिहाई सजा पूरी कर चुके कैदियों की रिहाई से संबंधित जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को प्रार्थी के सुझावों के आलोक में अपना जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी।

उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक एवं न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। सरकार की ओर से अधिवक्ता मो. शहाबुद्दीन ने पक्ष रखा। मामले को लेकर स्टेन स्वामी एवं अन्य की ओर से उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दाखिल की गई। मामले में राज्य सरकार की ओर से उपलब्ध कराई गई सॉफ्ट कॉपी रिपोर्ट पर याचिकाकर्ता ने अपना लिखित जवाब और सुझाव कोर्ट में पेश किया। यह रिपोर्ट राज्य की जेलों में बंद आधी या एक तिहाई सजा काट चुके करीब 1000 कैदियों से संबंधित थी।

रिम्स लैंड स्कैम केस में नगर निगम के कंप्यूटर ऑपरेटर रमन कुमार से एसीबी की पूछताछ शुरू

रांची। रिम्स लैंड स्कैम मामले की जांच कर रही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने नगर निगम के कंप्यूटर ऑपरेटर रमन कुमार को पूछताछ के लिए बुलाया है। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार, एजेंसी के अधिकारी रमन कुमार से पूछताछ शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, जमीन से जुड़े दस्तावेजों और ऑनलाइन रिकॉर्ड की जांच के सिलसिले में नगर निगम के कंप्यूटर ऑपरेटर को एसीबी कार्यालय तलब किया गया है। एसीबी मामले से जुड़े अभिलेखों (रिकॉर्ड्स) का मिलान कर रही है और यह पता लगाने में जुटी है कि दस्तावेजों में किसी प्रकार की हेराफेरी हुई थी या नहीं। जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि रिम्स रांची की जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री, कब्जा करने के मामले की जांच कर रही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने गत सात अप्रैल को जमीन दलाल सहित चार आरोपितों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपितों में रांची के ही सदर थाना क्षेत्र के दीपाटोली बांधगाड़ी का रहनेवाला राजकिशोर बड़ाईक , कार्तिक बड़ाईक, कोकर के आदर्श नगर में पावर सब स्टेशन के समीप रहने वाला राजेश कुमार झा तथा खूंटी के तोरपा थाना क्षेत्र के पाटपुर का रहने वाला चैतन कुमार शामिल है।

अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज का 14 को शपथ ग्रहण

रांची। अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज एवं ज्वेलर्स एसोसिएशन ने समाज के समग्र विकास तथा सराफा व्यवसायियों के हितों की रक्षा के उद्देश्य से 17 सूत्रीय संकल्प पत्र जारी किया है। संगठन द्वारा 14 जून को रेलवे स्टेशन के समीप स्थित होटल ब्लू शिवालिक में शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा, एवं पूर्व विधायक जय प्रकाश गुप्ता, उप महापौर माननीय नीरज कुमार, संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पृथ्वीपाल सिंह तथा राष्ट्रीय महामंत्री दीपक वर्मा सहित अनेक राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देने वाली आवाज बनीं अधिवक्ता सोनाली भट्टाचार्जी

रांची। भारतीय महिला वाणिज्य एवं उद्योग मंडल सामाजिक सुधार परिषद द्वारा आयोजित महिलाओं के अधिकार एवं सामाजिक स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन विषयक सम्मेलन में अधिवक्ता सोनाली भट्टाचार्जी ने महिला अधिकारों, समान अवसर और सामाजिक परिवर्तन के मुद्दों पर अपने विचार रखे। उनके संबोधन ने उपस्थित लोगों को महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक और प्रेरित किया। अपने वक्तव्य में सोनाली भट्टाचार्जी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि समाज के समग्र विकास की आधारशिला है। उन्होंने महिलाओं के संवैधानिक और कानूनी अधिकारों की चर्चा करते हुए कहा कि महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, नेतृत्व और निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी मिलना आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब महिलाओं को सम्मान और अवसर मिलते हैं, तब समाज और राष्ट्र दोनों मजबूत होते हैं। उन्होंने औद्योगिक और सामाजिक विकास में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि देश की प्रगति में महिलाओं का योगदान लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों को सकारात्मक भूमिका निभानी होगी। मोरहाबादी स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उनके विचारों को उपस्थित लोगों ने सराहा।

मांडर गैंगरेप कांड में नया खुलासा : युवती का लिव-इन पार्टनर गिरफ्तार, साजिश रचने का आरोप

प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची। मांडर के करगे गांव में 5 जून को 19 वर्षीय युवती के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में मांडर पुलिस को जांच के दौरान बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मामले में पीड़िता के लिव-इन पार्टनर संजीव उरांव उर्फ संजू उरांव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, करगे निवासी संजीव उरांव पिछले करीब दो वर्षों से पीड़िता के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा था। करीब डेढ़ माह पहले वह काम के सिलसिले में केरल चला गया था। जांच के दौरान पुलिस को ऐसे साक्ष्य मिले हैं, जिनसे संजीव की भी इस वारदात में संलिप्तता सामने आई है। पुलिस का दावा है कि पीड़िता से पीछा छुड़ाने के उद्देश्य से संजीव ने ही युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की साजिश रची थी। मामले की जांच में अब तक एक दर्जन युवकों की संलिप्तता की जानकारी मिली है। इस मामले में एक नाबालिग समेत नौ आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। वहीं संजीव उरांव की गिरफ्तारी के बाद मामले में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या बढ़ गई है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और अन्य संदिग्धों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।

रोटरी क्लब ऑफ रांची की ओर से निर्मित जल मंदिर का उद्घाटन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची। रांची विश्वविद्यालय परिसर स्थित सुभाष चौक के निकट रोटरी क्लब ऑफ रांची ने स्थायी पेयजल केंद्र ह्यजल मंदिरह्न का निर्माण कराया। इसका उद्घाटन 11 जून को रांची विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. (डॉ.) सरोज शर्मा ने किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) सरोज शर्मा ने कहा कि स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

रोटरी क्लब ऑफ रांची के निदेशक एवं पेयजल के दानदाता रमेश धरणीधारका ने बताया कि यह जल मंदिर अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है। इसके लिए 450 फीट गहरा समर्पित बोरवेल कराया गया है। जल आपूर्ति के लिए सोलर पैनल प्रणाली एवं सबमर्सिबल पंप लगाया गया है। शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वाटर प्यूरिफायर और वाटर कूलर की व्यवस्था की गई है।

इसमें स्वचालित जल भराव प्रणाली स्थापित की गई है, जिससे इसके संचालन के लिए प्रतिदिन किसी अतिरिक्त मानव संसाधन की आवश्यकता नहीं होगी। यह सुविधा विश्वविद्यालय परिसर के अंदर विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ बाहर से आने वाले आम नागरिकों को भी समान रूप से लाभान्वित करेगी। इस जनोपयोगी परियोजना का संपूर्ण रखरखाव भी रोटरी क्लब की ओर से किया जाएगा। कार्यक्रम में रांची यूनिवर्सिटी के प्रो डॉ पीके झा, कुलसचिव जीसी साहू, स्मृति सिंह, रोटरी क्लब ऑफ रांची के अध्यक्ष अमित अग्रवाल, सदस्य सुरेश साबू, शशि धरणीधारका, शशांक धरणीधारका, डॉ विनय ढनढनिया, हितेश भगत, मनीष रामसिसरिया, प्रकाश सरावगी, रश्मि अग्रवाल, मुदित धरणीधारका सहित अन्य उपस्थित थे।

आईसीएआई रांची शाखा का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 13 से

प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची। आईसीएआई की प्रोफेशनल डेवलपमेंट कमेटी के तत्वावधान में आईसीएआई रांची शाखा का राष्ट्रीय सम्मेलन 13 एवं 14 जून 2026 को होगा। इसका उद्घघाटन झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर करेंगे। इस सम्मेलन में देशभर से 800 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, कॉर्पोरेट प्रतिनिधि और विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवर विशेषज्ञ भाग लेंगे। आईसीएआई की रांची शाखा के अध्यक्ष सीए अनीश जैन एवं राष्ट्रीय सम्मेलन के कन्वेनर सीए जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि यह सम्मेलन ना केवल चार्टर्ड अकाउंटेंसी पेशे के नवीनतम आयामों पर प्रकाश डालेगा, बल्कि प्रतिभागियों को बदलते वैश्विक व्यावसायिक परिवेश में उभरते अवसरों से भी अवगत कराएगा। सम्मेलन के दौरान देश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ सीए जितेन्द्र कुमार पांडा, सीए शशांक अमरनाथ साह, सीए आशीष सचदेव तथा सीए मनीष कुमार अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। विभिन्न तकनीकी सत्रों में आईपीओ, वर्चुअल सीएफओ, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए वैश्विक अवसरों जैसे अत्यंत प्रासंगिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। सम्मेलन का एक विशेष आकर्षण आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायक सत्र होगा, जिसमें ब्रह्मचारी गौतमानंदा एवं ब्रह्मचारी सत्संगानन्दा जीवन की चुनौतियों के बीच कैसे खुश रहें विषय पर अपने विचार साझा करेंगे। 13 जून की संध्या को एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें इंडियन आइडल के विजेता एवं प्रसिद्ध पार्श्व गायक सलमान अली अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे।

सी-डैक और सरला बिरला विश्वविद्यालय के बीच सहयोग पर सहमति

प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची। सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक), पटना ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), साइबर सिक्योरिटी, एडवांस्ड और क्वांटम कंप्यूटिंग सहित समकालीन एवं अत्यंत महत्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्रों में सहयोग के लिए सरला बिरला विश्वविद्यालय (एसबीयू) के साथ करार करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में गुरुवार को सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सी. जगनाथन, कुलसचिव प्रो. श्रीधर डांडिन और सी-डैक के वैज्ञानिक एवं प्रतिनिधि अभिनव दीक्षित (सेंटर हेड) व साकेत कुमार झा के बीच विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के उपरांत दोनों संस्थानों के बीच सहयोगात्मक पहल को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी।

सी-डैक द्वारा देशभर के विभिन्न शैक्षणिक एवं शोध संस्थानों के साथ नवाचार, उन्नत प्रौद्योगिकी और उद्योग-केंद्रित विषयों पर सहयोग स्थापित किया जा रहा है। इसी क्रम में सरला बिरला विश्वविद्यालय का चयन किया गया है। इस साझेदारी के माध्यम से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को अत्याधुनिक तकनीकों के क्षेत्र में प्रशिक्षण, अनुसंधान, परियोजनाओं तथा कौशल विकास के नए अवसर प्राप्त होंगे। उल्लेखनीय है कि सी-डैक द्वारा संचालित केंद्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं उद्योगोन्मुखी अनुभव उपलब्ध कराया जाएगा। इससे छात्रों की रोजगार क्षमता में वृद्धि होने के साथ-साथ उन्हें राष्ट्रीय स्तर की तकनीकी परियोजनाओं से जुड़ने का अवसर भी मिलेगा।

विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक और राज्यसभा सांसद सह निदेशक (प्लानिंग एंड डेवलपमेंट) डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने इस सहमति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे विद्यार्थियों और विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सहयोग तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा।

वृद्धाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना ही उद्देश्य : डालसा

प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची। न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के निर्देश, सदस्य सचिव झालसा कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), रांची द्वारा संचालित 90 दिवसीय विधिक जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को रांची के चिरौंदी स्थित ओल्ड-एज होम में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डालसा के पैरा लीगल वॉलंटियर्स (पीएलवी) संगीता देवी और बंधु उरांव ने वृद्धाश्रम में रह रही वृद्ध महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाने वाली विधिक सहायता सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। पीएलवी ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) के सहयोग से वरिष्ठ नागरिकों और जरूरतमंद लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और पात्र लाभुकों को उनका लाभ दिलाना ही डालसा का मुख्य उद्देश्य है। इस दौरान वृद्ध महिलाओं को वृद्धावस्था पेंशन योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और इसके लाभों की जानकारी भी दी गई। साथ ही उन्हें बताया गया कि किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता या समस्या के समाधान के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार से निःशुल्क सहायता प्राप्त की जा सकती है।

डीसी ने दीदी कैफे का किया निरीक्षण, संचालन व्यवस्था सुदृढ़ करने के दिए निर्देश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

लोहरदगा। उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने दीदी कैफे कुडू का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का गुरुवार को जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैफे में आने वाले ग्राहकों की संख्या, किचन की स्थिति, साफ-सफाई, बर्तनों की उपलब्धता और अन्य आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन किया।

उपायुक्त ने कैफे परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से गतिविधियों की निगरानी व्यवस्था की जानकारी ली। इसे प्रभावी बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने शौचालय का भी निरीक्षण किया। नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा।

निरीक्षण के क्रम में इन्वर्टर एवं बोरिंग से संबंधित समस्याओं की जानकारी मिलने पर

संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कैफे संचालिकाओं ने बताया कि वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 4 हजार से 7 हजार रुपये तक की बिक्री हो रही है।

उपायुक्त ने कहा कि कैफे का संचालन व्यवस्थित ढंग से करना आवश्यक है। उन्होंने आवश्यकतानुसार स्टाफ की नियुक्ति करने, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा ग्राहकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने दीदियों को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि कैफे को एक सफल उद्यम के रूप में विकसित करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

साथ ही उन्होंने बिक्री और आय-व्यय का पारदर्शी लेखा-जोखा रखने के लिए बिलिंग प्रणाली विकसित करने का निर्देश दिया, ताकि किसी प्रकार की वित्तीय हानि न हो। कैफे का संचालन सुचारू रूप से किया जा सके। इस अवसर पर डीपीएम जेएसएलपीएस समेत दीदी कैफे की दीदियां उपस्थित थी।

लाभुकों तक समयबद्ध और पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करने पर जोर

जन वितरण प्रणाली की समीक्षा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

गढ़वा। उपायुक्त पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में जन वितरण प्रणाली एवं खाद्य सुरक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। इसमें अपर समाहर्ता विकास कुमार राय, जिला आपूर्ति पदाधिकारी देवानंद राम, जिले के सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, जनसेवक तथा संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं झारखंड

राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत जून, 2026 माह के खाद्यान्न उठाव, डोर-स्टेप डिलीवरी और वितरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी लाभुकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। वितरण प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए।

समीक्षा के क्रम में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत जुलाई से सितंबर, 2025 अवधि के नमक वितरण और सितंबर, 2025 के चना दाल वितरण की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शत-प्रतिशत पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें।

संक्षिप्त

मोबाइल चोर को किया गिरफ्तार

धनबाद। निरीक्षक प्रभारी अरबिन्द कुमार राम के नेतृत्व में संयुक्त गश्ती दल के द्वारा धनबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 8 के कतरास छोर से एक व्यक्ति को रेलयात्री का चोरित 1 मोबाइल के साथ पकड़ा गया।

लातेहार में पानी से भरे गड्ढे में डूबकर दो मासूम बहनों की मौत

लातेहार। जिले के बारियातू थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवाडीह गांव में गुरुवार को पानी से भरे गड्ढे में डूबने से दो चचेरी बहनों की मौत हो गई।मृतकों की पहचान कामेश्वर गंझू की पुत्री प्रियंका कुमारी (11)और मनोज गंझू की पुत्री संजू कुमारी (9) के रूप में हुई है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, ईंट निर्माण के लिए मिट्टी की खुदाई के बाद वहां बड़ा गड्ढा छोड़ दिया गया था, जो हाल की बारिश के कारण पानी से भर गया था। गुरुवार दोनों बच्चियां घर से खेलने निकली थीं। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। इसी दौरान ग्रामीणों को हगनीगढ़ा स्थित गड्ढे में दोनों बच्चियों के शव पड़े होने की सूचना मिली। सूचना पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शवों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। बाद में घटना की जानकारी मिलते ही बारियातू थाना प्रभारी रंजन कुमार पासवान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। इधर, ग्रामीणों ने अवैध रूप से गड्ढा खोदकर छोड़ने वाले व्यक्ति पर कार्रवाई करने की मांग की है।

सरयू राय ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

पूर्वी सिंहभूम। जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने गुरुवार को जन शिकायतों के आधार पर सोनारी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों का दौरा कर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। सबसे पहले उन्होंने सोनारी के कुम्हारपाड़ा में नगर विकास विभाग की ओर से निर्मित सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण में कई तकनीकी और गुणवत्ता संबंधी कमियां सामने आईं, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई।

एसटी/एससी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत 23 मामलों में सहायता राशि स्वीकृत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

गढ़वा। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक गुरूवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश द्वारा अधिनियम से संबंधित कुल 31 मामलों को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति के सदस्यों ने प्रत्येक मामले की विस्तृत एवं गहन समीक्षा की। सभी पहलुओं पर विचार-विमर्श के उपरांत सर्वसम्मति से 23 मामलों में अनुग्रह सहायता राशि के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वीकृत मामलों में सहायता राशि का भुगतान निर्धारित समयसीमा के भीतर

सुनिश्चित किया जाए, ताकि पीड़ितों एवं उनके आश्रितों को त्वरित राहत उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय के अधिकारों की रक्षा तथा उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया कि भुगतान हेतु स्वीकृत मामलों के लिए विभाग से आवंटन की मांग करें ताकि सभी पीड़ितों को उनके मुआवजा हेतु स्वीकृत राशि का भुगतान किया जा सके। साथ ही सभी पीड़ितों का बैंक अकाउंट डिटेल जमा करवाने का भी निर्देश दिया गया।बैठक में पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, तीनों अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि और समिति के अन्य गैर-सरकारी सदस्य उपस्थित रहे। समिति ने अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, पीड़ितों को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराने और लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए समन्वित प्रयासों पर भी बल दिया।

नदी की सफाई में जेसीबी के साथ-साथ श्रमिकों को भी लगाया गया

गढ़वा। जनसहभागिता एवं प्रशासनिक सहयोग से संचालित आपन सरस्वतिया अभियान के तहत गुरुवार को सरस्वतिया नदी की सफाई, डी-सिल्टिंग एवं पुनर्जीवन का कार्य जारी रहा। आज का अभियान पिपरा कला क्षेत्र में चलाया गया, जहां नदी के प्रवाह को सुचारू बनाने एवं नदी तटों की सफाई के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया गया। अभियान के दौरान रविंद्र विश्वकर्मा ने अपना ट्रैक्टर नि:शुल्क उपलब्ध कराकर अभियान में सराहनीय योगदान दिया। ट्रैक्टर की सहायता से नदी क्षेत्र से निकाले गए कचरे, गाद एवं अन्य अवरोधों के निष्पादन में काफी सुविधा हुई। स्थानीय युवाओं की इस प्रकार की सहभागिता से अभियान को नई ऊर्जा मिल रही है। अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अभियान में सहयोग करने वाले सभी नागरिकों, समाजसेवियों एवं युवाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ह्लआपन सरस्वतियाह्व अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि लोगों का बढ़ता जुड़ाव है। प्रतिदिन समाज के विभिन्न वर्गों से लोग स्वेच्छा से आगे आकर सहयोग कर रहे हैं, जिससे यह अभियान एक जनआंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर चुका है।

केक काटकर लालू प्रसाद यादव का 79वां जन्मदिन मनाया

धनबाद। जिला राष्ट्रीय जनता दल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की 79वां जन्मदिन केक काटकर मनाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। उनकी लंबी उम्र की भी कामना की गई।

राजद नेता हातिम अंसारी ने बताया कि लालू प्रसाद यादव की जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। उन्होंने दलित, अल्पसंख्यक वर्ग के लिए हमेशा लड़ाई लड़ी। उनका हक और अधिकार दिलाने का काम किया। मौके पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, जिला अध्यक्ष राघवेंद्र यादव, हातिम अंसारी, गुलशन खातून, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार समेत पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उपायुक्त ने सेंट्रलाइज्ड किचेन एवं डायट का किया निरीक्षण

लोहरदगा। उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने गुरुवार को चीरी स्थित अन्नामृता फाउंडेशन द्वारा संचालित सेंट्रलाइज्ड किचेन एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया! संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सेंट्रलाइज्ड किचेन पहुंचकर खाद्यान्न भंडारण, भोजन निर्माण एवं वितरण व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने फाउंडेशन के प्रबंधक को नियमित रूप से खाद्यान्न का स्टॉक रजिस्टर संधारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) से प्राप्त होने वाले खाद्यान्न की आगत एवं प्रतिदिन उपयोग की जाने वाली मात्रा की नियमित प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बच्चों को उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने और सभी मानकों का अनुपालन करने का भी निर्देश दिया। इसके उपरांत उपायुक्त ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों के प्रशिक्षण से संबंधित व्यवस्थाओं, संस्थान की क्षमता तथा पुस्तकालय का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक को अनुमंडल पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर डायट भवन के प्रथम तल पर रखे बेंच-डेस्क एवं अन्य अनुपयोगी सामानों को शीघ्र हटाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने डायट परिसर स्थित छात्रावास का भी निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने, पुराने एवं जर्जर ढांचों को हटाने और बाथरूमों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास के बाथरूम, रसोईघर एवं पेयजल व्यवस्था का भी निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

वनभूमि हस्तांतरण में अड़चन नहीं, मानगो नगर निगम ने नहीं किया विधिवत आवेदन : सरयू

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

पूर्वी सिंहभूम। विधायक सरयू राय ने गुरुवार को पूर्वी सिंहभूम वन प्रमंडल के प्रभागीय वन पदाधिकारी (डीएफओ) सबा आलम अंसारी से बातचीत कर मानगो क्षेत्र की लंबित सड़क और फ्लाईओवर परियोजनाओं की स्थिति की जानकारी ली। बातचीत के दौरान डीएफओ ने स्पष्ट किया कि वन विभाग आवश्यक भूमि हस्तांतरण के लिए तैयार है, लेकिन मानगो नगर निगम की ओर से अब तक परिवेश पोर्टल पर विधिवत आवेदन प्रस्तुत

नहीं किया गया है। डीएफओ ने बताया कि पायल सिनेमा के सामने सड़क चौड़ीकरण से संबंधित प्रस्ताव के लिए वन विभाग की ओर से नगर निगम को दो बार आवेदन प्रक्रिया पूरी करने के लिए स्मरण कराया जा चुका है। इसके बावजूद अब तक आवश्यक आवेदन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि इसी कारण परियोजना में विलंब हो रहा है और जनता को होने वाली असुविधा के लिए मानगो नगर निगम की कार्यशैली जिम्मेदार है।

ब्राउन शुगर के साथ छह तस्कर गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

देवघर। पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतरराज्यीय और अंतरजिला ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। जसीडीह थाना क्षेत्र में की गई छापेमारी के दौरान एक महिला सहित छह शातिर नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके पास से 76.19 ग्राम ब्राउन शुगर, 63 हजार रुपये नकद और छह मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर को 10 जून को गुप्त सूचना मिली थी कि जसीडीह स्टेशन के समीप रुइया धर्मशाला के पीछे खुले मैदान में कुछ लोग ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री के लिए एकत्र हुए हैं। सूचना के सत्यापन के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर छह लोगों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपितों के पास से 76.19 ग्राम ब्राउन शुगर, 63 हजार रुपये नकद, छह मोबाइल फोन और नशीले पदार्थों की पैकिंग में प्रयुक्त सामग्री बरामद की गई। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि मुख्य सरगना गुल मोहम्मद उर्फ चाचा और इस्माइल अंसारी उर्फ राजू खान रेल और अन्य माध्यमों से ब्राउन शुगर देवघर लाकर स्थानीय नेटवर्क के जरिए इसकी बिक्री करते थे।

छापेमारी के कुछ घंटों बाद ही तेलमच्चो घाट पर फिर शुरू हुआ अवैध बालू खनन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

धनबाद। नदियों से बालू उठाव पर 10 जून से एनजीटी की रोक लागू हो चुकी है और धनबाद का खनन विभाग लगातार कार्रवाई भी कर रहा है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जब छापेमारी के कुछ ही घंटों बाद उसी घाट पर फिर से अवैध खनन और बालू का भंडारण शुरू हो जाए, तो ऐसी कार्रवाई कितनी प्रभावी साबित हो रही है। धनबाद के तेलमच्चो घाट में कुछ ऐसा ही देखने को मिला, जहां खनन विभाग की कार्रवाई के बाद भी बालू माफियाओं ने दोबारा अपना कारोबार शुरू कर दिया। अब खुद खनन विभाग भी मान रहा है कि स्थानीय प्रशासन और पुलिस के सक्रिय सहयोग के बिना

अवैध खनन पर पूरी तरह रोक लगाना संभव नहीं है। मानसून और नदी के पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा को लेकर एनजीटी हर वर्ष 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदियों से बालू उठाव पर प्रतिबंध लगाती है। प्रतिबंध लागू होते ही धनबाद खनन विभाग की टीम माइनिंग इंस्पेक्टर श्यामानंद सिंह और ब्रह्मदेव यादव के नेतृत्व में कार्रवाई के लिए निकली। इस दौरान बरटांड़ बस स्टैंड के समीप धैया रोड पर बालू लदे दो वाहनों को जब्त कर धनबाद थाना के सुपुर्द कर दिया गया। इसके बाद टीम तेलमच्चो बालू घाट पहुंची, जहां प्रतिबंध के बावजूद दामोदर नदी से ट्रैक्टरों के जरिए बालू का अवैध खनन जारी था। खनन विभाग की टीम को देखते ही अवैध खनन कर रहे लोग ट्रैक्टरों की चाबी लेकर मौके से फरार हो गए। लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि विभागीय कार्रवाई के कुछ ही घंटों बाद तेलमच्चो घाट पर फिर से अवैध बालू खनन और भंडारण शुरू हो गया। इससे यह सवाल खड़ा हो गया है कि आखिर बालू माफियाओं के हौसले इतने बुलंद क्यों हैं। माइनिंग इंस्पेक्टर श्यामानंद सिंह ने बताया कि पुलिस बल की मदद से अवैध भंडारण के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ करने का आदेश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

लोहरदगा। उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, कुडू का निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक एवं आधारभूत व्यवस्थाओं का गुरुवार को जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में उपलब्ध सुविधाओं और छात्राओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

उपायुक्त ने विद्यालय में विद्युत आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा करते हुए कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल को शीघ्र ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालय में स्थापित सीसीटीवी कैमरों, कक्षाओं एवं किचेन का निरीक्षण किया तथा किचेन में तैयार भोजन और निर्धारित मेनू की जांच की। इस दौरान उन्होंने भोजन की

गुणवत्ता एवं स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने स्टोर रूम की सुरक्षा व्यवस्था का भी अवलोकन किया। आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने विद्यालय में स्थापित आरओ प्रणाली के खराब होने की जानकारी मिलने पर उसे अविलंब ठीक कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने विद्यालय परिसर एवं कक्षाओं में साफ-सफाई की स्थिति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन से साफ-सफाई कार्य में लगे कर्मियों की संख्या की जानकारी ली तथा नियमित और प्रभावी साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विद्यालय परिसर में विकसित बगीचे एवं उगाई जा रही सब्जियों का भी अवलोकन किया। इसकी सराहना की। उन्होंने परिसर में निमार्णाधीन शौचालय का निरीक्षण कर निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को विद्यालय की सभी आवश्यक सुविधाओं को दुरुस्त रखने तथा छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक एवं आवासीय वातावरण उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, वार्डन व अन्य उपस्थित थे।

पुलिस ने चार साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

देवघर। साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर जिले में संदिग्ध साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए गए छापेमारी अभियान में पुलिस ने चार आरोपितों को धर दबोचा। उनके पास से 07 मोबाइल फोन और 06 सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपितों में कमरूद्दीन अंसारी (21), अब्दुल करीम अंसारी (30), समीर अंसारी (21) और वसीम अंसारी (21) शामिल हैं। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि

आरोपित फर्जी रूप से फ्लिपकार्ट, अमेजन, फोनपे कस्टमर केयर और एयरटेल पेमेंट बैंक के अधिकारी बनकर लोगों को झांसे में लेते थे। इसके बाद विभिन्न बहानों से मोबाइल पर एपीके फाइल भेजकर उसका एक्सेस प्राप्त कर लेते थे और बैंक खातों से ठगी की घटनाओं को अंजाम देते थे। तकनीकी जांच के दौरान बरामद मोबाइल नंबरों और आईएमईआई नंबरों का विश्लेषण किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों में दर्ज साइबर ठगी की शिकायतों से इनके संबंध सामने आए हैं। जांच में यह भी पता चला कि गिरफ्तार आरोपित समीर अंसारी पूर्व में भी साइबर अपराध के मामले में जेल जा चुका है।

एसआईआर को लेकर झामुमो ने बूथ स्तरीय कार्यशाला का किया आयोजन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

दुमका। झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से बूथ स्तरीय कार्यशाला का आयोजन गुरूवार को कन्वेंशन सेंटर में हुआ। कार्यशाला का आयोजन जिला अध्यक्ष शिव कुमार बास्की के अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यशाला में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कार्यकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यशाला में सांसद नलिन सोरेन, दुमका विधायक बसंत सोरेन, जामा विधायक लुईस मरांडी और शिकारीपाड़ा विधायक आलोक सोरेन सहित पार्टी के प्रदेश महासचिव बिनोद पांडेय और पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना और मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को लेकर कार्यकताओं को जागरूक करना था। कार्यशाला को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान किसी भी पात्र मतदाता का नाम वोटर लिस्ट से नहीं कटना चाहिए। इसके लिए बूथ स्तर के कार्यकताओं को पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ काम करने का निर्देश दिया गया। नेताओं ने कार्यकताओं से मतदाताओं के बीच जाकर आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देने और पुनरीक्षण प्रक्रिया पर नजर रखने की अपील की। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि लोकतंत्र में हर वोट की अहम भूमिका होती है और किसी भी योग्य मतदाता का नाम सूची से हटना नहीं चाहिए। इसी उद्देश्य से पार्टी बूथ स्तर तक कार्यकताओं को प्रशिक्षित कर रही है। जिससे पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान कार्यकताओं से बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान पर नजर बनाए रखने और प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। इस अवसर पर जामा विधायक डॉ लुईस मरांडी ने कहा कि एसआईआर के मैपिंग-अनमैपिंग को लेकर कार्यकताओं को जागरूक करने को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उन्होंने चुनाव आयोग के कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि आयोग टूलस के रूप में उपयोग हो रहे है। देश में अराजकता फैलाना चाहते है।

पूर्व मंत्री ने फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल का किया निरीक्षण

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

दुमका। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने गुरुवार को फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति पर गहरी नाराजगी जताई। अस्पताल में दवाइयों की कमी, अल्ट्रासाउंड सेवा में अव्यवस्था, विभिन्न विभागों में संसाधनों की कमी तथा अडानी ऑक्सीजन प्लांट बंद रहने के मुद्दे को लेकर उन्होंने राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग को कटघरे में खड़ा किया। निरीक्षण के दौरान शाही ने कहा कि फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल की स्थापना और विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल की नींव उनके कार्यकाल में रखी गई थी और इसका उद्देश्य संथाल परगना के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था। लेकिन आज अस्पताल की स्थिति देखकर उन्हें काफी दुख और निराशा हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को समय पर दवाइयां नहीं मिल रही हैं, कई आवश्यक जांच सेवाएं प्रभावित हैं और स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

संक्षिप्त

धातकीडीह में खुद को आग लगाने वाले बुर्जुग की इलाज के दौरान मौत

पूर्वी सिंहभूम। बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के धातकीडीह तालाब के समीप गुरुवार दोपहर खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने वाले 70 वर्षीय अब्दुल सत्तार खान की इलाज के दौरान मौत हो गई। गंभीर रूप से झुलसे अब्दुल सत्तार खान को घटना के तुरंत बाद एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां चिकित्सकों के प्रयास के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। स्थानीय लोगों के अनुसार कपाली के गौसनगर निवासी अब्दुल सत्तार खान ने गुरुवार दोपहर धातकीडीह तालाब के पास स्वयं पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी। आग लगने से वह लगभग 100 प्रतिशत तक झुलस गए थे। स्थानीय लोगों की सूचना पर उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उनकी हालत अत्यंत गंभीर बनी हुई थी। अस्पताल में चिकित्सकों की टीम लगातार उनका उपचार कर रही थी, लेकिन शरीर का अधिकांश हिस्सा जल जाने के कारण उनकी स्थिति में सुधार नहीं हो सका। इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। परिजनों ने बताया कि अब्दुल सत्तार खान लंबे समय से अस्थमा की बीमारी से जूझ रहे थे। उनकी पत्नी का पहले ही निधन हो चुका था और वह अपनी बेटी के साथ रह रहे थे। परिवार के सदस्यों के अनुसार पिछले कुछ समय से उनकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी, जिसके कारण वह काफी परेशान रहते थे। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल में जुटी हुई है।

सरना स्थल और जाहेर थान के लिए पूजन सामग्री का वितरण

धनबाद। सिंदरी विधायक चन्द्रदेव महतो की उपस्थिति में गुरुवार को कल्याण विभाग के निर्देश पर बलियापुर प्रखंड सभागार में जाहेर थान और सरना स्थल के लिए पूजन सामग्री आपूर्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत बलियापुर प्रखंड के ग्राम पंचायत परसबनियां सहित 04 जाहेर थानों के मांझी हड़ाम के बीच धार्मिक अनुष्ठानों के लिए वस्त्र, बर्तन सहित अन्य सभी आवश्यक पूजन सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर अपर समाहर्ता विनोद कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बलियापुर) प्रभास चन्द्र दास, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी (बीपीआरओ) मो आलम, क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर मंत्री ने किया स्थल निरीक्षण

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

देवघर। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की देवघर जिला कमिटी की आगामी 13 जून को आयोजित होने वाले बूथ कमिटी एवं बीएलए-2 प्रशिक्षण सह सम्मेलन की तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यक्रम में पार्टी के केंद्रीय नेताओं के शामिल होने की संभावना को देखते हुए गुरुवार को कार्यक्रम स्थल खिजुरिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन, जिला अध्यक्ष संजय कुमार शर्मा, केंद्रीय सदस्य परिमल सिंह, वरिष्ठ नेता सुरेश शाह, नगर अध्यक्ष प्रदीप चौधरी और पार्टी नेत्री टिप चैटर्जी सहित कई नेताओं ने स्थल का जायजा लिया। इस दौरान कार्यक्रम की तैयारियों और आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। जिला अध्यक्ष संजय कुमार शर्मा ने बताया कि 13 जून को आयोजित प्रशिक्षण शिविर में पार्टी के बूथ स्तर के कार्यकताओं को संगठनात्मक जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही बीएलए-2 के लिए चयनित कार्यकताओं को भी उनकी जिम्मेदारियों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत बनाना तथा कार्यकताओं को आवश्यक प्रशिक्षण देना है, ताकि वे पार्टी की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित कर सकें। मौके पर झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य नंदकिशोर दास, मनोज दास, विजय दास, दीपक दास, प्रकाश पांडेय, मृत्युंजय राउत, महादेव पासवान, लड्डू नरोने, विपिन यादव, नारायण मंडल सहित कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

त्रिशानु राय की पहल रंग लाई, संत जेवियर्स बालिका विद्यालय तक सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम जिला के कांग्रेस प्रवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता त्रिशानु राय के प्रयासों के बाद संत जेवियर्स बालिका विद्यालय, चाईबासा तक पहुंच मार्ग निर्माण की दिशा में प्रशासनिक पहल शुरू हो गई है। जिला योजना पदाधिकारी ने ग्रामीण कार्य विभाग को तकनीकी स्वीकृति के लिए प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया है। जानकारी के अनुसार, विद्यालय तक पहुंचने में छात्राओं और स्थानीय ग्रामीणों को लंबे समय से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को लेकर त्रिशानु राय ने जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला योजना कार्यालय ने लुपुंगुटू मुख्य पथ से संत जेवियर्स बालिका विद्यालय तक सड़क निर्माण के लिए आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। जारी निर्देश में संबंधित विभाग को स्थल निरीक्षण कर तकनीकी प्रतिवेदन, जियो-टैग्ड फोटोग्राफ, लॉन्गिट्यूड-लैटीट्यूड विवरण तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ शीघ्र प्राक्कलन उपलब्ध कराने को कहा गया है, ताकि योजना को प्रशासनिक स्वीकृति देकर निर्माण कार्य शुरू किया जा सके। सड़क निर्माण होने से विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। विशेषकर बरसात के मौसम में आने-जाने में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। इसके अलावा आसपास के ग्रामीणों और अभिभावकों को भी बेहतर संपर्क मार्ग का लाभ मिलेगा। इस संबंध में त्रिशानु राय ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विकास समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है। उन्होंने जनहित और छात्रहित से जुड़े इस मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन के इस निर्णय का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि सभी औपचारिकताएं जल्द पूरी कर सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

महापौर ने एम्स निदेशक से की मुलाकात, स्वास्थ्य सुविधाओं पर हुई चर्चा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

देवघर। देवघर के महापौर रबि राउत ने गुरुवार को एम्स देवघर के निदेशक प्रो डॉ नितिन एम गंगेन से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान ब्लड बैंक की उपलब्धता, आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था और आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। महापौर रबि राउत ने कहा कि यह एक औपचारिक मुलाकात थी, लेकिन इसके साथ ही कुछ महत्वपूर्ण जनहित के विषयों पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के लोगों को बेहतर और सुविधाजनक स्वास्थ्य सेवाएं कैसे उपलब्ध कराई जा सके, इस पर विशेष रूप से बात की गई। महापौर ने एम्स, देवघर की स्वास्थ्य व्यवस्था और संचालन की सराहना करते हुए कहा कि निदेशक के मार्गदर्शन में संस्थान उत्कृष्ट कार्य कर रहा है और मरीजों का सरल और व्यवस्थित तरीके से उपचार किया जा रहा है। महापौर ने बताया कि एम्स निदेशक ने स्वास्थ्य सेवाओं में मौजूद किसी भी कमी को दूर करने का आश्वासन दिया है, ताकि क्षेत्र के लोगों को और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने विश्वास जताया कि नगर निगम और एम्स के बीच समन्वय से स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा।

राजद जिला कमिटी ने मनाया लालू प्रसाद का जन्मदिन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

देवघर। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के जन्मदिन के अवसर पर जिला राजद कमिटी ने केक काटकर जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने बाबा बैद्यनाथ से उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों और राहगीरों के बीच मिठाइयों का वितरण किया गया और खुशी प्रकट की गई। राजद जिला अध्यक्ष फणी भूषण यादव ने केक काटने के बाद उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए लालू प्रसाद यादव के जनहितकारी कार्यों और समाज के वंचित एवं पिछड़े वर्गों के उत्थान में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। मौके पर राजद के मीडिया प्रभारी प्रमोद यादव ने कहा कि लालू प्रसाद यादव गरीबों, शोषितों और वंचितों की आवाज रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता उनके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए बाबा बैद्यनाथ से प्रार्थना कर रहे हैं। इस अवसर पर भूतनाथ यादव, प्रमोद यादव, विनोद यादव, संजय मंडल, मनोरंजन यादव, जमील अंसारी, शिवनारायण रामानी, राम लखन यादव, सुशीला यादव, अनिल यादव, कुंदन कुमार यादव सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बंदगांव में आम बिक्री स्टॉल का शुभारंभ, दीदी किसानों को मिलेगा बेहतर बाजार

चाईबासा (बंदगांव)। पश्चिमी सिंहभूम के बंदगांव प्रखंड मे बंदगांव बाजार टांड़ बस स्टैंड परिसर में मंगलवार को झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के सहयोग से आम बिक्री स्टॉल का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्या जोसफिन हंमसाय, प्रखंड विकास पदाधिकारी भीष्म कुमार एवं बंदगांव पंचायत के मुखिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बंदगांव के चिकित्सा प्रभारी, स्वास्थ्य विभाग की टीम, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, जेएसएलपीएस के कर्मी तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत उत्पादित फलों के लिए किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना तथा महिला किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करना है। आम बिक्री स्टॉल का संचालन बंदगांव किसान आजीविका महिला संकूल संगठन द्वारा किया जा रहा है। स्टॉल में आम्रपाली, लंगड़ा, हिमसागर, बॉम्बे ग्रीन, गुलाब खास और अल्फांसो सहित विभिन्न किस्मों के ताजे एवं गुणवत्तापूर्ण आम बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। उद्घाटन के दौरान अतिथियों ने स्टॉल का निरीक्षण कर इस पहल की सराहना की और विपणन व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के सुझाव दिए। उद्घाटन के बाद अतिथियों, प्रखंड कर्मियों, जेएसएलपीएस के कर्मचारियों तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक आम की खरीदारी की। यह पहल न केवल स्थानीय उत्पादकों को बाजार उपलब्ध कराने में सहायक साबित होगी, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और आजीविका संवर्धन को भी नई दिशा देगी।

ट्रैकर स्टैंड रोड पर बिखरा कचरा, दुकानदारों और राहगीरों में नाराजगी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

देवघर। नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं, लेकिन इसका असर जमीनी स्तर पर दिखाई नहीं दे रहा है। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों और सड़कों पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। हल्की बारिश के बाद जमा कचरे से उठने वाली दुर्गंध ने स्थानीय लोगों और राहगीरों की परेशानी और बढ़ा दी है। गुरुवार को ट्रैकर स्टैंड जाने वाली सड़क पर भी ऐसी ही स्थिति देखने को मिली, जहां सड़क पर जगह-जगह कचरा बिखरा पड़ा था। लोग उसी गंदगी के बीच से आवागमन करने को विवश दिखे। इसी मार्ग पर पशु अस्पताल स्थित है और बड़ी संख्या में बाहर से आने वाले श्रद्धालु भी बाबा मंदिर जाने के लिए इसी रास्ते का उपयोग करते हैं। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि सड़क किनारे फल सहित अन्य सामान बेचने वाली कुछ महिलाएं सड़े-गले फल और अन्य कचरे को एक स्थान पर छोड़ देती हैं। हवा चलने पर यही कचरा आसपास की दुकानों और सड़क पर फैल जाता है, जिससे क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध की समस्या बनी रहती है। स्थानीय नागरिक संजय वाजपेयी, नरोत्तम सिंह और गौतम तिवारी ने कहा कि यदि नगर निगम प्रतिदिन सड़क किनारे जमा कचरे का नियमित उठाव कराए तो यह समस्या काफी हद तक समाप्त हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि श्रद्धालुओं को बाबा मंदिर जाने के लिए ऐसे गंदे रास्ते से होकर गुजरना पड़ रहा है। नगर निगम को तत्काल संज्ञान लेकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करनी चाहिए।

एनजीटी की रोक के बाद भी अवैध बालू खनन जारी, छापेमारी में दो वाहन जब्त

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

धनबाद। मानसून को देखते हुए राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) ने 10 जून से नदियों से बालू उठाव पर देशभर में रोक लगा दी है। इसके बावजूद धनबाद में अवैध बालू खनन का कारोबार बेखौफ जारी है। गुरुवार को तड़के खनन विभाग की टीम ने सुरक्षा बलों के साथ विभिन्न इलाकों में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान बिना वैध परमिट के बालू लदे दो वाहनों को जब्त किया गया, जबकि तेलमच्चो घाट पर अवैध खनन करते मिले धंधेबाज टीम को देखकर फरार हो गए। खनन विभाग की टीम माइनिंग इंस्पेक्टर श्यामानंद सिंह और ब्रह्मदेव यादव के नेतृत्व में सुबह निरीक्षण पर निकली। सबसे पहले बरटांड़ बस स्टैंड के समीप धैया रोड पर बालू लदे दो 407 वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान दोनों वाहनों के चालकों द्वारा बालू परिवहन से संबंधित कोई वैध परमिट प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसके बाद जेएच-10 एटी-8754 और जेएच-10 बीजे-7449 नंबर के दोनों वाहनों को जब्त कर धनबाद थाना के सुपुर्द कर दिया गया। जब्त वाहनों से करीब 400 सीएफटी बालू बरामद किया गया। इसके बाद टीम तेलमच्चो बालू घाट पहुंची, जहां प्रतिबंध के बावजूद दामोदर नदी से ट्रैक्टरों के माध्यम से बालू निकाला और लोड किया जा रहा था। खनन विभाग की टीम को देखते ही अवैध धंधेबाज ट्रैक्टरों की चाबी लेकर मौके से फरार हो गए। टीम ने मौके पर अवैध खनन के प्रमाण जुटाए और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। एनजीटी की रोक के बावजूद दिनदहाड़े हो रहे अवैध खनन ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस तरह से नदी घाटों पर खुलेआम बालू निकासी जारी है, उससे अवैध कारोबारियों के बढ़े हुए मनोबल का अंदाजा लगाया जा सकता है। अब सवाल यह है कि आखिर किसकी शह पर यह अवैध कारोबार संचालित हो रहा है और संबंधित विभाग इस पर प्रभावी अंकुश लगाने में कब तक सफल हो पाएगा। फिलहाल खनन विभाग ने कार्रवाई तेज करने का दावा किया है, लेकिन प्रतिबंध के बावजूद जारी अवैध खनन प्रशासनिक निगरानी और कानून के पालन पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान योजना शिविर के लिए 15 मरीजों का चयन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

पलामू। झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान योजना के तहत गुरुवार को हरिहरगंज प्रखंड सभागार में विशेष स्वास्थ्य और सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न गंभीर और असाध्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें योजना का लाभ दिलाने की प्रक्रिया पूरी की गई। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अजीत कुमार की उपस्थिति और चिकित्सक डॉ अरविंद कुमार के नेतृत्व में आयोजित शिविर में कुल 15 मरीजों को योजना के लिए चिन्हित किया गया। चयनित लाभुकों को उनकी बीमारी के अनुरूप उपचार के लिए सरकार की ओर से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अजीत कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराना है। योजना के माध्यम से मरीजों को इलाज के लिए वित्तीय सहायता की जाती है, जिससे महंगे उपचार का आर्थिक बोझ कम होता है और जरूरतमंद परिवारों को राहत मिलती है। शिविर के दौरान मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया गया। साथ ही योजना के लिए आवश्यक दस्तावेजों, आवेदन प्रक्रिया और पात्रता संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई गई।

स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दरकार

संपादकीय

जवाबदेही का सवाल

देश में महंगाई एक बार फिर आम लोगों की सबसे बड़ी चिंता बनकर उभरी है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी के बाद घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़ना इस बात का संकेत है कि आर्थिक संकट का असर अब सीधे हर घर की रसोई तक पहुंच चुका है। बढ़ती कीमतों के कारण सबसे अधिक परेशानी उन परिवारों को हो रही है जिनकी आय सीमित है और जिनका मासिक बजट पहले से ही दबाव में है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और होर्मुज जलमार्ग पर पैदा हुई अनिश्चितता का प्रभाव वैश्विक ऊर्जा बाजार पर पड़ना स्वाभाविक है। भारत जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर हैं, इस संकट से अछूते नहीं रह सकते। लेकिन सवाल यह है कि क्या केवल अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का हवाला देकर बढ़ती महंगाई की जिम्मेदारी से बचा जा सकता है? जनता यह जानना चाहती है कि संभावित संकट की आशंका के बावजूद सरकार ने ऐसे कौन से प्रभावी कदम उठाए, जिनसे आम लोगों पर पड़ने वाले बोझ को कम किया जा सके। रसोई गैस की कीमतों में कुछ ही महीनों के भीतर दूसरी बार वृद्धि यह दर्शाती है कि आवश्यक वस्तुओं की लागत लगातार बढ़ रही है। इसका सीधा असर घरेलू बजट पर पड़ता है। एक ओर सरकार उज्ज्वला जैसी योजनाओं के माध्यम से स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर गैस की बढ़ती कीमतें गरीब और निम्न आय वर्ग के परिवारों को फिर से पारंपरिक ईंधन की ओर लौटने के लिए मजबूर कर सकती हैं। यह स्थिति न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी चिंता का विषय है। सरकार का यह तर्क कि भारत में एलपीजी की कीमतें अन्य देशों की तुलना में कम हैं, आम लोगों की पीड़ा को कम नहीं कर सकता। किसी भी नागरिक के लिए महत्वपूर्ण यह नहीं है कि दूसरे देशों में कीमतें क्या हैं, बल्कि यह है कि उसकी अपनी आय के अनुपात में खर्च कितना बढ़ रहा है। जब वेतन और रोजगार के अवसर उसी गति से नहीं बढ़ रहे हों, तब महंगाई का हर नया झटका लोगों की परेशानियों को और गहरा कर देता है। यह भी एक महत्वपूर्ण प्रश्न है कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल और गैस की कीमतें घटती हैं, तब उपभोक्ताओं को उसका पूरा लाभ क्यों नहीं मिलता। यदि कीमतों में वृद्धि का कारण वैश्विक बाजार है, तो कमी आने पर राहत भी उसी अनुपात में मिलनी चाहिए। यह पारदर्शिता और जवाबदेही का विषय है, जिस पर लंबे समय से बहस होती रही है। महंगाई को केवल आर्थिक आंकड़ों के आधार पर नहीं समझा जा सकता। यह लोगों की जीवनशैली, उनकी बचत, बच्चों की शिक्षा और परिवार की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। इसलिए सरकार के लिए आवश्यक है कि वह केवल कीमतों में वृद्धि को अपरिहार्य बताने के बजाय राहत के ठोस उपायों पर ध्यान दे। ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को बढ़ावा देना, आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाना और कमजोर वर्गों को अतिरिक्त सहायता प्रदान करना समय की मांग है।

रवि शंकर

देश में आज भी जरूरत के मुकाबले पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। यही वजह है कि आबादी का बड़ा हिस्सा अब भी स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है। अस्पतालों और चिकित्सकों की उपलब्धता भी जनसंख्या घनत्व के हिसाब से बहुत कम है। सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं, आधारभूत संरचना, चिकित्सकों, कमरों, दवाइयों, कुशल और प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ तथा दूसरी सुविधाओं की कमी है। इन्हीं अभावों के बीच निजी स्वास्थ्य क्षेत्र को विस्तार करने का मौका मिल गया, जिसका गरीब लोगों से कोई वास्ता नहीं। स्वास्थ्य सेवा किसी भी देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति का महत्त्वपूर्ण मापदंड है, क्योंकि बिना स्वस्थ समाज के किसी भी देश का आर्थिक, औद्योगिक और सांस्कृतिक विकास संभव नहीं है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में स्वास्थ्य सेवाओं का क्षेत्र लगातार सुधार और विस्तार का केंद्र रहा है। आज इसे मजबूत बनाने की जरूरत है। हालांकि, अभी भी हमें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इन चुनौतियों के समाधान के लिए सरकार काम तो कर रही है, फिर भी स्वास्थ्य क्षेत्र में स्थिति दयनीय बनी हुई है। यही वजह है कि हर साल करोड़ों भारतीय इलाज पर बेतहाशा खर्च के कारण आर्थिक रूप से बबार्दी के कगार पर पहुंच जाते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अस्पतालों के भारी-भरकम बिल भरने की वजह से भारत में हर साल करीब छह करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। ऐसे लोग इलाज के लिए भारी कर्ज लेते हैं। इसका प्रमुख कारण सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं तक लोगों की पहुंच नहीं होना है। असली भारत गांव में बसता है, लेकिन यह दुखद ही है कि गांव के लोगों की सेहत का खयाल रखने वाले चिकित्सा केंद्र आज भी बदतर हैं। शहरों में निजी अस्पतालों की भरमार है। ये महंगे जरूर हैं, लेकिन आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। वहीं गांवों में सरकारी अस्पताल भी दूरदराज स्थित हैं और वहां योग्य चिकित्सकों की भी कमी है। ग्रामीण भारत की लगभग 70 फीसद आबादी केवल 30 फीसद चिकित्सकों पर निर्भर है।

भारत में प्रति एक हजार लोगों पर केवल आठ चिकित्सक उपलब्ध हैं। स्वास्थ्य सेवाएं कितनी सुलभ हैं, इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि भारत में केवल 30 फीसद लोग ही किसी न किसी प्रकार के स्वास्थ्य बीमा से सुरक्षित हैं। बाकी लोग बीमारी की स्थिति में जेब से खर्च करने पर मजबूर होते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेषज्ञों की काफी कमी देखी जाती है। ऐसे में शहर और गांव के बीच एक ऐसी खाई बन गई है, जिसका परिणाम भविष्य में काफी भयावह हो सकता है। भले ही देश में तरक्की के कितनी भी दावे किए जाएं, पर गांव में करीब 60 से 70 फीसद चिकित्सा विशेषज्ञों की कमी होना अपने आप में कई सवाल खड़े करता है। ऐसे में भारत स्वस्थ कैसे बनेगा? यह एक बड़ा सवाल है। भले ही सरकार हर साल स्वास्थ्य सेवाओं पर करोड़ों रुपए का बजट पेश करती है, लेकिन आज भी देश की स्वास्थ्य सेवाएं सवालों के घेरे में हैं। जबकि शिक्षा और स्वास्थ्य दो ऐसे क्षेत्र हैं, जिससे मानव संसाधन को बेहतर बनाया जा सकता है।

> *भारत में प्रति एक हजार लोगों पर केवल आठ चिकित्सक उपलब्ध हैं। स्वास्थ्य सेवाएं कितनी सुलभ हैं, इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि भारत में केवल 30 फीसद लोग ही किसी न किसी प्रकार के स्वास्थ्य बीमा से सुरक्षित हैं। बाकी लोग बीमारी की स्थिति में जेब से खर्च करने पर मजबूर होते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेषज्ञों की काफी कमी देखी जाती है। ऐसे में शहर और गांव के बीच एक ऐसी खाई बन गई है, जिसका परिणाम भविष्य में काफी भयावह हो सकता है। भले ही देश में तरक्की के कितनी भी दावे किए जाएं, पर गांव में करीब 60 से 70 फीसद चिकित्सा विशेषज्ञों की कमी होना अपने आप में कई सवाल खड़े करता है। ऐसे में भारत स्वस्थ कैसे बनेगा? यह एक बड़ा सवाल है। भले ही सरकार हर साल स्वास्थ्य सेवाओं पर करोड़ों रुपए का बजट पेश करती है, लेकिन आज भी देश की स्वास्थ्य सेवाएं सवालों के घेरे में हैं। जबकि शिक्षा और स्वास्थ्य दो ऐसे क्षेत्र हैं, जिससे मानव संसाधन को बेहतर बनाया जा सकता है।*

अमर्त्य सेन का कहना है कि उदारीकरण के लिए चाहे जितने भी क्षेत्र खोल दें, शिक्षा और स्वास्थ्य दो ऐसे क्षेत्र हैं जिसे हर हाल में सरकारी क्षेत्र में ही होने चाहिए। मगर इस सलाह पर कभी ध्यान नहीं दिया गया। कनाडा, डेनमार्क, स्वीडन, नार्वे, जर्मनी, ब्रिटेन, जापान और आस्ट्रेलिया जैसे देशों में दुनिया की सबसे अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। दूसरी ओर, भारत जैसी बड़ी आबादी वाले देश में बिना ज्यादा पैसे खर्च किए अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पाती हैं। जाहिर है, आबादी लगातार बढ़ने के बावजूद आधारभूत ढांचे में सुधार पर अब तक जितना ध्यान देना चाहिए था, उतना नहीं दिया गया। विचित्र बात है कि जब देश में इन समस्याओं से निपटने के लिए सभी जरूरी संसाधन मौजूद हैं, तो व्यवस्था दुरुस्त क्यों नहीं की जा रही है। हालांकि राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की घोषणा और क्रियान्वयन से यह उम्मीद जगी थी कि भारत की तस्वीर बदल जाएगी, परंतु ऐसा नहीं हुआ।

भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। मगर आश्चर्य है कि यह अपनी कुल जीडीपी का करीब दो फीसद हिस्सा भी स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च नहीं करता है। यह इतनी बड़ी आबादी वाले देश के लिए ऊंट के मुंह में जीरे के सामान है। यह ठीक है कि आयुष्मान भारत योजना जैसे सरकारी कार्यक्रमों ने करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की है, मगर आज भी इसका आधा-अधूरा फायदा ही आम लोगों को मिल पाता है। साफ है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में दूसरे विकासशील देशों की बराबरी के लिए हमें काफी कुछ करना होगा। अमर्त्य सेन भी लगातार जोर देते रहे हैं कि भारत में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए किसी एकीकृत कार्ययोजना की सख्त जरूरत है। उनका मानना है कि आर्थिक प्रगति के साथ-साथ सामाजिक प्रगति भी उतनी ही जरूरी है। यदि हम चीन के साथ आर्थिक विकास की तुलना करें, तो उसके आर्थिक विकास का बहुत बड़ा कारण उसका स्वास्थ्य एवं शिक्षा में निवेश करना रहा है। अपने नागरिकों को विश्व की स्पर्धा में आगे लाने के लिए भारत को आगे बढ़ना होगा। फिक्की के एक सर्वे के मुताबिक 65 फीसद भारतीय महंगे इलाज के कारण कर्ज के जाल में फंस जाते हैं। इनमें से तीन फीसद तो ऐसे हैं, जो बीमारी पर खर्च की वजह से गरीबी रेखा से नीचे चले जाते हैं।

इतना ही नहीं देश में बीमारी पर होने वाला 61 फीसद खर्च जेब से दिया जाता है। यानी इसके लिए न तो कोई बीमा होता है और न कोई दूसरी लोक कल्याणकारी योजना। वहीं हमारा देश दिल, गुर्दे और श्वास रोगों का घर बनता जा रहा है। मधुमेह के लिए तो उसे विश्व की राजधानी ही कहा जाने लगा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सर्वे में यह बात सामने आई है कि 15 से 49 वर्ष आयु के पुरुषों में दिल की बीमारी मौत का प्रमुख कारण बन रही है। यह ठीक है कि देश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और केंद्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र पर खर्च की जाने वाली राशि का बजट में लगातार प्रावधान बढ़ाया जा रहा है, लेकिन स्वास्थ्य के क्षेत्र में जितनी उपलब्धता होनी चाहिए, उतनी अभी भी नहीं हो पाई है। दरअसल, किसी भी देश के लिए उसके नागरिकों का स्वास्थ्य एक बड़ी पूंजी होता है। यदि देश के निवासी स्वस्थ हैं, तो वहां की सरकार राष्ट्र की सुरक्षा और शिक्षा सहित अन्य महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में निवेश एवं प्रगति पर ध्यान दे सकती है। देश में स्वास्थ्य संरचना, उपचार, परीक्षण और शोध पर निरंतर कार्य करने की आवश्यकता है, ताकि सबके स्वास्थ्य का सपना साकार हो सके और हमारे देश को इस मानव पूंजी का सार्वभौमिक लाभ प्राप्त हो सके।

– लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।

स्कूल बैग से ज्यादा भारी है सामाजिक अपेक्षाओं का बोझ

अतुल मौर्य

यह दुनिया किताबों की भाषा नहीं बोलती। यहां आवाज का तेज होना असंस्कार माना जाता है, हँसी की ऊँचाई मापी जाती है। एक ओर कक्षा में शिक्षिका कहती हैं: बेटा, बोलो, संकोच मत करो ; दूसरी ओर घर में दादी टोकती हैं: इतनी जोर से हँसते नहीं, लड़की हो। यही वह अदृश्य विभाजन रेखा है जिसे हम प्रायः दैनंदिन जीवन की सामान्यता मानकर अनदेखा कर जाते हैं। समाज अब लड़कियों की पढ़ाई का उस तरह विरोध नहीं करता जैसा कभी करता था। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण) के अनुसार देश में 15-24 वर्ष की आयु की महिलाओं में साक्षरता दर 90 प्रतिशत तक पहुँच गई है यह निस्संदेह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। किंतु इस स्वीकार्यता की परतों के नीचे भी एक अदृश्य रेखा खिंची रहती है। मार्च 2025 में बिहार के दानापुर की खुशबू कुमारी की कहानी पूरे देश ने देखी, जिसने कक्षा 10 में 500 में से 399 अंक लाए, पर परिवार ने विज्ञान की जगह कला वर्ग में दाखिला दिलाया। खुशबू डॉक्टर बनना चाहती थीं। यह कोई अपवाद नहीं है। उच्च शिक्षा की अखिल भारतीय सर्वेक्षण रिपोर्ट 2022-23 के आँकड़े बताते हैं कि उच्च शिक्षा में लड़कियों का नामांकन अनुपात बढ़ा है, परंतु इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी और कंप्यूटर विज्ञान में उनकी उपस्थिति अभी भी एक-तिहाई से कम है। शिक्षण, परिचर्या और मानविकी, ये क्षेत्र इसलिए सामाजिक रूप से मान्य हैं क्योंकि इनमें देखभाल और सेवा का भाव दिखता है और समाज स्त्री को इन्हीं भावों से जोड़कर देखने का आदी है।

अभियांत्रिकी, न्यायशास्त्र, राजनीति, रक्षा-सेवाएँ या वैज्ञानिक शोध जैसे क्षेत्रों में जाने वाली लड़कियाँ अभी भी सामाजिक कल्पनाशीलता की परिधि से बाहर हैं। जो इन क्षेत्रों की ओर जाती हैं, उन्हें प्रत्यक्ष प्रतिबंध से अधिक सूक्ष्म असहजताओं से गुजरना पड़ता है जैसे कि सेना में जाओगी, फिर शादी कौन करेगा? या वकालत में घर कब संभालोगी? जैसे प्रश्न उनके सपनों को यथार्थ की कसौटी पर बार-बार परखते हैं। धीरे-धीरे लड़की स्वयं भी यह आत्मसात करने लगती है कि उसके सपनों की एक सामाजिक सीमा है। उसे आगे बढ़ने की स्वतंत्रता है परंतु केवल उतनी, जितनी से स्थापित सामाजिक संरचना असहज न हो। शिक्षाशास्त्री प्रो. कृष्ण कुमार की दृष्टि में समाज स्त्री को केवल विधि-निषेधों से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक संकेतों की एक सूक्ष्म भाषा से गढ़ता है। पहनावा, चाल, आवाज का आरोह-अवरोह इत्यादि, ये सब मिलकर एक अघोषित पाठ्यक्रम रचते हैं। इसकी अभिव्यक्ति कभी-कभी बेहद ठोस होती है। दिल्ली के कुछ विश्वविद्यालयों में एक शोध के दौरान छात्राओं से पूछा गया कि वे कक्षा में प्रश्न पूछने से क्यों हिचकती हैं। उत्तर चौंकाने वाले थे कि लड़के हँसते हैं, प्राध्यापक सीरियसली नहीं लेते, घर में माँ कहती हैं ज्यादा बोलना अच्छा नहीं। ये तीनों उत्तर तीन अलग-अलग दुनियाओं से आए थे परंतु एक ही निष्कर्ष पर मिलते थे : तुम्हारी आवाज का एक निर्धारित दायरा है। शायद इसीलिए बहुत-सी लड़कियां कम आयु में ही दो भिन्न संसारों के बीच एक अदृश्य सेतु बनाना सीख लेती हैं। विद्यालय में वे आत्मविश्वास से बोलती हैं, घर में संयम धारण करती हैं। वे जानती हैं कि किस परिसर में कितनी हँसी स्वीकार्य है, और कहाँ मौन ही समझदारी है। मनोविज्ञान इस प्रक्रिया को कोड-स्विचिंग कहता है। कोड-स्विचिंग वह मानसिक श्रम है जो व्यक्ति को एक संदर्भ से दूसरे संदर्भ में जाते ही अपना व्यवहार, भाषा और अभिव्यक्ति बदलनी पड़ती है। यह श्रम अदृश्य है, थकाने वाला है, और अनिवार्यतः असमान क्योंकि यह लड़कियों से ही अपेक्षित है, लड़कों से नहीं। तथापि परिवर्तन की धारा रुकती नहीं। बिहार सरकार द्वारा चलाई गई साइकिल योजना के द्वारा साइकिल मिलने के बाद जब लड़कियाँ पाँच किलोमीटर दूर के माध्यमिक विद्यालय जाने लगीं, तो पाँच वर्षों में राज्य की बाल विवाह दर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज हुई। यह शोध अमेरिकन इकोनॉमिक जर्नल : अप्लाईड इकोनॉमिक्स में प्रकाशित हुआ। एक साइकिल ने केवल दूरी नहीं घटाई; उसने लड़की के लिए एक समय का स्वामित्व दिया, एक स्वतंत्रता दी। प्रत्येक पीढ़ी में कुछ लड़कियां निर्धारित सीमाओं को थोड़ा और पीछे धकेलती हैं। झारखंड की मरियम, जिसने घर वालों के विरोध के बाद भी कानून की पढ़ाई जारी रखी और आज अपने जिले की पहली महिला वकील है, वह किसी आंदोलन की देन नहीं है; वह उस छोटी बातचीत की देन है जो उसकी माँ ने एक रात उसके पिता से की थी। बदलाव हमेशा बड़े आंदोलनों से नहीं आता, वह अक्सर घरों के भीतर होने वाली उन छोटी-छोटी बातचीतों से उगता है जो खामोशी को तोड़ती हैं। शिक्षा का वास्तविक अर्थ मनुष्य को केवल आजीविका के योग्य बनाना नहीं, बल्कि उसे अपने जीवन के बारे में सोचने, प्रश्न करने और चुनाव करने की क्षमता से लैस करना है। विद्यालय जाने वाली लड़कियाँ प्रतिदिन लौटती हैं। परंतु उनके साथ जो प्रश्न लौटते हैं; वे प्रश्न जिन्हें वे कक्षाओं में नहीं पूछ सकतीं, जो उनके मन की गहराई में सुलगते रहते हैं, उन्हें समाज सुनने की कोशिश नहीं करता। अब समय आ गया है कि हम उनकी परीक्षाओं के अंकों से अधिक, उनके अनुभवों को पढ़ना सीखें।

– लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।

आज का पंचांग

दैनिक पंचांग

12 जून 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह	स्थिति
सूर्य	वृष में
चंद्र	मेष में
मंगल	मेष में
बुध	मिथुन में
गुरु	कर्क में
शुक्र	कर्क में
शनि	मीन में
राहु	कुंभ में
केतु	सिंह में

राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक

लग्नारंभ समय	
मिथुन	05.31 बजे से
कर्क	07.44 बजे से
सिंह	10.01 बजे से
कन्या	12.12 बजे से
तुला	14.23 बजे से
वृश्चिक	16.38 ब.से
धनु	18.54 बजे से
मकर	20.59 बजे से
कुंभ	22.45 बजे से
मीन	00.18 बजे से
मेष	01.49 बजे से
वृष	03.29 बजे से

शुक्रवार 2026 वर्ष का 163 वा दिन
दिशाशूल पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म।
विक्रम संवत् 2083 **शक संवत्** 1948
मास ज्येष्ठ **पक्ष** कृष्ण
तिथि द्वादशी 19.37 बजे को समाप्त।
नक्षत्र अश्विनी 06.29 बजे तदनन्तर भरणी 04.06 बजे रात्र को समाप्त।
योग अतिगण्ड 21.26 बजे को समाप्त।
करण कौलव 09.11 बजे तदनन्तर तैतिल 19.37 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 24.2 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 23° 08'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872738
जूलियन दिन 2461203.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447
महीना जिल्हेज **तारीख** 26
विशेष प्रदोष व्रत।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
चर	05.55 से	07.23 बजे तक	रोग	05.38 से	07.1 बजे तक
लाभ	07.23 से	08.51 बजे तक	काल	07.11 से	08.43 बजे तक
अमृत	08.51 से	10.19 बजे तक	लाभ	08.43 से	10.15 बजे तक
काल	10.19 से	11.47 बजे तक	उद्वेग	10.15 से	11.47 बजे तक
शुभ	11.47 से	01.15 बजे तक	शुभ	11.47 से	01.19 बजे तक
रोग	01.15 से	02.43 बजे तक	अमृत	01.19 से	02.51 बजे तक
उद्वेग	02.43 से	04.10 बजे तक	चर	02.51 से	04.23 बजे तक
चर	04.10 से	05.38 बजे तक	रोग	04.23 से	05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

---

शब्द पहेली - 8889



बाएँ से दाएँ

1. दर्द से निकली कराह-2
2. ओट, चिलमन-3
4. जरा, थोड़ा-2
6. कपड़े की दीवार-3
7. निर्माण-3
8. झगड़ा, अनबन-3
9. गहन-3
10. लाज, लज्जा-3
11. रनिवास-3
13. 500 कागजों की गड्डी-2
14. विश्राम, राहत-3
15. थोड़ा-2
16. एक कीमती लकड़ी-3
17. कैनाल, उपनदी-3
18. बूंद-3
19. मृत्युंजय-3
20. मेघ, बदरा-3
21. सम्राट, राजा-3
23. संपत्ति-2
24. विष, गरल-3
25. औषधि-2

ऊपर से नीचे

1. अग्नि, अनल-2
2. आश्रय, शरण-2
3. लीन, मगन-2
4. कूड़ा-कर्कट-3
5. इंकार-2
6. लेखनी, पेन-3
7. करुणा, दया-3
8. कर्म, भाग्य-3
9. उष्ण-3
10. भद्र, कुलीन-3
11. अवैध, नाजायज-3
12. युद्ध, रण-3
14. आश्रय-3
15. जलजला-3
16. ठंडा-3
17. नमस्कार, प्रणाम-3
18. कद्र, मान-3
19. जो कभी वृद्ध नो हो-3
20. चील, ईगल-2
21. पथ, मार्ग-2
22. इस पर रोटी सेंकते हैं-2

शब्द पहेली -8888 का हल

र	व		ह	सी	न		रा	य
न	हा	ना		मा	र	ना		म
	र	च	ना		क	पा	स	
सा		ना	का	रा		क	र	ना
व	ध		म	ह	री		ल	य
न	र	म		त	स	ला		क
	ती	स	रा		ना	य	क	
रा		का	य	र		क	हा	नी
ह	त्या		ता	म	स		र	म

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

सुडोकू

सूडोकु नवताल- 7823

★★★★☆ मध्यम

4			9		6	1		8
6	8							
	1	7	3	8		4		
3	4		6		7			9
5		1	8			2		7
2			5		1		8	4
		3		7	5	8	6	
							9	5
7		6	2		8			1

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7822 का हल

2	9	8	3	5	6	1	7	4
4	5	3	2	1	7	9	8	6
7	1	6	4	8	9	2	5	3
8	2	5	6	9	1	3	4	7
3	6	4	7	2	5	8	1	9
1	7	9	8	3	4	5	6	2
5	4	1	9	7	2	6	3	8
6	3	2	1	4	8	7	9	5
9	8	7	5	6	3	4	2	1

दर्शकों को फिल्म की कमाई या बजट से कोई लेना-देना नहीं होना चाहिए

रणबीर कपूर की फिल्म 'रामायण' और महेश बाबू की 'वाराणसी' जैसी बड़ी फिल्मों की काफी चर्चा है। लोग इन फिल्मों की कहानी से ज्यादा इनके करोड़ों रुपये के बजट को लेकर बातें कर रहे हैं। मशहूर अभिनेता मनोज बाजपेयी ने इस बात पर नाराजगी जताई है और दर्शकों को समझाया है कि उन्हें फिल्म की कमाई या बजट से कोई लेना-देना नहीं होना चाहिए।

बजट बताना सिर्फ पब्लिसिटी का एक तरीका है

एक खबर के अनुसार, मनोज बाजपेयी से जब पूछा गया कि 'रामायण' और 'वाराणसी' जैसी फिल्मों के मेकर्स उनके भारी-भरकम बजट का इतना प्रचार क्यों कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि यह सब पब्लिसिटी स्टंट का एक जरिया है। पिछले 15 साल से फिल्मों को हिट दिखाने के लिए इस तरीके का इस्तेमाल किया जा रहा है। मनोज बाजपेयी ने दर्शकों को समझाने के लिए कहा, 'यह बीमारी इतनी बढ़ गई है कि एयरपोर्ट पर मिलने वाले आम लोग भी मुझसे फिल्मों की कमाई के आंकड़े पूछने लगते हैं। मैं उन्हें टोकता हूं कि यह पैसा आपके बैंक खाते में नहीं आ रहा है। दर्शकों का फिल्म से सिर्फ इतना नाता होना चाहिए कि उन्हें फिल्म पसंद आई या नहीं। मेकर्स जिस 500-600 करोड़ रुपये की बात करते हैं, उससे दर्शकों का कोई फायदा नहीं होता। फिल्म का बिजनेस सिर्फ निर्माता का काम है।'

नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे महंगी फिल्म मानी जा रही है, जिसका बजट 4,000 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इस फिल्म में रणबीर कपूर (भगवान राम), साई पल्लवी (सीता), सनी देओल (हनुमान), रवि दुबे (लक्ष्मण) और यश (रावण) के किरदार में नजर आएंगे। इसका पहला भाग इसी साल दिवाली पर रिलीज हो होगा।

एसएस राजामौली के निर्देशन में बन रही फिल्म 'वाराणसी' का बजट लगभग 1,400 करोड़ रुपये है। इसमें महेश बाबू मुख्य भूमिका में हैं और प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म से साउथ में वापसी कर रही हैं। खास बात यह है कि यह पूरी तरह से आईमैक्स फॉर्मेट पर शूट होने वाली भारत की पहली फिल्म होगी।

माही विज ने 'सहर होने को है' शो से कहा अलविदा

टीवी एक्ट्रेस माही विज ने टीवी शो 'सहर होने को है' को अलविदा कह दिया है। इस मौके पर उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसने फैंस का दिल छू लिया। खास बात यह है कि इस पोस्ट पर उनके एक्स पति जय भानुशाली ने भी कमेंट किया। माही विज ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह अपने मेकअप रूम के दरवाजे के पास नजर आ रही हैं। इस दौरान उनके चेहरे पर भावुकता साफ दिखाई दे रही है। तस्वीर के साथ, उन्होंने कैप्शन में लिखा, ''आज मैं इस किरदार, इस कमरे और इस पूरे सफर को अलविदा कह रही हूं और अपने साथ अनगिनत खूबसूरत यादें लेकर जा रही हूं। इस किरदार को पर्दे पर जीवंत बनाने का हर पल मेरे लिए बेहद खास रहा। हर सीन, हर इमोशन और हर दिन मेरे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया था। यह अनुभव मैं हमेशा अपने दिल में संजोकर रखूंगी और इसे कभी नहीं भूलूंगी।''

अपने पोस्ट में माही ने उन सभी लोगों का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने इस सफर में उनका साथ दिया। उन्होंने निर्देशक, निर्माता, क्रिएटिव टीम, साथी कलाकारों, तकनीकी कर्मचारियों और चैनल से जुड़े सभी लोगों के प्रति आभार जताया। माही ने लिखा, ''इन सभी लोगों के सहयोग, मार्गदर्शन और विश्वास ने मेरे सफर को यादगार बना दिया। अगर पूरी टीम का साथ और भरोसा न मिलता, तो मैं इस किरदार को इतनी खूबसूरती से नहीं निभा पातीं।''

माही ने अपने लोकप्रिय किरदार 'कौसर' का भी खास जिक्र किया। उन्होंने कहा, ''अब जब मैं जिंदगी में आगे बढ़ रही हूं, तब भी इस किरदार की यादें हमेशा मेरे साथ रहेंगी। मुझे कौसर की बहुत याद आएगी, क्योंकि इस किरदार ने मुझे दर्शकों के दिलों तक पहुंचाने में मदद की है। मैं दर्शकों का धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने मेरे इस किरदार को प्यार और अपनापन दिया। यह मेरे लिए किसी पुरस्कार से कम नहीं है।''

पोस्ट के आखिर में माही ने लिखा, ''यह मेरी जिंदगी का एक बेहद खूबसूरत अध्याय था और मैं इस सफर को हमेशा याद रखूंगी।''

माही की इस पोस्ट पर सबसे ज्यादा ध्यान जय भानुशाली के कमेंट ने खींचा। जय ने कमेंट में ताली बजाने वाला इमोजी भेजा और माही का हौसला बढ़ाया। इसके जवाब में माही ने भी हार्ट इमोजी भेजकर उनका आभार व्यक्त किया। इसी साल जनवरी में माही विज और जय भानुशाली ने अपनी 14 साल पुरानी शादी खत्म करने की घोषणा की थी। दोनों ने बयान जारी करते हुए बताया था कि हमने किसी विवाद की जगह शांति और सम्मान का रास्ता चुना है। भले ही हमारी जिंदगी की राहें अब अलग हो गई हों, लेकिन हम हमेशा एक-दूसरे का सम्मान करेंगे और जरूरत पड़ने पर साथ खड़े रहेंगे।

एलियन- अर्थ 2 का हिस्सा बनना खास

अभिनेता आदर्श गौरव ने रिडले स्कॉट की फिल्म 'एलियन अर्थ' में स्लाइटली के किरदार के लिए खूब प्रशंसा बटोरी। अब अभिनेता इस साइंस फिक्शन शो के आगामी दूसरे सीजन में भी वही भूमिका निभाएंगे और जल्द ही शूटिंग के लिए रवाना होने वाले हैं। दूसरे सीजन में पीटर डिंकलेज के शामिल होने से इसको लेकर लोगों का उत्साह और भी बढ़ गया है। आदर्श ने एमी पुरस्कार विजेता इस अभिनेता की जमकर तारीफ की है।

शूटिंग के बाद भी यह मन में रहता है

नोआ हॉली द्वारा निर्मित और दिग्गज फिल्म निर्माता रिडले स्कॉट द्वारा कार्यकारी निर्मित 'एलियन: अर्थ' स्कॉट की प्रतिष्ठित एलियन फिल्मों का स्पिन-ऑफ है। पहले सीजन में आदर्श ने स्लाइटली उर्फ आरुष की भूमिका निभाई, जो मनुष्य और मशीन का एक हाइब्रिड है। आदर्श गौरव ने कहा कि 'एलियन: अर्थ' के सीजन 2 में वापसी करना बेहद खास लगता है। स्लाइटली एक ऐसा किरदार है जो शूटिंग खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक मेरे मन में बसा रहा, क्योंकि उसकी इमोशनली जटिलता और ट्विस्ट ने मुझे दीवाना बना दिया। नोआ हॉली और रिडले स्कॉट द्वारा निर्मित दुनिया में उसे और गहराई से जानने का अवसर मिलना एक अभिनेता के रूप में रोमांचक और बेहद संतोषजनक है।

शूटिंग के लिए निकले आदर्श

'एलियन: अर्थ' में सिडनी चैंडलर, एलेक्स लॉथर, एस्सी डेविस, सैमुअल ब्लेंकिन और बाबौ सीसे मुख्य भूमिका में हैं, जबकि टिमोथी ओलिवेंट एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आते हैं। सीजन 2 में गेम ऑफ थ्रोन्स के मशहूर अभिनेता पीटर डिंकलेज की एंट्री होती है, जिससे एलियन यूनिवर्स का विस्तार होता है। आदर्श ने आगे कहा कि इस अनुभव को वास्तव में उल्लेखनीय बनाने वाली बात यह है कि मुझे एक टेलेंटेड एक्टर्स के साथ इस लोकप्रिय यूनिवर्स का हिस्सा बनने का मौका मिला। पीटर डिंकलेज, टिमोथी ओलिवेंट और पूरी टीम जैसे कलाकारों के साथ काम करना आपको हर दिन क्रिएटिव रूप से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। मैं जून के पहले वीक में शूटिंग के लिए निकल रहा हूं और उसके तुरंत बाद शूटिंग शुरू हो जाएगी। इस सीजन को लेकर काफी उत्सुकता है, क्योंकि इसमें कहानी कहने का तरीका और भी महत्वाकांक्षी हो गया है।

2025 में आया था पहला सीजन

'एलियन: अर्थ' सीजन 1 का प्रीमियर अगस्त 2025 में भारत में जियोहॉटस्टार पर हुआ था। डिज्नी ने घोषणा की कि 'एलियन: अर्थ' के पहले एपिसोड को स्ट्रीमिंग के पहले छह दिनों में ही दुनिया भर में 9.2 मिलियन व्यूज मिले। इस शो को क्रिटिक्स से भी सराहना मिली। दूसरे सीजन की शूटिंग चल रही है, लेकिन रिलीज डेट की घोषणा अभी नहीं की गई है।

'तू या मैं' में नजर आए थे आदर्श गौरव

बॉलीवुड में आदर्श गौरव को आखिरी बार बेजॉय नाम्बियार की सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म 'तू या मैं' में देखा गया था। इस फिल्म में शनाया कपूर प्रमुख भूमिका में नजर आई हैं। फरवरी में रिलीज हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही।

'स्वयंभू' के लिए 45 दिन की कड़ी ट्रेनिंग के बाद योद्धा जैसे बने निखिल

निखिल सिद्धार्थ की आगामी फिल्म 'स्वयंभू' लगातार चर्चा में बनी हुई है। टीजर और पहले गीत 'रा रा धीवरा' के बाद अब निर्माताओं ने फिल्म का एक बिहाइंड द सीन्स वीडियो जारी किया है, जिसमें निखिल के योद्धा में बदलने की तैयारी दिखाई गई है। निखिल के जन्मदिन के अवसर पर जारी इस वीडियो में एक्टर 45 दिनों की विशेष ट्रेनिंग लेते नजर आ रहे हैं। वीडियो में वह अंतरराष्ट्रीय स्टंट विशेषज्ञों के साथ एक्शन सीन्स की तैयारी करते दिखाई देते हैं। फिल्म के लिए उन्होंने तलवारबाजी, युद्ध कौशल और शारीरिक प्रशिक्षण पर विशेष मेहनत की है। यह फिल्म एक ऐतिहासिक-एक्शन ड्रामा है, जिसकी कहानी भारतीय इतिहास और पौराणिक परंपराओं से प्रेरित बताई जा रही है। फिल्म का आधार सेंगोल है, जिसे न्याय, धर्म और सत्ता के प्रतीक के रूप में जाना जाता है। हालांकि फिल्म किसी वास्तविक घटना का सीधा चित्रण नहीं होगी, बल्कि सेंगोल से प्रेरित एक कालखंड और योद्धा की कहानी प्रस्तुत करेगी। फिल्म का निर्देशन भरत कृष्णमाचारी ने किया है। टेक्निकल टीम में कई बड़े नाम शामिल हैं।

लेकिन भाषाएं सीखना रोमांचित करता है

बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी वाघ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में उन्हें एक ऐसी महिला का किरदार निभाने का मौका मिला, जो उनकी अपनी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से काफी अलग है, जिसके चलते उन्हें नई भाषा और संस्कृति को समझना पड़ा। अपने इस अनुभव को उन्होंने आईएएनएस संग साझा किया। आईएएनएस से बात करते हुए शरवरी वाघ ने कहा, ''घर में मैं मराठी भाषा बोलती हूं और मेरी परवरिश पूरी तरह मराठी संस्कृति के बीच हुई है। ऐसे में एक पंजाबी महिला का किरदार निभाना मेरे लिए एक नया और दिलचस्प अनुभव था।'' शरवरी ने कहा, ''भाषाएं हमेशा से मुझे आकर्षित करती रही हैं। मेरा मानना है कि भारत जैसे देश में कलाकारों के लिए सीखने और समझने के अवसर कभी खत्म नहीं होते। यहां इतनी सारी भाषाएं और संस्कृतियां हैं कि हर नया किरदार किसी नई दुनिया का दरवाजा खोल देता है। एक अभिनेता के लिए सिर्फ डायलॉग बोलना ही काफी नहीं होता, बल्कि उस भाषा की भावना, उसके लहजे और उससे जुड़ी संस्कृति को समझना भी जरूरी होता है।'' अभिनेत्री ने कहा, ''भले ही मैं नई भाषाएं सीखने को लेकर उत्साहित रहती हूं, लेकिन मेरी मातृभाषा मराठी आज भी मेरे दिल के सबसे करीब है। जब भी मुझे किसी सीन के लिए भावनात्मक रूप से खुद को तैयार करना होता है या किसी खास एहसास से जुड़ना होता है, तो मैं अक्सर मराठी गाने सुनती हूं। मराठी भाषा के शब्द मेरे दिल को सबसे गहराई से छूते हैं।'' शरवरी ने कहा, 'अपनी जड़ों से जुड़ा रहना और साथ ही नई चीजें सीखना, दोनों ही जरूरी हैं। महाराष्ट्र से होने का एक फायदा यह भी मिला कि मुझे दूसरी भाषाओं को समझने और अपनाने में आसानी हुई। भारत की कई भाषाएं एक-दूसरे से किसी न किसी रूप में जुड़ी हुई हैं। यही वजह है कि नई भाषा सीखने की प्रक्रिया मेरे लिए मुश्किल के बजाय आनंददायक रही।'

हॉरर-कॉमेडी और सुपरनैचुरल तत्वों के इर्द-गिर्द बुनी गई है गोलमाल 5 की कहानी

रोहित शेट्टी की कॉमेडी फ्रेंचाइज 'गोलमाल' की पांचवीं किस्त को लेकर इंडस्ट्री में चर्चाएं तेज हैं। फिल्म अभी बनने की प्रोसेस में है लेकिन प्रोडक्शन और क्रू से जुड़े सूत्रों के हवाले से इसके शेड्यूल, स्टारकास्ट, कहानी और किरदारों से जुड़ी कई अहम जानकारियां सामने आई हैं। खास जानकारी के मुताबिक, इस बार फिल्म में अक्षय की एंट्री सबसे बड़ा आकर्षण होगी, वहीं कहानी हॉरर-कॉमेडी और सुपरनैचुरल तत्वों के इर्द-गिर्द बुनी गई है।

मुंबई में अगला बड़ा शेड्यूल शुरू होने की तैयारियां चल रही हैं

फिल्म का करीब 80 से 85 प्रतिशत हिस्सा मुंबई के स्टूडियो और अलग-अलग लोकेशंस पर शूट हो रहा है। एक्टर्स को उनके किरदारों के हिसाब से 10 से 15 दिन के स्लॉट में बुलाया जा रहा है। पहला प्रमुख शेड्यूल ऊटी में पूरा हो चुका है, जहां कुछ गानों और पैचवर्क की शूटिंग की गई। इसके अलावा गोवा भी फिल्म की कहानी का अहम हिस्सा रहेगा। जुलाई से अगला बड़ा शेड्यूल शुरू होगा।

अक्षय का किरदार फिल्म में तमिलनाडु के 'बादशाह' के रूप में दिखाया जाएगा

फिल्म में अक्षय कथित तौर पर मुख्य विलेन या एंटी-हीरो की भूमिका में नजर आ सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, उनका किरदार 'हाउसफुल 4' के चर्चित 'बाला' अवतार से प्रेरित हो सकता है। कहानी में इस किरदार को तमिलनाडु की पृष्ठभूमि वाले 'बादशाह' नाम से पेश किए जाने की चर्चा है। अक्षय और अजय देवगन-अरशद वारसी की गैंग के बीच एक बड़ा एक्शन-कॉमेडी सीक्वेंस पहले ही शूट किया जा चुका है, जिसे फिल्म का प्रमुख आकर्षण माना जा रहा है।

शरमन जोशी इस बार अजय देवगन नहीं अक्षय की टीम का होंगे हिस्सा

पहली 'गोलमाल' के बाद फ्रेंचाइज से अलग हुए शरमन जोशी इस बार वापसी कर रहे हैं। वे अपने पुराने किरदार और उसी पहचान के साथ कहानी में लौटेंगे। हालांकि इस बार उनका झुकाव गोपाल की टीम के बजाय अक्षय के किरदार की तरफ दिख सकता है, जिससे कहानी में नया संघर्ष पैदा होगा।

बच्ची के रोल के लिए नई चाइल्ड आर्टिस्ट हुई कास्ट

'गोलमाल अगेन' की हॉरर-कॉमेडी सफलता के बाद रोहित शेट्टी उसी जॉनर को ही नए अंदाज में आगे बढ़ा रहे हैं। कहानी एक ऐसी बच्ची के इर्द-गिर्द घूमेगी, जिसके पास रहस्यमयी शक्तियां आ जाती हैं। इस रोल के लिए किसी स्टारकिड को न चुनकर मुंबई से बाहर की एक नई बाल कलाकार को चुना गया है।

रोहित के कॉप यूनिवर्स से रणवीर सिंह के भी कैमियो की है चर्चा

परिणीति चोपड़ा इस बार प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं हैं। तबु की मौजूदगी को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। वहीं अजय अपने क्लासिक 'गोपाल' लुक में ही नजर आएंगे। फिल्म में रोहित के कॉप यूनिवर्स से रणवीर सिंह के संभावित स्पेशल अपीयरेंस और क्लाइमैक्स में कुछ सरप्राइज एंट्री की भी चर्चाएं हैं।

गंगा तटों की सुरक्षा से संबंधित कार्यों को एक माह में पूरा करने का निर्देश

एजेंसी

पटना। जल संसाधन विभाग के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने आज भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड अंतर्गत उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे जवनिया गांव में गंगा नदी के तट पर चल रहे कटाव निरोधी कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता तथा बाढ़ पूर्व तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। सचिव ने स्थानीय ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं की जानकारी ली तथा चल रहे कार्यों पर उनका फीडबैक प्राप्त किया। ग्रामीणों ने गंगा नदी के निरंतर कटाव से उत्पन्न चुनौतियों को साझा करते हुए कटाव निरोधी एवं संरक्षण कार्यों के प्रति संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि गंगा नदी के दाहिने तट पर स्थित गंगापुर,

भुसौला, नन्दपुर एवं दामोदरपुर (जवनिया) गाँवों को कटाव से सुरक्षित रखने के लिए लगभग 1200 मीटर लंबाई में कटाव निरोधी कार्य कराया जा रहा है। इस परियोजना की प्रशासनिक स्वीकृति राशि 52.56 करोड़ है तथा वर्तमान में कार्य प्रगति पर है। डॉ. सिंह ने कार्यों में तेजी लाते हुए कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया, साथ ही कहा कि मानसून की संवेदनशीलता को ध्यान में रख कर सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा कटाव निरोधी कार्यों को हर हाल में अगले एक माह के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने अभियंताओं एवं संवेदकों को कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता न करने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया। सचिव ने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड के गंगापुर, भुसौला, नन्दपुर एवं जवनिया सहित आसपास के गाँवों को गंगा नदी के कटाव से प्रभावी सुरक्षा मिलेगी तथा स्थानीय आबादी एवं सार्वजनिक परिसंपत्तियों का संरक्षण सुनिश्चित होगा। निरीक्षण के दौरान विभाग के वरीय अभियंता, कार्यपालक अभियंता तथा अन्य विभागीय पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इंडियन ऑयल रिफाइनरी को टीबी मुक्त भारत सम्मान से किया गया सम्मानित

एजेंसी

बेगुसराय। इंडियन ऑयल की बरौनी रिफाइनरी को 'टीबी-मुक्त भारत' पहल को बढ़ावा देने के लिए किया गया सम्मानित।जन-स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए, इंडियनऑयल की बरौनी रिफाइनरी को बिहार सरकार ने ₹टीबी मुक्त भारत₹ के राष्ट्रीय मिशन में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया है।बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा आयोजित राज्य-स्तरीय टीबी उन्मूलन सम्मेलन में असाधारण सहयोग के लिए बरौनी रिफाइनरी को सम्मान प्रदान किया

गया। कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख श्री सत्य प्रकाश ने 10 जून 2026 को पटना में बिहार के माननीय राज्यपाल द्वारा यह सम्मान ग्रहण किया।बरौनी रिफाइनरी ने सरकार की टीबी उन्मूलन रणनीति में सक्रिय भूमिका निभाते हुए खुद को ₹निक्षय मित्र₹ के रूप में पंजीकृत कराया है। 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत, रिफाइनरी ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (उरफ) पहल के अंतर्गत लगातार तीन वर्षों (2023-24, 2024-25 और 2025-26) में 18,000 पोषण किट (निक्षय पोषण किट) वितरित किए हैं। इसका उद्देश्य टीबी रोगियों को न केवल पोषण प्रदान करना, बल्कि उनके जीवन में उम्मीद की एक नई किरण जगाना और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करना है।

संक्षिप्त समाचार

हथियार के साथ एक गिरफ्तार

बेगूसराय। मुफसिल थाना को गुप्त सूचना मिली की 01 व्यक्ति किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के उदेश्य से अपने घर में हथियार छिपाकर रखे हुआ है। जिसे त्वरित कार्रवाई करने पर पकड़ा जा सकता है।तत्पश्चात प्राप्त सूचना पर मुफसिल थाना की पुलिस टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए मुफसिल थानान्तर्गत ग्राम-रजौड़ा से 01 व्यक्ति राजन कुमार, पे०-मुकेश कुमार, सा०-रजौड़ा, थाना-मुफसिल, जिला-बेगूसराय को 01 देशी मास्केट के साथ गिरफ्तार किया गया। कांड दर्ज कर आवश्यक अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

बलिया/बेगूसराय। बेगूसराय जिले के बलिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने संध्या गश्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 10 जून 2026 को पुलिस ने छोटी बलिया चखमखन टोला वार्ड संख्या 12 निवासी अजय कुमार (पिता- संजय चौधरी) के घर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान उसके घर से कुल 10 .320 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई।पुलिस ने मौके से अजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया। थाना पुलिस ने बताया कि मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है तथा बरामद शराब को जब्त कर लिया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी हुई है।

नवादा में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद

नवादा। शराब बंदी अभियान के तहत गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को नवादा उत्पाद टीम संख्या-3 द्वारा नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मिजार्पुर में छापेमारी कर भारी मात्रा में विदेशी शराब एवं बीयर बरामद की गई। तलाशी के दौरान पप्पू कुमार पिता-दिनेश राम, निवासी-मिजार्पुर, वार्ड संख्या-22, थाना नगर, जिला नवादा के तीन मंजिला मकान में अत्यंत गोपनीय तरीके से बनाए गए तहखाने से कुल 156 .25 लीटर विदेशी शराब एवं बीयर बरामद की गई। तहखाना पूजा घर एवं फर्नीचर के पीछे छिपाकर बनाया गया था।

वीरपुर एयरपोर्ट को लेकर बढ़ी उम्मीद, 60 सीटों वाले विमानों के संचालन की तैयारी तेज

एजेंसी

सुपौल। कोसी क्षेत्र के लोगों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। वीरपुर हवाई अड्डे से जल्द उड़ान सेवा शुरू होने की उम्मीद मजबूत हुई है। सुपौल सांसद दिलेश्वर कामत ने गुरुवार को एयरपोर्ट का निरीक्षण कर बताया कि केंद्र सरकार इसके विकास को लेकर गंभीर है। पहले 20 सीटों वाले विमान संचालन की योजना थी, लेकिन अब एयरपोर्ट को 60 सीटों वाले विमानों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए आवश्यक राशि स्वीकृत हो चुकी है और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है। निरीक्षण के दौरान सांसद ने अधिकारियों के साथ एयरपोर्ट की मौजूदा स्थिति और विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट के विस्तार और आधुनिकीकरण की दिशा में तकनीकी व प्रशासनिक प्रक्रियाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण को लेकर वीरपुर एसडीएम नीरज कुमार के साथ भी चर्चा की गई है।

सांसद ने कहा कि आगामी संसद सत्र में भी वह वीरपुर एयरपोर्ट का मुद्दा प्रमुखता से उठाएंगे, ताकि निर्माण और संचालन कार्य जल्द पूरा हो सके। उन्होंने विश्वास जताया कि एयरपोर्ट शुरू होने से सुपौल समेत पूरे कोसी क्षेत्र में व्यापार, पर्यटन और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। इससे पहले सांसद कोचगामा पंचायत पहुंचे, जहां ग्रामीणों की मांग पर थल्हा धार पर पुल निर्माण की आवश्यकता का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। वीरपुर आईबी में ग्रामीण कार्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में उन्होंने सड़क, पुल और पुलिया निर्माण योजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश भी दिए।

बस स्टैंड में यात्री सुविधा को लेकर सौंपा ज्ञापन

एजेंसी

अररिया। लाखों रुपए राजस्व देने के बावजूद अररिया नगर परिषद को स्थायी बस स्टैंड नहीं मिल पाया है। एनएच 27 सड़क पर ही बस लगा रहता है,जहां यात्री सुविधाओं का घोर अभाव है। अररिया में बस स्टैंड निर्माण की मांग को लेकर महिला कल्याण समिति की एक शिष्टमंडल सदर एसडीओ से मुलाकात कर उसे ज्ञापन सौंपा। साथ ही स्थायी बस स्टैंड निर्माण से पूर्व अस्थायी बस स्टैंड पर यात्री सुविधा की मांग की गई। समाजसेविका एवं भाजपा नेत्री सुष्मिता ठाकुर के नेतृत्व में गुरुवार को शिष्टमंडल ने बस स्टैंड में यात्रियों को होने वाली परेशानियों से अवगत कराया। यात्रियों को सड़क पर खड़े खड़े बस पकड़ने की मजबूरी के साथ पेयजल और शौचालय की सुविधा नहीं होने के कारण यात्रियों को होने वाली परेशानियों की जानकारी दी गई। शौचालय नहीं होने के कारण महिला यात्रियों को भारी दुश्वारियों का सामना करने की बात आवेदन में कही गई। समिति की सदस्यों ने सदर एसडीओ को आवेदन देकर अररिया बस स्टैंड में एक स्टैंड सेल्फी प्वाइंट स्थापित करने की अनुमति की मांग की।

ठाकुरगंज के पथरिया में दिखा दुर्लभ पैंगोलिन, देखने उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

एजेंसी

किशनगंज। ठाकुरगंज प्रखंड के पथरिया क्षेत्र में गुरुवार को एक दुर्लभ वन्यजीव के दिखाई देने से इलाके में कौतूहल का माहौल बन गया। स्थानीय ग्रामीणों ने जिस जीव को देखा, उसकी पहचान पैंगोलिन के रूप में की गई है। मैदानी क्षेत्र में इस दुर्लभ जीव के मिलने की सूचना फैलते ही आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। जानकारी के अनुसार, पथरिया क्षेत्र में कुछ ग्रामीणों की नजर अचानक



एक अनोखे जीव पर पड़ी। जीव का शरीर शल्कनुमा कठोर परतों से ढका हुआ था, जिससे वह अन्य वन्यजीवों से अलग दिखाई दे रहा था। ग्रामीणों ने इसकी पहचान पैंगोलिन के रूप में की। पैंगोलिन एक अत्यंत दुर्लभ और संरक्षित वन्यजीव है, जो सामान्यतः जंगलों और पहाड़ी क्षेत्रों में पाया जाता है। जीव के दिखाई देने की खबर तेजी से पूरे इलाके में फैल गई। देखते ही देखते मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। लोग इस दुर्लभ जीव को देखने और अपने मोबाइल फोन में उसकी तस्वीर एवं वीडियो कैद करने के लिए उत्सुक नजर आए।

रासायनिक खेती छोड़ प्राकृतिक खेती अपनाएं किसान : तारकिशोर प्रसाद

एजेंसी

कटिहार। जिले के किसानों को पारंपरिक रासायनिक खेती के हानिकारक प्रभावों से बचाने और उन्हें प्राकृतिक एवं जैविक खेती के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से गुरुवार को विकास भवन सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आत्मा द्वारा आयोजित इस 'प्राकृतिक खेती विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम' का विधिवत उद्घाटन पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद, प्राणपुर विधायक निशा सिंह, कोढ़ा विधायक कविता पासवान, कदवा विधायक दुलाल चंद्र गोस्वामी और जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने संयुक्त रूप

से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद ने चिंता जताते हुए कहा कि आज कृषि में रासायनिक खादों और कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग से न केवल भूमि की उर्वरा शक्ति नष्ट हो रही है, बल्कि इसके उपभोग से मानव स्वास्थ्य पर भी गंभीर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, जिससे कई भयंकर बीमारियां उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की लागत का आधा हिस्सा केवल उर्वरक और कीटनाशक खरीदने में ही चला जाता है। यदि किसान खेती में अधिक मुनाफा कमाना चाहते हैं और मानव स्वास्थ्य को बचाना चाहते हैं, तो उन्हें प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर होना होगा। वहीं, कदवा विधायक ने भी रसायनों के प्रयोग से उपजे अनाज व सब्जियों को जीवन के लिए खतरा बताते हुए प्राकृतिक विधि से उत्पादन पर जोर दिया। जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने किसानों को रासायनिक खेती छोड़ने के लिए जागरूक किया। उन्होंने किसानों को रासायनिक कीटनाशकों की जगह देसी गाय के गोबर और गौमूत्र से निर्मित कीटनाशक बनाने की विधि बताई। साथ ही खेतों में नीमास्त्र, जीवामृत एवं बीजामृत के प्रयोग पर बल दिया। उन्होंने बताया कि यह खाद बहुत ही सस्ती होती है और इसके प्रयोग से न केवल उत्पादन अधिक प्राप्त होता है, बल्कि भूमि की उर्वरा शक्ति भी बढ़ती है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन कार्यक्रम

मंझौल/बेगूसराय। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, उत्तर बिहार का कार्यकर्ता विकास वर्ग विगत 30 मई से बेगूसराय जिला के मोहनपुर ग्राम वर्ल्ड भीयू एकेडमी के प्रांगण में चल रहा है।विगत संध्या मंझौल बाजार में पथ संचलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ।इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय अधिकारी और संघ के सह - .सरकार्यवाह आलोक कुमार जी, प्रशिक्षण वर्ग के सर्वाधिकारी उमाशंकर खां जी,सह प्रांत प्रचारक प्रवीर जी, प्रांत सेवा प्रमुख राजाराम जी, विभाग संघचालक सुशील जी, जिला संघचालक मनोरंजन कुमार बर्मा जी, पूर्व जिला प्रचारक जितेश जी, रोसड़ा के वरिष्ठ अधिवक्ता जयप्रकाश अविनाश जी, बेगूसराय नगर कार्यवाह अमित जी,ए बी,भी,पी के कन्हैया जी बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। बखरी नगर केशव प्रभात शाखा के अमित विशाल को ही सौभाग्य प्राप्त हुआ, माननीय सह सरकार्यवाह जी को वर्ग स्थल से कार्यक्रम स्थल तक अपने वाहन से ले जाने का।मंझौल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन को लेकर सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। बुधवार को मंझौल के संस्कृति पब्लिक स्कूल कै परिसर से यह संचरण यात्रा निकाली गई। यह चौठेया, विजय नारायण चौक, पुस्तकालय चौक, नित्यानंद चौक, सतियारा चौक बाबा टोला, विषहर स्थान,संगत चौक थुम्भ टोला होते शताब्दी मैदान पहुंच कर समाप्त हुआ। बड़ी संख्या में स्वयंसेवक लाठी से लैस होकर एक सुर-ताल में पैदल लगभग तीन किलोमीटर की यात्रा पूरी किया। मौके पर शालिग्राम सिंह, कन्हैया कुमार, सुशील गोयनका, रमेश महतो, विपिन कुमार मुखिया प्रतिनिधि आदि थे।

बिहार के खगड़िया जिले में वज्रपात से 5 लोगों की मौत, कई गंभीर रूप से झुलसे

खगड़िया। बिहार में खगड़िया जिले के चौथम और बेलदौर प्रखंड में वज्रपात (आकाशीय बिजली) से कुल पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि कई लोग गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस के मुताबिक पौरा थाना क्षेत्र के कन्हौली बहियार स्थित दुखहरण बाबा स्थान के समीप गुरुवार सुबह खेत में काम कर रहे ग्रामीणों पर अचानक आसमानी बिजली गिरने से कन्हौली यादव टोला निवासी 62 वर्षीय विद्यानंद यादव, उनके पुत्र 26 वर्षीय आशुतोष यादव और 10 वर्षीय पौत्र अंकेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना में विमल यादव और सुशील कुमार समेत चार लोग झुलस गए। दो घायलों का इलाज चौथम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है, जबकि गंभीर रूप से घायल दो अन्य को सदर अस्पताल खगड़िया रेफर किया गया है। सीएचसी प्रभारी डॉ अनिल कुमार ने बताया, दोनों घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है। पौरा थाना प्रभारी संजीव कुमार ने कहा, सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। खगड़िया जिले के ही इतमादी सरस्वती नगर वार्ड संख्या-7 स्थित लबघड़िया गांव में एक ही परिवार के पांच लोग वज्रपात की चपेट में आ गए। हादसे में 35 वर्षीय जवाहर शर्मा की मौत हो गई, जबकि शंभू शर्मा, बेलो शर्मा, रुक्मणी देवी और रेखा देवी गंभीर रूप से घायल हुए। इनमें रेखा देवी की हालत नाजुक बताई जा रही है। बलैठा पंचायत के नागपुर गांव में 18 वर्षीय मणि लाल कुमार की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। बेलदौर अंचलाधिकारी अमित कुमार ने दोनों घटनाओं में मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है।

मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच भाजपा बिहार के नवनियुक्त महामंत्रियों ने किया कार्यभार ग्रहण

पटना। भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश के नव नियुक्त महामंत्री नितिन अभिषेक और राजेश झा उर्फ राजू झा ने बुधवार को प्रदेश कार्यालय में अपने-अपने कक्ष में वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना और हवन के साथ विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और दोनों नेताओं को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। पदभार ग्रहण के बाद नितिन अभिषेक ने कहा कि भाजपा ने उन पर जो विश्वास व्यक्त किया है, उसके लिए वे शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

नेपाल बॉर्डर के पास तस्करी पर बड़ी कार्रवाई, 922 किलो गांजा जब्त

एपीएफ की कार्रवाई में भारतीय नंबर की बाइक भी जब्त

एजेंसी

अररिया। नेपाल से इन दिनों भारी संख्या में गांजा की तस्करी की जा रही है। इस तस्करी में भारत और नेपाल दोनों दिशा में तस्करों का सिंडिकेट समन्वय स्थापित कर गोरखधंधा को अंजाम दे रहा है। बावजूद इसके सीमा पर तैनात भारतीय साइड में एसएसबी और नेपाल साइड में एपीएफ के द्वारा लगातार गांजा पकड़ा जा रहा है। इसी कड़ी में नेपाल आर्म्ड पुलिस फोर्स के जवानों ने बीती रात्रि एक पिकअप गाड़ी पर लदे तस्करी के 922 किलो गांजा के

साथ एक भारतीय नंबर की मोटरसाइकिल संख्या बीआर 38 जेड 7452 जब्त किया। हालांकि एपीएफ की इस कार्रवाई में तस्कर गाड़ी छोड़कर भागने में कामयाब रहे। तस्कर पिकअप गाड़ी पर धान के भूसे के अंदर छिपाकर तस्करी कर भारत सीमा क्षेत्र में ले जा रहे थे। नेपाल की आर्म्ड पुलिस फोर्स ने यह कार्रवाई अररिया जिला से सटे भारत नेपाल सीमा क्षेत्र के पास मोरंग जिला के जाहदा रूरल म्युनिसिपैलिटी 7 के महादेवकोल इलाके में की। नेपाल एपीएफ ने गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की। नेपाल आर्म्ड पुलिस फोर्स के प्रवक्ता के अनुसार,सोराभाग स्थित बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स हेडक्वार्टर के तहत आने वाले बॉर्डर आउट पोस्ट नोचा और बॉर्डर आउट पोस्ट तारेगामा की संयुक्त टीम ने लक्ष्मणिया से तारेगामा की ओर जा रही पिकअप ट्रक संख्या क1खा 7022 पर नजर रखकर पीछा करना शुरू किया। जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पिकअप ट्रक के साथ एक भारतीय नंबर की मोटरसाइकिल भी लाइनअप करते हुए साथ साथ चल रही थी। पुलिस के पीछे करने और घेराबंदी की आशंका के साथ ही पिकअप और मोटरसाइकिल के ड्राइवर अपनी अपनी गाड़ियां छोड़कर भाग गए। जिसके बाद आर्म्ड पुलिस फोर्स के जवान ने दोनों गाड़ियों को जब्त कर लिया।

महालेखाकार कार्यालय की पहल, पेंशन मामलों में त्रुटिरहित निष्पादन पर फोकस

एजेंसी

किशनगंज। महालेखाकार कार्यालय, बिहार, पटना के तत्वावधान में गुरुवार को जिला परिषद स्थित मेची सभागार में पेंशन स्वीकृति एवं वित्तीय प्रबंधन विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विभिन्न विभागों से भेजे जाने वाले पेंशन प्रकरणों में होने वाली त्रुटियों को कम करना, वित्तीय नियमों के सही अनुपालन को सुनिश्चित करना तथा लेखांकन संबंधी प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाना था।

कार्यशाला में प्रधान महालेखाकार, बिहार संतोष कुमार, उपमहालेखाकार ओमकार तथा जिलाधिकारी विशाल राज सहित जिले के विभिन्न विभागों के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी (डीडीओ), पेंशन स्वीकृति पदाधिकारी और संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महालेखाकार कार्यालय के अधिकारियों ने पेंशन स्वीकृति की संपूर्ण प्रक्रिया, पेंशन मामलों में सामान्य रूप से पाई जाने वाली त्रुटियों तथा उनके समाधान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पेंशन प्रकरणों में दस्तावेजों की अपूर्णता, सेवा अभिलेखों में विसंगति और आवश्यक प्रमाणपत्रों की कमी जैसी त्रुटियों के कारण मामलों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब होता है।

संक्षिप्त

भारत से विवाद हल करने में तीसरे पक्ष की जरूरत नहीं : नेपाल

काठमांडू, एजेंसी। नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने बुधवार को देश की संसद में स्पष्ट किया कि सरकार ने भारत के साथ सीमा विवाद को सुलझाने के लिए किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता न तो मांगी है और न ही वह इसका समर्थन करती है। यह स्पष्टीकरण 31 मई को प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह के बयानों के बाद मचे राजनीतिक हंगामे को शांत करने के लिए दिया गया। पीएम के बयानों की विपक्ष ने कड़ी आलोचना की थी और उनके इस्तीफे की मांग भी उठी थी। खनाल ने कहा कि नेपाल और भारत के बीच सीमा को लेकर चल रहे विवाद पर दोनों देशों का एक संयुक्त कार्य समूह विचार करेगा।

चीनी विदेश मंत्रालय के साथ भारतीय दूत विक्रम की बैठक

बीजिंग, एजेंसी। चीन में भारत के राजदूत विक्रम दोराईस्वामी ने बुधवार को बीजिंग में चाइनीज पीपल्स एसोसिएशन फॉर फ्रेंडशिप विद फॉरेन कंट्रीज के अध्यक्ष यांग वानमिंग से मुलाकात की और दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। चाइनीज पीपल्स एसोसिएशन फॉर फ्रेंडशिप विद फॉरेन कंट्रीज चीन के विदेश मंत्रालय से जुड़ी संस्था है। यह चीन और दूसरे देशों के लोगों के बीच आपसी मेल-जोल पर ध्यान देती है। भारतीय दूतावास की पोस्ट के अनुसार, दोराईस्वामी और यांग ने भारत-चीन के बीच लोगों के आपसी मेल-जोल की पुरानी परंपरा और सांस्कृतिक, शैक्षिक व युवाओं के बीच बातचीत को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।

अफगानिस्तान के हेरात में गोली लगने से एक किशोर की मौत

हेरात, एजेंसी। अफगानिस्तान के पश्चिमी शहर हेरात में महिलाओं की कथित गिरफ्तारी के विरोध में हुए प्रदर्शन पर की गई हिंसक कार्रवाई में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई है। संयुक्त राष्ट्र के अफगानिस्तान मिशन ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। हेरात इलाके में ड्रेस कोड नियमों के उल्लंघन के आरोप में 30 महिलाओं की गिरफ्तारी की गई थी। इन गिरफ्तारियों के खिलाफ मंगलवार को 100-150 लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। आरोप है कि इस दौरान तालिबान पुलिस ने भीड़ पर गोलीबारी की। गोली लगने से कम से कम एक किशोर की मौत हुई है, जबकि कई अन्य लोग घायल हुए हैं। कुछ प्रदर्शनकारियों को लाठियों से पीटे जाने की भी रिपोर्ट है। साल 2021 में अमेरिकी नेतृत्व वाली सेनाओं की वापसी के बाद अफगानिस्तान पर तालिबान का शासन है। इसके बाद सरकार ने इस्लामी कानून (शरीयत) की सख्त व्याख्या पर आधारित कई नियम लागू किए हैं। देश में विरोध-प्रदर्शन दुर्लभ हैं और सरकार के खिलाफ असहमति को लगभग बर्दाश्त नहीं किया जाता। महिलाओं और लड़कियों पर कई सख्त प्रतिबंध लगाए गए हैं, जिनमें प्राथमिक शिक्षा के बाद पढ़ाई पर रोक और सार्वजनिक स्थानों पर ड्रेस कोड शामिल है। नियमों के अनुसार महिलाओं को पूर्ण हिजाब—सिर से पैर तक ढका हुआ वस्त्र और चेहरा ढकने वाला नकाब—पहनकर ही बाहर निकलने की अनुमति है।

डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा खुलासा, कहा- ईरान को पता ही नहीं, हमने होर्मुज से निकाल लिए 10 करोड़ बैरल तेल

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को बड़ा खुलासा किया। ट्रंप ने कहा कि उनके देश ने एक गुप्त सैन्य अभियान के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य से 10 करोड़ (100 मिलियन) बैरल से ज़्यादा तेल निकाल लिया है। होर्मुज दुनिया भर में तेल ले जाने का एक अहम रास्ता है और अमेरिका-ईरान के बीच चल रहे तनाव में एक अहम और संवेदनशील बिंदु है, उसे तेहरान ने 28 फरवरी से बंद कर रखा है। लेकिन बंद होर्मुज से अमेरिका ने 100 मिलियन बैरल तेल निकाल लिया, ये आश्चर्यजनक बात है। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर एक गुप्त मिलिट्री ऑपरेशन की जानकारी देते हुए लिखा, 'पिछले महीने, मैंने हमारी महान अमेरिकी सेना को होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज) से गुज़रने वाले तेल टैंकरों और दूसरे कमर्शियल जहाज़ों की सुरक्षा के लिए एक गुप्त मिशन चलाने का निर्देश दिया था। उन्होंने आगे कहा, 'आज मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इस कोशिश के नतीजे में 10 करोड़ (100 मिलियन) बैरल से ज़्यादा तेल स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुज़ारकर खुले बाज़ार तक पहुंचाया है। 200 से ज़्यादा कमर्शियल जहाज़ सुरक्षित रूप से यहां से गुज़रे हैं। यह ज़बरदस्त कामयाबी इसलिए मिली है क्योंकि होर्मुज पर अमेरिका का कंट्रोल है, ईरान का नहीं। उनकी सेना हार चुकी है और उनकी अर्थव्यवस्था बर्बाद हो चुकी है। ईरान का खेल खत्म हो चुका है!' ट्रंप ने कहा कि ईरान को इस सीक्रेट मिशन के बारे में पता नहीं था। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने ऑपरेशन के बारे में और जानकारी दी और दावा किया कि कल रात बिना लाइट जलाए 22 जहाज़ निकाले गए और ईरान को इसका पता नहीं चल पाया क्योंकि उनके पास रडार नहीं था। ट्रंप ने कहा, 'मैं आज पहली बार यह बता रहा हूं।

पीओके में पाकिस्तानी सेना का हेलिकॉप्टर क्रैश

21 सुरक्षाकर्मियों के मारे जाने की खबर, दावा- प्रदर्शन रोकने के लिए जा रहे थे सैनिक

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में बुधवार को पाकिस्तान सेना का एक एमआई-17 हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा मुजफ्फराबाद के पास उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हुआ। हेलिकॉप्टर में सवार सभी 21 सुरक्षाकर्मियों के मारे जाने की खबर है। हालांकि सेना ने अभी यह नहीं बताया है कि हेलिकॉप्टर में कुल कितने लोग सवार थे। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, ये सुरक्षाकर्मी पीओके के नीलम घाटी सेक्टर जा रहे थे। वहां पर विधानसभा की 12 आरक्षित सीटों को लेकर विवाद चल रहा है। इस वजह से सरकार वहां एक्स्ट्रा सैनिक तैनात कर रही है। मुजफ्फराबाद में उड़ान भरने के बाद हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई। पायलट ने आपातकालीन लैंडिंग की कोशिश की, लेकिन सुरक्षित उतारा नहीं जा सका। पाकिस्तानी सेना ने कहा है कि दुर्घटना की असली वजह का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

आर्मी चीफ मुनीर ने हादसे की जांच का आदेश दिया : सेना ने कहा है कि दुर्घटना की असली वजह पता लगाने के लिए जांच के आदेश दे दिए गए हैं। पाकिस्तान के सेना प्रमुख

आसिम मुनीर समेत सेना के सभी अधिकारियों और जवानों ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया है और मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी हेलिकॉप्टर हादसे पर शोक जताया। दोनों नेताओं ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की और कहा कि पूरा देश इन सैनिकों के बलिदान को सलाम करता है।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि देश इन बहादुर सैनिकों की कुर्बानी को हमेशा याद रखेगा। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री दोनों ने मृतकों के लिए प्रार्थना की और उनके परिवारों को इस दुख को सहने की शक्ति मिलने की कामना की।

हेलीकॉप्टर में सवार सभी लोगों की मौत : पाकिस्तान अखबार डॉन की रिपोर्ट के में दी गई जानकारी में बताया गया है कि पाकिस्तान आर्मी एविएशन का यह हेलीकॉप्टर तकनीकी खराबियों के कारण उड़ान भरते समय हादसे का शिकार हो गया। घटना के वक्त हेलीकॉप्टर में सवार सभी लोगों की मौत हो गई है। पाकिस्तान मीडिया ने इंटर सर्विसेज पब्लिश रिलेशन के हवाले से यह जानकारी दी है। बताया गया है कि इस हादसे में हेलीकॉप्टर में सवाल कोई भी जीवित नहीं बचा है। वहीं, पाकिस्तानी आर्मी के ओर जारी बयान में कहा गया है कि हेलीकॉप्टर किसी तकनीकी खराबी की वजह से गिरा। हादसे के तुरंत बाद रेस्क्यू और रिकवरी टीमें मौके पर पहुंच गईं।

हेलीकॉप्टर में कुल 20 लोग थे सवार : बता दें कि यह दर्दनाक घटना पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के नीलम वैली में हुआ है। घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पाकिस्तान सेना का यह हेलीकॉप्टर अचानक आसमान से नीचे जमीन पर आ गिरा। नीचे गिरते ही हेलीकॉप्टर आग का गोला बन गई। हेलीकॉप्टर में आग इतनी भीषण थी कि कोई भी बाहर नहीं निकल सका और सभी मौत के मुंह में समा गए। आईएसपीआर की ओर से इसकी पुष्टि नहीं हुई है कि हेलीकॉप्टर में कुल कितने सैनिक सवार थे। पीओके में प्रदर्शनकारियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पाकिस्तान सेना ने हेलिकॉप्टर तैनात किए हुए हैं। खबर यह भी है कि दो दिन पहले भी बलूचिस्तान में एक पाकिस्तानी सेना का हेलिकॉप्टर गिरा था।

पीओके में प्रदर्शन को रोकने सेना तैनात : यह हादसा ऐसे समय हुआ है जब मुजफ्फराबाद और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था काफी सख्त है। हाल के दिनों में वहां बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई थी। इसकी वजह यह थी कि एक विरोध आंदोलन से जुड़े लोगों ने प्रदर्शन करने का ऐलान किया था।

चीन के गुआंग्शी में भीषण विस्फोट, 7 लोगों की मौत; इलाके में मची अफरा-तफरी

गुआंग्शी , एजेंसी। चीन के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से में स्थित गुआंग्शी क्षेत्र में एक विस्फोट ने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया है। स्थानीय प्रशासन द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इस धमाके में अब तक 7 लोगों की जान जा चुकी है। जबकि 17 लोग घायल हुए हैं। घटना की तीव्रता इतनी अधिक थी कि आसपास की इमारतों और वहां मौजूद लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय आपातकालीन सेवाओं ने तुरंत सभी घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। धमाके के बाद अस्पताल और घटना स्थल पर पीड़ित परिवारों की भारी भीड़ देखी गई। जैसे ही धमाके की गूंज सुनाई दी, पूरे इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल पैदा हो गया। स्थानीय प्रशासन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत व्यापक बचाव एवं राहत अभियान शुरू किया। मलबे और घटना स्थल के आसपास फंसे लोगों को निकालने के लिए बचाव दल ने घंटों मशक्कत की। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई है ताकि आम नागरिकों को किसी और खतरे से बचाया जा सके और जांच प्रक्रिया में कोई बाधा न आए। प्रारंभिक जांच रिपोर्टों में यह स्पष्ट कर दिया गया है कि यह विस्फोट किसी गैस पाइपलाइन से जुड़ा हुआ नहीं था। इस खुलासे ने जांच को एक नई दिशा दे दी है, क्योंकि अब अधिकारी अन्य संभावित कारणों जैसे औद्योगिक लापरवाही या किसी विस्फोटक सामग्री की मौजूदगी की पड़ताल कर रहे हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विशेषज्ञ टीमों को काम पर लगा दिया गया है और वे बारीकी से साक्ष्य जुटा रहे हैं। फिलहाल, पूरा ध्यान जांच पूरी करने और विस्फोट की असली वजह का पता लगाने पर केंद्रित है। अधिकारियों का कहना है कि जब तक तकनीकी जांच और विशेषज्ञों की रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक किसी नतीजे पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। इस घटना ने एक बार फिर क्षेत्र में सुरक्षा मानकों और आपातकालीन तैयारियों पर बहस छेड़ दी है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

हरियाणा में जिम में वर्कआउट करा रहे ट्रेनर को सुबह-सुबह गोलियों से भूना

हांसी , एजेंसी। हरियाणा के हांसी में गुरुवार को सुबह-सुबह हुई एक सनसनीखेज घटना से इलाका दहल उठा है। यहां फव्वारा चौक के पास बाइकसवार कुछ हमलावरों ने जिम ट्रेनर को गोलियों से भून डाला। जानकारी के मुताबिक जिम संचालक कपिल सुबह करीब 5 बजे कुछ लड़के-लड़कियों को एक्सरसाइज करवा रहा था। तभी घात लगाकर पहुंचे हमलावरों ने करीब 10 राउंड फायरिंग कर दी। गोलियां लगते ही कपिल ने मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान एक अन्य युवती घायल भी हो गई है। उसे हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए हैं। हालांकि घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस, सीआईए और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची है और पूरे इलाके को सील कर फुटेज खंगाली जा रही है। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि 25 वर्षीय कपिल जिम से कुछ दूर दुकान में बनी सीढ़ियों पर लड़के-लड़कियों को वार्म-अप करवा रहा था। तभी हेलमेट पहने और मुंह ढके हुए 2 हमलावर वहां आते हैं और पीछे बैठे बदमाश ने उतरते ही कपिल पर पिस्टल से अंधाधुंध फायरिंग करनी शुरू कर दी। हमलावर ने बेहद करीब से 5 सेकेंड में 10 राउंड फायर किए। कपिल के सिर और पीठ पर गोलियां लगी और वो जमीन पर गिर गया। एक गोली का छर्रा वार्म-अप कर रही शिखा को जा लगा। इसके बाद हमलावार बाइक से मौके से फरार हो गए। बाद में कुछ युवक कपिल को बाइक पर बैठाकर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही सीआईए और फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची। फिलहाल हत्या के पीछे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रही है और हमलावरों की तलाश में जुटी है। जानकारी के मुताबिक हमलावर पेशे से क्रिमिनल हैं और पूरी प्लानिंग के तहत आए थे। कपिल रोजाना इसी जगह पर जिम के लड़कों व लड़कियों को वार्म-अप करवाते थे। बदमाशों ने इसकी पूरी रेकी की हुई थी।

उत्तर पश्चिम भारत में 13 जून तक बारिश के आसार

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार पश्चिम विक्षोभ के चलते उत्तर पश्चिम भारत में 13 तारीख तक बारिश का प्रभाव देखने को मिल सकता है। गरज के साथ बिजली, तेज हवा और ओलावृष्टि का प्रभाव मुख्य रूप से 11 और 12 तारीख को देखने को मिलेगा। उत्तर पूर्वी राज्यों में और पश्चिम बंगाल में आने वाले पांच से सात दिनों में एक दो स्थानों में सात से लेकर 20 सेंटीमीटर तक बारिश हो सकती है। दक्षिण भारतीय राज्य केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु में भी भारी बारिश का पूर्वानुमान है।

पिछले 24 घंटे में हिमालय, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु में एक दो स्थानों में 12 से 20 सें.मी. तक बारिश हुई है। दक्षिण कंकण, अंडमान निकोबार आइलैंड, अरुणाचल प्रदेश, असम, त्रिपुरा, केरल, लक्षद्वीप, तेलंगाना में एक दो स्थानों में भारी बारिश देखने को मिली है। हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, पूर्वी मध्य प्रदेश में एक दो स्थानों में ओलावृष्टि हुई है। देश के

कई हिस्सों में गरज के साथ बिजली और तेज हवा का प्रभाव देखने को मिला है। मानसून अगले तीन से चार दिनों में महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश में आगे बढ़ सकता है और तमिलनाडु का बचा हुआ हिस्सा भी कवर कर सकता है। इसी दौरान छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, उड़ीसा के कुछ हिस्से में मानसून दस्तक दे सकता है। हालात मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल हैं। पश्चिम विक्षोभ के कारण निम्न दबाव का क्षेत्र मध्य भाग में बना हुआ है। इस वजह से उत्तर पश्चिम भारत में अगले 24 घंटे तापमान में ज्यादा बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। इसके बाद 11 से 13 तारीख के बीच में पारा 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। इसके बाद तापमान फिर से 2 से 4ए तक बढ़ सकता है। देश के मध्य भाग में अगले 3 दिन यानी कि 12 तारीख तक तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं देखने को मिलेगा। लेकिन उसके बाद 2 से 3ए तक तापमान में गिरावट देखने को मिल सकता है। पूर्वी भारत में 2 दिन तक तापमान में ज्यादा बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। इसके बाद 2 से 4ए तक 12 से 14 के बीच में तापमान में गिरावट हो सकती है। पूर्वी मध्य प्रदेश, झारखंड, उड़ीसा और बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ अंडमान निकोबार आइलैंड में भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मुख्य रूप से गरज के साथ बिजली तेज हवा का प्रभाव सभी इलाकों में देखने को मिलेगा। असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में एक दो स्थानों में भारी बारिश हो सकती है। भारी बारिश का प्रभाव अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, त्रिपुरा, तेलंगाना, कर्नाटक, दक्षिण कोंकण, तटीय कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु में और लक्षद्वीप में देखने को मिलेगा। कर्नाटक, गोवा, केरल में 30 से 40 कि.मी. तक रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान में लू का कहर जारी रहेगा। पश्चिम विक्षोभ के कारण जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में ओले गिर सकते हैं।

सिर काटने की कोशिश के बाद आयरलैंड-ब्रिटेन में भड़के दंगे

लंदन, एजेंसी। आयरलैंड के बेलफास्ट में एक आयरिश व्यक्ति का सिर काटने की कोशिश के विरोध में शुरू हुआ प्रदर्शन बुधवार को बड़े एंटी-इमिग्रेशन दंगों में बदल गया। ?आयरलैंड और ब्रिटेन में एक दर्जन से ज्यादा जगहों पर हिंसा, आगजनी और लूटपाट की घटना सामने आई। बेलफास्ट और उसके आसपास के इलाकों में नकाबपोश भीड़ ने घरों, दुकानों, बसों और कारों को निशाना बनाया। बेलफास्ट के न्यूटाउनार्ड्स रोड पर कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया शैंकिल में दो दुकानें लूट ली गई और एक अफ्रीकी प्रवासी की दुकान को आग के हवाले कर दिया गया। लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर व स्कॉटलैंड के ग्लासगो में भी प्रवासी विरोधी प्रदर्शन के दौरान जमकर हिंसा हुई।

हिंसा की शुरुआत बेलफास्ट में

चाकूबाजी की घटना के बाद हुई। सूडान के एक शरणार्थी का एक आयरिश व्यक्ति से विवाद हो गया था। इसी बीच हादी ने चाकू से उसका गला काटने की कोशिश की थी। हमले में 40 वर्षीय आयरिश व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। इस वारदात का वीडियो वायरल होते ही प्रदर्शन की अपीलें तेज हो गईं थीं। पुलिस के मुताबिक चाकूबाजी घटना का आरोपी हादी अलोदिद सूडान से पेरिस और फिर डबलिन आया था। 2023 में वह बेलफास्ट पहुंचा और शरण मांगी।

प्रवासी विरोधियों परहिंसा भड़काने के आरोप : दक्षिणपंथी और प्रवासी विरोधियों ने सोशल मीडिया पर चाकूबाजी की घटना का वीडियो तेजी से फैलाया। कट्टरपंथी व प्रवासी-विरोधी टॉमी रॉबिनसन ने वीडियो शेयर करते हुए पूरे ब्रिटेन में लोगों से 'सड़कों पर उतरने' की अपील की थी। इसके बाद मास्क पहने हजारों लोगों की भीड़ सड़कों पर जमा हो गई। बेलफास्ट में नकाबपोशों ने कई घरों को निशाना बनाया है। कुछ जगह 'विदेशियों को निकालो' जैसे नारे भी लगाए। स्थानीय पादरी जैक मैकी ने बताया कि लोग सिर्फ प्रवासी होने के कारण घर छोड़ने को मजबूर हुए। बेलफास्ट इस्लामिक सेंटर ने शाम की नमाज रोक दी। दिग्गज कारोबारी इलॉन मस्क ने भी सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो शेयर करते हुए कहा- जोरदार प्रदर्शन से ही बदलाव आएगा। ब्रिटेन की कट्टरपंथी पार्टी रिफॉर्म यूके ने घटना को प्रवास नीति का नतीजा बताते हुए वीजा प्रतिबंध की अपनी पार्टी की बात दोहराई। वहीं, सांसद क्लेयर हन्ना ने मस्क, रिफॉर्म यूके के चीफ नाइजल फराज व अन्य को हिंसा का जिम्मेदार ठहराया।

इंफाल में भड़की हिंसा, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

मणिपुर में नागा समुदाय के 6 शव मिलने से हड़कंप

इंफाल, एजेंसी। मणिपुर की राजधानी इंफाल में एक बार फिर हिंसा भड़क गई है। जहां बीती रात हिंसक प्रदर्शन हुए। ये प्रदर्शन नागा समुदाय के 6 लोगों के शव बरामद होने के बाद हुए। मणिपुर पुलिस ने इंफाल में जैसे ही लोगों को 6 शव बरामद होने की जानकारी दी। लोगों का गुस्सा भड़क उठा।

दागने पड़े आंसू गैस के गोले : स्थानीय लोग अस्पताल के बाहर जमा हो गए और नारेबाजी करने लगे। बैरिकेड्स गिरा दिए। पुलिस को भीड़ पर काबू करने के लिए आंसू गैस के गोले दागने पड़े। इस दौरान आगजनी की घटनाएं भी सामने आईं। 13 मई को आर्म्ड ग्रुप्स ने 20 लोगों को बंधक बना लिया था। जिनमें 14 कुकी और 6 नागा समुदाय के लोग शामिल थे। एक दिन पहले इनमें से 14 कुकियों को रिहा कर दिया गया था।

सेनापति जिले से बरामद हुए थे 6 शव : लेकिन कल दोपहर में बंधक बनाए गए नागा समुदाय के 6 लोगों के शव सेनापति जिले से बरामद हुए। इसके बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क गया और देर रात तक अस्पताल के बाहर सुरक्षाकर्मियों के साथ जोर आजमाइश चलती रही।

घटना पर क्या बोले राज्य के सीएम : नेशनल पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष एवं मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा ने मणिपुर में नगा समुदाय के 6 लोगों की हत्या की घटना की बुधवार को कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि इस जघन्य वारदात के जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे लाकर सख्त सजा दी जानी चाहिए। अपने बयान में संगमा ने इन हत्याओं को बेहद दुखद और पूरी तरह अस्वीकार्य बताया और पीड़ित परिवारों के साथ एकजुटता जताई।उन्होंने कहा, 'मैं नगा समुदाय के 6 लोगों की निर्मम हत्या की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। हिंसा का यह कृत्य बेहद दुखद और पूरी तरह से अस्वीकार्य है।' मणिपुर पुलिस ने बुधवार को बताया कि उन्हें 6 लोगों के शव बरामद हुए हैं, जो लापता नगा पुरुष के बताए जाते हैं। इन लोगों को कांगपोकपी जिले में सशस्त्र समूहों द्वारा बंधक बनाकर रखा गया था।

बिल गेट्स का सनसनीखेज खुलासा, कहा- अफेयर को लेकर एपस्टीन ने बनाया था ब्लैकमेलिंग का दबाव

वाशिंगटन, एजेंसी। माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स ने अमेरिकी संसद की एक समिति के सामने बेहद चौंकाने वाला खुलासा किया है. बिल गेट्स ने यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन ने उनके पुराने एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर्स को लेकर उन्हें ब्लैकमेल किया था. एपस्टीन चाहता था कि दोनों के बीच रिश्ते खत्म होने के बाद गेट्स उससे दोबारा संपर्क शुरू करें.

बिल गेट्स अमेरिकी संसद की 'हाउस ओवरसाइट एंड गवर्नमेंट रिफॉर्म कमेटी' के सामने पेश हुए थे. ये समिति इस बात की जांच कर रही है कि प्रशासन ने एपस्टीन मामले को कैसे संभाला. साथ ही, जांचकर्ता उस रसूखदार नेटवर्क का भी पता लगा रहे हैं जो एपस्टीन के संपर्क में था. न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक बिल गेट्स ने माना कि जब वेफिलांथ्रोपी के कामों के सिलसिले में एपस्टीन से मिले थे, तब वो उसके अपराधों की गंभीरता को पूरी तरह नहीं समझ पाए थे. गेट्स ने अपने बयान में कहा, 'इन अफेयर्स का एपस्टीन के साथ मेरी बातचीत से कोई लेना-देना नहीं था, लेकिन ये मेरे परिवार के लिए बेहद दर्दनाक थे. एपस्टीन ने मेरी बेवफाई की जानकारी और उसके ऊपर कई झूठ की परतें चढ़ाकर मुझ पर दोबारा जुड़ने का दबाव बनाने की कोशिश की थी.' बिल गेट्स ने इस दौरान बताया कि एपस्टीन के साथ उनकी मुलाकातें सिर्फ चैरिटी, वैश्विक स्वास्थ्य और फंड जुटाने को लेकर ही हुई थीं. उन्होंने एपस्टीन के साथ किसी भी तरह के निजी या दोस्ताना रिश्ते से साफ

इनकार किया. गेट्स ने सांसदों को बताया, 'मैं कभी भी उसके द्वीप (आइसलैंड), उसके फार्महाउस (रेंच) या फ्लोरिडा वाले घर पर नहीं गया. मैंने कभी किसी का शोषण नहीं किया है.' उन्होंने आगे कहा, 'हो सकता है कि उसने निजी संबंध बढ़ाने की कोशिश की हो, लेकिन मेरी कभी ऐसी कोई दिलचस्पी नहीं थी और न ही मैंने कभी उसकी तरफ हाथ बढ़ाया।

2014 में एपस्टीन से तोड़ दिया था नाता : बिल गेट्स ने बताया कि वो एपस्टीन से 2011 में जुड़े थे. ये वो समय था जब एपस्टीन फ्लोरिडा में वेश्यावृत्ति के आरोप में जेल की सजा काट चुका था. गेट्स ने कहा कि साल 2014 में जब उन्हें समझ आ गया कि एपस्टीन के जरिए चैरिटी के लिए फंड जुटाने की कोशिशें बेकार जा रही हैं, तो उन्होंने सारे नाते तोड़ दिए. गेट्स के मुताबिक, 'उस मोड़ पर मैंने मुझे समझ आया कि एपस्टीन अपने वादे कभी पूरे नहीं करेगा. मैंने उससे कह दिया कि हम अब आगे बात नहीं करेंगे और उससे मिलना-जुलना पूरी तरह बंद कर दिया.' गेट्स ने ये भी बताया कि उन्होंने एपस्टीन को कभी कोई आपराधिक काम करते नहीं देखा। संसद की इस द्विदलीय समिति ने बिल गेट्स से तीखे सवाल पूछे. दोनों ही पार्टियों के सांसदों ने पूछा कि जब एपस्टीन के पुराने अपराधों और सजा की बात जगजाहिर थी, तो गेट्स उससे क्यों मिलते रहे? कमेटी के शीर्ष डेमोक्रेटिक सांसद रॉबर्ट गार्सिया ने सुनवाई के बाद बताया कि बिल गेट्स ने ये मंजूर किया है कि उन्हें एपस्टीन के पुराने अपराधों और सजा की जानकारी थी. वहीं, रिपब्लिकन सांसद टिम बर्चेट ने एपस्टीन को एक फ्रेंड कलेक्टर बताया.

श्रीलंका दौरे पर 9 साल बाद जाएगी टीम इंडिया

WTC 2025-27 का हिस्सा होंगे टेस्ट मैच

नई दिल्ली। भारतीय टीम ने हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था और पारी व 300 रन से बेहतरीन जीत दर्ज की थी। मगर यह टेस्ट वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 का हिस्सा नहीं था। अब टीम इंडिया 15 अगस्त 2026 से एक बार फिर अपना ड्ढञ्जष्ट 2025-27 का अभियान शुरू करेगी। इस संस्करण में यहां से भारत के लिए हर मुकाबले में जीत दर्ज करना लगभग जरूरी है। भारतीय टीम अगस्त में श्रीलंका का दौरा करेगी। इस दौरे के लिए दो मैचों की टेस्ट सीरीज के शेड्यूल की जानकारी क्रिकबज ने शेयर की है। इस दौरे पर टीम इंडिया दो टेस्ट मैच खेलेगी। 9 साल बाद भारतीय टीम श्रीलंका का दौरा करेगी। आखिरी बार 2017 में टीम इंडिया ने विराट कोहली की कप्तानी में श्रीलंका का दौरा किया था और 3-0 से टेस्ट सीरीज जीती थी। अब 9 साल बाद भारतीय टीम शुभमन गिल की कप्तानी में श्रीलंका का दौरा करेगी।

श्रीलंका दौरे के लिए टीम इंडिया का शेड्यूल

पहला टेस्ट: 15-19 अगस्त 2026, गॉल
दूसरा टेस्ट: 23-27 अगस्त 2026, कोलंबो (SSC)

WTC अंकतालिका में भारत -श्रीलंका का हाल

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में मौजूदा हाल की बात करें तो श्रीलंका टीम अंकतालिका में तीसरे स्थान पर मौजूद है। श्रीलंकाई टीम ने अभी तक 2 मैच खेले हैं जिसमें से एक में उसे जीत मिली है और एक मैच ड्रॉ हुआ है। श्रीलंका का विनिंग पर्सेंटाइल 66.67 प्रतिशत है। जबकि भारतीय टीम अंकतालिका में बांग्लादेश से भी नीचे छठे स्थान पर है। भारत को साउथ अफ्रीका के खिलाफ पिछली सीरीज में घर पर बुरी तरह हाल झेलनी पड़ी थी। भारतीय टीम ने मौजूदा संस्करण में 9 मैच खेले हैं जिसमें से 4-4 मैच टीम ने जीते और हारे हैं। एक मैच ड्रॉ हुआ है। भारत का विनिंग पर्सेंटाइल 48.15 प्रतिशत है। भारतीय टीम को यहां से अगर फाइनल में जगह बनानी है तो श्रीलंका , न्यूजीलैंड दौरे के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज (बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी) में जीत दर्ज करनी होगी।

महिला टी20 विश्व कप

इन गेंदबाजों के नाम है सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड

नई दिल्ली। महिला टी20 विश्व कप 2026 की शुरुआत 12 जून से हो रही है। इंग्लैंड में आयोजित हो रहा यह इवेंट टी20 विश्व कप का 10वां संस्करण है। आइए देखते हैं कि पिछले 9 संस्करणों में किन दस गेंदबाजों ने सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं।

- महिला टी20 विश्व कप के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज मेगान स्कट के नाम है।
- मेगान ने 2016 से 2024 के बीच खेले 29 मैचों में 48 विकेट लिए हैं।
- दक्षिण अफ्रीका की शबनम इस्माइल दूसरे नंबर पर हैं। इस्माइल ने 2009 से 2023 के बीच 32 मैचों में 43 विकेट लिए हैं।
- इंग्लैंड की ए श्रूबसोले तीसरी सफल गेंदबाज हैं। 2010 से 2020 के बीच 27 मैचों में उन्होंने 41 विकेट लिए।
- चौथे नंबर पर सर्वाधिक टी20 विश्व कप मैच खेलने वाली ऑस्ट्रेलिया की एलिसे पेरी हैं।
- पेरी ने 2009 से 2024 के बीच 47 मैचों में 40 विकेट लिए हैं।
- वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर ने 2009 से 2024 के बीच 35 मैचों में 33 विकेट लिए हैं, वे पांचवीं सफल गेंदबाज हैं।
- छठे नंबर पर न्यूजीलैंड की एमिलिया केर हैं। 2018 से 2024 के बीच 18 मैचों में केर ने 32 विकेट लिए हैं।
- दक्षिण अफ्रीका की मारिजेन कैप और वेस्टइंडीज की डियांड्रा डॉटिन संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर हैं।
- कैप ने 2009 से 2024 के बीच 32 मैचों में 31 और डॉटिन ने 2009 से 2024 के बीच 35 मैचों में 31 विकेट लिए हैं।
- इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टन, न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर हैं।
- एक्लेस्टन ने 2018 से 2024 के बीच 18 मैच में 29 और डिवाइन ने 2009 से 2024 के बीच 38 मैच में 29 विकेट लिए हैं।
- भारत की पूनम यादव, वेस्टइंडीज की ए फ्लेचर और पाकिस्तान की निदा डार संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर हैं। पूनम ने 2014 से 2020 के बीच 18 मैचों में 28, फ्लेचर ने 2016 से 2024 के बीच 23 मैचों में 28 और डार ने 2010 से 2024 के बीच 33 मैचों में 28 विकेट लिए हैं।

भारत के लिए शानदार टेस्ट डेब्यू

7 विकेट लेकर बने प्लेयर ऑफ द मैच; अब मानव सुतार को इंग्लैंड की काउंटी टीम ने किया साइन

नई दिल्ली। भारतीय टीम के लिए हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक टेस्ट डेब्यू के बाद मानव सुतार को इंग्लैंड के एक काउंटी क्लब ने साइन किया है। इंग्लिश काउंटी क्लब वार्विकशायर ने भारतीय खिलाड़ी को मौजूदा काउंटी चैंपियनशिप के सीजन के अगले दो राउंड के लिए साइन किया है। इसकी घोषणा क्लब के द्वारा बुधवार को की गई। मानव ने अफगानिस्तान के खिलाफ अपने डेब्यू टेस्ट में कुल सात विकेट दोनों पारियों में झटके थे और प्लेयर ऑफ द मैच भी बने थे। वार्विकशायर ने उन्हें साइन करने के बाद आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा, 'वार्विकशायर काउंटी क्रिकेट क्लब मानव सुतार को शॉर्ट-टर्म कॉन्ट्रैक्ट पर साइन करने के बाद काफी उत्साहित है। भारतीय इंटरनेशनल क्रिकेटर मौजूदा काउंटी चैंपियनशिप के अगले दो राउंड में सेलेक्शन के लिए उपलब्ध रहेंगे।' मानव सुतार 12 जून को वार्विकशायर और यॉर्कशायर के बीच होने वाले मैच में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसके बाद अगले हफ्ते समरसेट के खिलाफ मैच के लिए भी वह मौजूद रहेंगे। क्लब के परफॉर्मेंस डायरेक्टर जेम्स थॉमस ने भी मानव का टीम में स्वागत किया।

ICC टेस्ट रैंकिंग

भारतीय कप्तान गिल आठवें स्थान पर

नई दिल्ली । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा बुधवार को जारी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने पहला स्थान हासिल किया है। ब्रूक ने साथी खिलाड़ी और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया है। भारतीय कप्तान गिल को 2 स्थान का फायदा हुआ है। गिल आठवें स्थान पर चले गए हैं। लॉर्ड्स में आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की 115 रनों की जीत के दौरान पहली पारी में अर्धशतक लगाने के बाद ब्रूक नंबर एक स्थान पर आ गए। ब्रूक पहली बार दिसंबर 2024 में शीर्ष स्थान पर पहुंचे थे। मैच में पचास से अधिक रन बनाने वाले केवल दो खिलाड़ियों में से एक ब्रुक थे। ब्रूक ने पहली पारी में 56 रन बनाए थे। ट्रेविस हेड दूसरे स्थान पर आ गए हैं। हेड को एक स्थान का फायदा हुआ है। जो रूट के लिए लॉर्ड्स टेस्ट अच्छा नहीं रहा था। दोनों पारियों में वह एक और आठ रन ही बना पाए थे। इसका उन्हें नुकसान हुआ है। रूट दो स्थान खिसकर पहले से सीधे तीसरे स्थान पर आ गए हैं। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने अफगानिस्तान के खिलाफ खेले गए एकमात्र टेस्ट में शतक लगाया था। इस शतक की बदौलत दो स्थान ऊपर चढ़कर वह आठवें स्थान पर आ गए। ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ चौथे स्थान पर है। श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस एक स्थान उपर चढ़कर पांचवें स्थान पर चले गए हैं। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन छठे स्थान पर हैं। उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ है। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेंबा बवुमा सातवें स्थान पर हैं। भारत के यशस्वी जायसवाल नौवें स्थान हैं। उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ है। श्रीलंका के दिनेश चांदीमल एक पायदान उपर चढ़कर दसवें स्थान पर चले गए हैं।

इंग्लैंड ने भारत को 5 रन से हराया

स्मृति मंधाना का फ्लाप शो जारी

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम को टी20 विश्व कप 2026 के मेन राउंड की शुरुआत से पहले एक और हार झेलनी पड़ी है। टूर्नामेंट के वार्म अप राउंड से पहले इंग्लैंड के खिलाफ भारत को 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। अब वार्म अप मैच में भी मेजबान इंग्लैंड ने भारतीय टीम को रोमांचक मुकाबले में 5 रन से हरा दिया। इस मैच में एक बार फिर उपकप्तान स्मृति मंधाना का फ्लाप शो जारी रहा। उन्होंने एक बार फिर से निराश किया। जबकि विकेटकीपर बैटर ऋचा घोष की 36 गेंद पर 68 रन की पारी बेकार हो गई। इस मुकाबले में पहले खेलते हुए इंग्लैंड की टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 171 रन बनाए थे।

- **आखिरी ओवर में चाहिए थे 17 रन-** भारतीय टीम की शुरुआत इस मैच में बेहद खराब थी और 18 रन पर ही दो विकेट गिर गए थे। यास्तिका भाटिया (15) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (17) ने भी निराश किया। फिर भारती फूलमाली ने 18 रन की पारी खेल कुछ हद तक ऋचा घोष का साथ दिया लेकिन वह भी ज्यादा देर टिक नहीं पाईं।

बेन स्टोकस को बीच सीरीज टीम से किया गया बाहर

जो रूट करेंगे कप्तानी; जोफ्रा आर्चर की भी हुई एंट्री

नई दिल्ली। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स और साथी गेंदबाज गस अटकिंसन के ऊपर नाइट क्लब मामले के बाद तलवार लटक रही है। इसी के चलते न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के बीच दूसरे मुकाबले से पहले दोनों को टीम से बाहर कर दिया गया। स्टोक्स की जगह जो रूट को अंतरिम कप्तान बनाने की घोषणा की गई है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड की तरफ से बुधवार (10 जून) को यह जानकारी शेयर की गई। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने अपने बयान में कहा, 'इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड इस बात की पुष्टि करता है कि मौजूदा जांच के चलते बेन स्टोक्स और गस अटकिंसन न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। यह मुकाबला 17 जून से किया ओवल में खेला जाएगा। यॉर्कशायर के बैटर जो रूट टीम के अंतरिम कप्तान बनेंगे। ससेक्स के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और एसेक्स के जॉर्डन कॉक्स को भी स्क्वाड में जोड़ा गया है।'

दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड का स्वाड

जो रूट (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, सोनी बेकर, शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, जॉर्डन कॉक्स, बेन डकेट, मैथ्यू फिशर, एमिलियो गे, जेम्स रियू, ओली रॉबिन्सन, जेमी स्मिथ, जोश टंग।

बोर्ड ने दी थी जांच की जानकारी

सोमवार को इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (श्वष्टक्च) ने कहा था कि नाइट क्लब में हुए मामले को लेकर कप्तान बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज गस अटकिंसन की जांच की जा रही है। पहले टेस्ट में इंग्लैंड के न्यूजीलैंड को 115 रन से हराने के बाद यह मामला सामने आया था। बोर्ड ने इस मामले पर बयान जारी किया था। बोर्ड ने कहा था, 'ईसीबी अभी इस मामले में जांच कर रही है और पता लगा रही है कि टीम के प्रोटोकॉल (नियमों) का पहले टेस्ट मैच के बाद उल्लंघन हुआ है या नहीं। बेन स्टोक्स और गस अटकिंसन इस मामले के दौरान नाइट क्लब में सोमवार की सुबह मौजूद थे। हम इस पर अधिक जानकारी जुटा रहे हैं। जब सभी पुख्ता जानकारी मिल जाएंगी उसके बाद ही इस मामले पर कोई अन्य अपडेट दिया जाएगा। 'न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में जीत के बाद कहा था, 'मुझे पता है कि अगर हम इस टेस्ट मैच को जीत नहीं पाते तो कितनी आलोचना होती।

विमेंस टी20 वर्ल्ड कप इतिहास के 2 मैच

जिसमें सिर्फ '1 रन' के अंतर से जीती टीम

नई दिल्ली। विमेंस टी20 वर्ल्ड कप के 9 संस्करणों में ऐसा सिर्फ 2 बार हुआ, जब किसी टीम ने सिर्फ '1 रन' के अंतर से जीत हासिल की। आइए, इन 2 मुकाबलों के बारे में जानते हैं।

श्रीलंका बनाम पाकिस्तान: विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2010 में ऐसा पहली बार देखने को मिला था। बासेटेरे के मैदान पर खेले गए इस मैच में श्रीलंकाई टीम 19.3 ओवरों में महज 108 रन पर सिमट गई। इस टीम के लिए इनोका गलागेदारा ने सर्वाधिक 25 रन बनाए, जबकि सुविनी डी अल्विज ने 22 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। विपक्षी खेमे से सना मीर, जावेरिया खान और नादिया डार ने 2-2 विकेट हासिल किए। इसके जवाब में पाकिस्तानी टीम 107 पर सिमट गई। पाकिस्तान के लिए बिस्माह मारूफ ने 41 गेंदों में 42 रन की पारी खेली, जबकि जावेरिया खान ने 14 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। श्रीलंका की तरफ से ईशानी लोकसुरियागे ने 2 विकेट निकाले।

भारत बनाम पाकिस्तान: गाले के मैदान पर 1 अक्टूबर 2012 को लो-स्कोरिंग मुकाबला खेला गया, जिसमें पाकिस्तान ने 1 रन से जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तानी टीम निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर 98 रन ही बना सकी थी।

पाकिस्तान के लिए कप्तान सना मीर ने सर्वाधिक 25 रन बनाए, जबकि नैन आबिदी ने 25 रन का योगदान दिया। इनके अलावा, अस्मविया इकबाल ने 10 रन जुटाए। भारत की तरफ से झूलन गोस्वामी, रसनारा परवीन और अनुजा पाटिल ने 2-2 विकेट निकाले। इसके जवाब में भारतीय टीम निर्धारित ओवरों में 8 विकेट खोकर सिर्फ 97 रन ही बना सकी। भारत की तरफ से झूलन गोस्वामी ने 24 गेंदों में 21 रन की पारी खेली, जबकि पूनम राउत ने टीम के खाते में 18 रन जोड़े।

इशान की पारी से मुंबई को मिली जीत

वैभव का साधारण प्रदर्शन, मिला एक विकेट

नई दिल्ली। टी20 मुंबई 2026 का 19वां लीग मैच सोबो मुंबई फाल्कन्स और नॉर्थ मुंबई पैंथर्स के बीच खेला गया। इस मुकाबले में मुंबई फाल्कन्स को इशान मूलचंदानी की शानदार अर्धशतकीय पारी के दम पर 7 विकेट से जीत मिली। इस जीत के साथ इस टीम के कुल 6 अंक हो गए, लेकिन ये टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई। यही नहीं इस मुकाबले में श्रेयस अय्यर मुंबई फाल्कन्स के लिए मैदान पर नहीं उतरे। सोबो मुंबई फाल्कन्स और नॉर्थ मुंबई पैंथर्स के बीच हुए मैच में नॉर्थ मुंबई पैंथर्स ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया और फिर ये टीम 19.2 ओवर 157 रन बनाकर आउट हो गई। मुंबई फाल्कन्स को जीत के लिए 158 रन का टारगेट मिला था और इस टीम ने 18.1 ओवर में 3 विकेट पर 158 रन बनाकर मैच जीत लिया। मुंबई फाल्कन्स के लिए मयूरेश टंडेल ने 4 विकेट लिए थे और वो प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। इशान मूलचंदानी ने खेली 65 रन की पारी

इशान ने अपनी टीम यानी मुंबई फाल्कन्स के लिए शानदार अर्धशतकीय पारी खेली और 45 गेंदों पर 65 रन ठोके। इस दौरान उन्होंने 5 छक्के और 2 चौके भी लगाए और अपनी टीम की जीत में बड़ी भूमिका निभाई। गौतम भरत वाघेला ने भी कमाल की पारी खेली और 30 गेंदों पर 45 रन बनाकर नाबाद रहे और टीम को जीत दिलाकर ही पवेलियन वापस लौटे। नॉर्थ मुंबई पैंथर्स के लिए वैभव माली ने 4 ओवर में 30 रन देकर एक विकेट लिए जबकि राहुल और प्रतीक को भी एक-एक विकेट मिले।

मयूरेश टंडेल ने झटके 4 विकेट

इस मुकाबले में नॉर्थ मुंबई पैंथर्स के खिलाफ सोबो मुंबई फाल्कन्स के बॉलर मयूरेश टंडेल ने 4 ओवर में 30 रन देकर 4 विकेट लिए। नॉर्थ मुंबई पैंथर्स के लिए अभिज्ञान कुंडू ने 21 गेंदों पर 45 रन की सबसे बड़ी पारी खेली। इसके अलावा अनीस चौधरी ने 23 गेदों पर 32 रन बनाए जबकि कप्तान हार्दिक तामोरे नहीं चल पाए और ओपन करते हुए 4 गेंदों पर एक बनाकर चलते बने।

भारतीय आमों के आयात पर कोई रोक नहीं, नेपाल ने किया साफ

नई दिल्ली, एजेंसी। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने उन मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया है

जिनमें कहा गया है कि नेपाल ने भारत से आम के आयात पर प्रतिबंध या रोक लगा दी है। ये रिपोर्टें तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक हैं। नेपाल सरकार ने अपने 'प्लांट क्वारंटाइन एंड पेस्टिसाइड मैनेजमेंट सेंटर' के जरिये 10 जून 2026 को साफ किया है कि भारतीय आमों के आयात पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। नेपाल को भारतीय आमों का निर्यात जारी निर्धारित फाइटो-सैनिटरी जरूरतों के पालन के साथ आयात की अनुमति जारी है। इन आवश्यकताओं का पालन करने और भारत सरकार की ओर से जारी वैध फाइटो-सैनिटरी प्रमाण पत्र जमा करने पर आयात परमिट और रिलीज ऑर्डर जारी किए जा रहे हैं। नेपाल को भारतीय आमों का निर्यात बिना किसी रुकावट के जारी है। जनवरी 2026 से अब तक कुल 149 खेपों में 2005 टन आम नेपाल को निर्यात किए गए हैं। अकेले जून 2026 में अब तक 266 टन की 18 खेपें निर्यात की जा चुकी हैं। हालांकि, नेपाल ने हाल ही में आयात की कुछ शर्तों में बदलाव किया है। इसमें हॉट वॉटर ट्रीटमेंट की आवश्यकता भी शामिल है। फिर भी भारत निर्धारित जरूरतों का पालन करते हुए निर्यात को सुगम बना रहा है। साथ ही, भारत ने बिना पूर्व परामर्श के नए फाइटो-सैनिटरी उपाय लागू करने के बारे में अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं। समझौते और इंटरनेशनल प्लांट प्रोटेक्शन कन्वेंशन के ढांचे के अनुसार उचित द्विपक्षीय माध्यमों से इस मामले को आगे बढ़ा रहा है। हितधारकों, व्यापारियों और आम जनता को सलाह दी गई है कि वे आयात और निर्यात नियमों से संबंधित जानकारी के लिए आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें। नेपाल को भारतीय आमों के निर्यात पर व्यापार प्रतिबंधों के बारे में अपुष्ट रिपोर्टों पर ध्यान न दें।

चीन ने चौंकाया, ईरान युद्ध के बीच एसपोर्ट में लगा दी ऊंची छलांग

नई दिल्ली, एजेंसी। चीन ने एक बार फिर चौंकाया है। मई में चीन के एक्सपोर्ट में बंपर तेजी आई है। यह पिछले साल के मुकाबले 19.4 प्रतिशत बढ़ा है। ईरान युद्ध के असर के बावजूद टेक्नोलॉजी से जुड़े सामान का एक्सपोर्ट मजबूत बना रहा। चीन की कस्टम्स एजेंसी ने यह जानकारी दी। यह प्रदर्शन उम्मीद से बेहतर है। अप्रैल में हुई 14.1 प्रतिशत की सालाना बढ़ोतरी से यह बेहतर रहा। मई में इंपोर्ट में भी 27.4 प्रतिशत की उछाल आई। यह अप्रैल की 25.3 प्रतिशत की सालाना बढ़ोतरी के मुकाबले तेज रफ़्तार थी। पिछले साल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस लौटने के बाद से ज्यादातर महीनों में अमेरिका को चीन का एक्सपोर्ट तेजी से गिरा था। वहीं, दक्षिण-पूर्व एशिया और यूरोप जैसे इलाकों में एक्सपोर्ट में उछाल आया था। ट्रंप की रफ्तार को लगातार रोकने की कोशिश कर रहे हैं। एक्सपोर्ट में इस मजबूती को ऑटो, टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़े प्रोडक्ट्स, जैसे सेमीकंडक्टर और कंप्यूटिंग इक्विपमेंट के एक्सपोर्ट से सहारा मिला है। इस बीच, पिछले महीने विदेशों से चीन की तेल की खरीद आठ साल से ज्यादा के निचले स्तर पर आ गई। कस्टम्स डेटा के मुताबिक, मई में क्रूड इंपोर्ट गिरकर लगभग 3.3 करोड़ टन रह गया। यह रोजाना 78 लाख बैरल के बराबर है। अक्टूबर 2017 के बाद का यह सबसे निचला स्तर है। देश ने 2025 के दौरान औसतन रोजाना लगभग 1.16 करोड़ बैरल इंपोर्ट किया था। भारत के लिए इसका मतलब यह है कि अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड-वार और तीखा होगा।

रोज महंगा हो रहा है क्रूड, पिछले महीने 4 बार बढ़े दाम

नई दिल्ली, एजेंसी। पश्चिम एशिया में हालात फिर बिगड़ गए हैं। अमेरिका और ईरान ने कल फिर एक-दूसरे पर हमले किए। इसे देखते हुए इंटरनेशनल क्रूड ऑयल मार्केट में भाव फिर चढ़े। बाजार में मानक ब्रेंट क्रूड के दाम करीब दो फीसदी चढ़े हुए दिखे। पर अपने देश में पेट्रोल-डीजल बेचने वाली सरकारी तेल कंपनियों ने गुरुवार, 11 जून 2026 को भी दाम में कोई बदलाव नहीं किया। पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव बीतने के बाद ही पेट्रोलियम कंपनियों ने बीते मई महीने में चार बार दाम बढ़ा चुकी है। ऐसा महज 11 दिनों में हुआ है। सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने सबसे पहले 15 मई 2026 को पेट्रोल 3 रुपये और डीजल 3.29 पैसे महंगा किया था। इसके बाद 19 मई को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे, 23 मई 2026 को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे और 25 मई 2026 को पेट्रोल 2.61 रुपये और डीजल 2.71 रुपये महंगा किया था। उसके बाद दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। तेल कंपनियों की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली में आज पेट्रोल 102.12 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। कोलकाता में इसकी कीमत 113.51 रुपये, मुंबई में 111.21 रुपये और चेन्नई में 107.77 रुपये है।

लखनऊ में पेट्रोल 101 तो डीजल 95 के पार

एक अनुमान के मुताबिक क्रूड ऑयल महंगा होने से सरकारी तेल कंपनियों को रोजाना पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और जेट फ्यूल पर करीब 750 करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है। पेट्रोल-डीजल के भाव जब भी बदलते हैं, तब सुबह 6 बजे अपडेट हो जाते हैं। पेट्रोल-डीजल का रोज का रेट आप के जरिए भी जान सकते हैं। इंडियन ऑयल के कस्टमर के बाद स्पेस देकर अपने शहर का कोड लिखकर 9224992249 नंबर पर और बीपीसीएल उपभोक्ता के बाद स्पेस देकर अपने शहर का कोड लिखकर 9223112222 नंबर पर भेज जानकारी हासिल कर सकते हैं। वहीं, एचपीसीएल उपभोक्ता के बाद स्पेस देकर अपने शहर का कोड लिखकर 9222201122 नंबर पर भेजकर भाव पता कर सकते हैं।

डीजल की कीमत

सरकारी ऑयल कंपनियों के मुताबिक बुधवार को दिल्ली में डीजल का प्रति लीटर दाम 95.20 रुपये है। कोलकाता में यह 99.02 रुपये, मुंबई में 97.83 रुपये और चेन्नई में 99.55 रुपये प्रति लीटर है। कच्चे तेल की कीमत में हाल में काफी बढ़ोतरी हुई है। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद यह करीब 50 फीसदी महंगा हो गया है। खाड़ी देशों में हमले जारी है। यही नहीं, अब तो व्यापारिक जहाजों को भी नहीं बख्शा जा रहा है। इस वजह से गुरुवार को शुरुआती कारोबार में क्रूड ऑयल तेज दिखे। सुबह छह बजे ब्रेंट क्रूड के दाम में 2.01 फीसदी या 1.87 डॉलर प्रति बैरल की तेजी दिख रही है। इस समय इसका भाव 94.97 डॉलर प्रति बैरल दिख रहा है। इसी तरह डब्ल्यूटीआई क्रूड के दाम में भी 2.20 फीसदी की तेजी दिख रही है। अभी यह 92.01 प्रति बैरल पर ट्रेड होता दिख रहा है। लेकिन इंडियन बॉस्केट क्रूड का दाम गिरा है।

ग्लोबलफाउंड्रीज ने फर्मियोनिक के साथ साझेदारी की

नई दिल्ली, एजेंसी। सेमीकंडक्टर विनिर्माण कंपनी ग्लोबलफाउंड्रीज एक साझेदारी के तहत सरकारी समर्थन प्राप्त फर्मियोनिक के लिए रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) चिप बनाएगी। बृहस्पतिवार को जारी एक संयुक्त बयान में यह जानकारी दी गई। फर्मियोनिक के आरएफ चिप ग्लोबलफाउंड्रीज द्वारा बनाए जाने वाले पहले भारतीय सेमीकंडक्टर होंगे। कंपनी पहले से क्वालकॉम, मीडियाटेक, ब्रॉडकॉम जैसी वैश्विक कंपनियों के लिए चिप बना रही है। बयान में कहा गया, ग्लोबलफाउंड्रीज इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड (जीएफ इंडिया) और उन्नत रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) समाधान पर केंद्रित भारतीय फैब्लेस सेमीकंडक्टर स्टार्टअप फर्मियोनिक ने एक वाणिज्यिक साझेदारी की घोषणा की है। जीएफ इसके तहत फर्मियोनिक के आरएफ चिप का विनिर्माण करेगी। फर्मियोनिक सरकार की डिजाइन से जुड़ी प्रोत्साहन (डीएलआई) योजना के तहत भारतीय फैब्लेस कंपनियों के शुरुआती समूह का हिस्सा है। भारतीय फैब्लेस कंपनियों से तात्पर्य उन स्टार्टअप व भारतीय कंपनियों से है जो इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों एवं माइक्रोप्रोसेसर (चिप) के लिए डिजाइन एवं सॉफ्टवेयर (आईपी) तो खुद बनाती हैं लेकिन उनके विनिर्माण या उत्पादन का काम विदेशों में स्थित कंपनियों से करवाती हैं। फर्मियोनिक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गौतम कुमार सिंह ने कहा, ग्लोबलफाउंड्रीज इंडिया के साथ हमारा सहयोग हमें जटिल, उत्पादन-स्तर के आरएफ सिलिकॉन (केवल प्रोटोटाइप नहीं) उपलब्ध कराने में सक्षम बनाता है।

महिंद्रा हर महीने बना सकती है 57,000 पेट्रोल और डीजल गाड़ियां

पश्चिम बंगाल के इलेक्शन से महिंद्रा के पॉपुलर एसयूवी का घट गया है प्रोडक्शन

नई दिल्ली, एजेंसी। थार, स्कोर्पियो और बोलेरो जैसी लोकप्रिय गाड़ियां बनाने वाली महिंद्रा एंड महिंद्रा की एसयूवी का प्रोडक्शन जून में 15 प्रतिशत तक गिर सकता है। इसकी वजह यह है कि कंपनी को पार्ट्स सप्लाई करने वाले कुछ प्रमुख सप्लायर कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स की भारी कमी से जूझ रहे हैं। महिंद्रा के लिए सबसे बड़ी दिक्कत एक बड़े वेंडर की तरफ से सप्लाई में 20-25 प्रतिशत की कमी आई है। इससे कंपनी के फैक्ट्री ऑपरेशन्स पर असर पड़ रहा है। यह कंपनी हर महीने 57,000 पेट्रोल और डीजल गाड़ियां बना सकती है। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिमी राज्यों में मैन्युफैक्चरिंग हब में इस समय लेबर की भारी कमी है। इंडस्ट्री के अधिकारियों का कहना है कि हरियाणा और उत्तर प्रदेश में मिनिमम वेज बढ़ने से प्रवासी मजदूरों के लिए स्थानीय नौकरियां ज्यादा आकर्षक हो गई हैं। इतना ही नहीं वेलफेयर स्कीम्स और ई-रिक्शा जैसे बढ़ते स्वरोजगार के मौकों ने पारंपरिक इंडस्ट्रियल हब की ओर होने वाले पलायन को और कम कर दिया है। इस बारे में महिंद्रा ने श्वञ के सवालों का कोई जवाब नहीं दिया। इलेक्ट्रिक ट्रक और बस बनाने वाली पुणे की कंपनी श्वद्म मोबिलिटी के फाउंडर और चेयरमैन सुधीर मेहता ने कहा कि पुणे और औरंगाबाद के आस-पास ऑटोमोटिव क्लस्टर में लेबर की उपलब्धता में डिमांड और सप्लाई का साफ अंतर दिख रहा है। कुछ कॉन्ट्रैक्ट वर्कर फसल कटाई के सीजन में अपने गांव लौट गए हैं। इसी तरह पश्चिम बंगाल में हुई विधानसभा चुनावों के लिए गए प्रवासी वर्कर्स में से भी ज्यादातर लौटकर नहीं आए हैं। यूपी और बिहार में बेहतर आर्थिक अवसरों के कारण भी पश्चिमी भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेंटर्स की ओर पलायन कम हो रहा है। महिंद्रा एंड महिंद्रा की एसयूवी का प्रोडक्शन जून में 15 प्रतिशत तक गिर सकता है कंपनी के कुछ प्रमुख सप्लायर कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स की भारी कमी से जूझ रहे हैं एक बड़े वेंडर की तरफ से सप्लाई में 20-25 प्रतिशत तक की भारी कमी आई है लेबर की कमी सिर्फ ऑटोमोबाइल सेक्टर तक ही सीमित नहीं है। हाल ही में मॉनेटरी पॉलिसी की समीक्षा से पहले, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने ऑटोमोबाइल, कंस्ट्रक्शन, टेक्सटाइल, जेम्स एंड ज्वैलरी, स्टील और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी जैसे सेक्टर के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। मीटिंग में शामिल इंडस्ट्री के एक अधिकारी ने बताया कि कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री के लोगों ने कहा कि शहरी इलाकों में प्रवासी वर्करों की कम वापसी की वजह से सस्ते घरों की मांग कम हो गई है।

गिरते-गिरते छह महीने के लो पर पहुंची सोने की कीमत

नई दिल्ली, एजेंसी। सोने की कीमत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छह महीने के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है। ईरान पर अमेरिका के नए हमलों से कच्चे तेल की कीमत में करीब दो फीसदी तेजी आई है। इससे महंगाई और लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरों को लेकर निवेशकों की चिंताएं और बढ़ गई हैं। अमेरिकी सेना ने ईरान में कई ठिकानों को निशाना बनाया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि अगर कोई शांति समझौता नहीं हुआ तो ईरान को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी।

सोने की कीमत आज कारोबार के दौरान 21 नवंबर के बाद के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई। स्पॉट गोल्ड 0.2 प्रतिशत गिरकर 4,063.87 प्रति औंस पर आ गया। स्पॉट सिल्वर भी 0.9 प्रतिशत गिरकर 63.15 प्रति औंस पर आ गई। आशंका जताई जा रही है कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतें महंगाई बढ़ा सकती हैं। सोने को महंगाई से बचाव का जरिया माना जाता है, लेकिन ऊंची ब्याज दरों का असर इस धातु पर पड़ता है जिससे कोई रिटर्न नहीं मिलता। अमेरिका मई में महंगाई 4.2 प्रतिशत पर पहुंच गई जो इसका तीन साल का उच्चतम स्तर है।

एमसीएक्स पर कीमत: घरेलू बाजार में भी सोने और चांदी की कीमत में गिरावट आई है। एमसीएक्स पर सोने की कीमत में 1,500 रुपये से ज्यादा गिरावट आई जबकि चांदी 5,000 रुपये सस्ती हो गई। 5 अगस्त की डिलीवरी वाला सोना पिछले सत्र में 1,48,017 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था और आज यह 1,46,518 रुपये पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह 1,46, 444 रुपये तक गिरा।

इसी तरह 3 जुलाई की डिलीवरी वाली चांदी

पिछले सत्र में 2,35,505 रुपये प्रति किलो के भाव पर बंद हुई और आज गिरावट के साथ 2,31,671 रुपये पर खुली। शुरुआती कारोबार में यह 5,012 रुपये की गिरावट के साथ 2,30,493 रुपये तक गिरी। 10.10 बजे यह 1,306 रुपये यानी 0.55 फीसदी गिरावट के साथ 2,30,493 रुपये पर ट्रेड कर रही थी।

सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में गिरावट आई है। गुड रिटर्न्स के मुताबिक 24 कैरेट वाला सोना 2130 रुपये की गिरावट के साथ 145640 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इसी तरह 22 कैरेट वाले सोने की कीमत में 1950 रुपये की गिरावट आई है और यह 133500 रुपये पर आ गया। 18 कैरेट वाला सोना 1600 रुपये की गिरावट के साथ 109230 रुपये पर ट्रेड कर रहा है।

प्लास्टिक के नोट भारत में भी चलेंगे, सोशल मीडिया से शुरू हुई इस कहानी को मिल गया विराम

नई दिल्ली, एजेंसी। इन दिनों सोशल मीडिया पर इस बात का जबरदस्त हल्ला है। कुछ लोग दावा कर रहे हैं कि जल्दी ही भारत में भी प्लास्टिक के नोट चलन में आ जाएंगे। इसके बाद धीरे-धीरे पुराने नोट आउट हो जाएंगे। इसका असर दिखना शुरू हुआ और लोगों ने पुराने या बदहाल नोटों को लेना बंद कर दिया। इसके बाद रिजर्व बैंक को सामने आ कर स्थिति स्पष्ट करनी पड़ी।

सोशल मीडिया पर बीते कुछ दिनों से करेंसी नोटों के बारे में अजीव दावा किया जा रहा है। एक वीडियो में बताया जा रहा है कि भारत में 30 जून 2026 तक कागज के नोट बंद कर प्लास्टिक करेंसी चलाने की योजना है। इस वीडियो में 100 रुपये, 50 रुपये, 20 रुपये और 10 रुपये के नोट बदलने की बात की जा रही है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कथित आवाज का भी इस्तेमाल किया गया है।

इस अफवाह से रिजर्व बैंक असहज हुआ। फिर केंद्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तहत काम करने वाले प्रेस इंफोर्मेशन ब्यूरो को सामने आना पड़ा। उसने रिजर्व बैंक के हवाले से

किया। पीआईबी ने सोशल मीडिया पर वायरल इस दावे को गलत बताया है। इसके मुताबिक ऋश्च्ढ्ढ ने स्पष्ट किया है कि कागज के नोटों को वापस लेने या उनकी जगह प्लास्टिक करेंसी जारी करने की फिलहाल कोई योजना नहीं है।

सोशल मीडिया के जमाने में पीआईबी ने लोगों से एक अपील भी की। पीआईबी ने कहा कि नोट के बारे में सिर्फ आधिकारिक वेबसाइट मतलब कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर ही करें भरोसा करें। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे किसी भी दावे पर नहीं। साथ ही इस तरक के दावे को बिना जांचे-परखे शेयर न करें।

प्रेस इंफोर्मेशन ब्यूरो ने लोगों से जागरूक नागरिक बनने को कहा है। उनसे कहा गया है कि यदि सोशल मीडिया पर भारत सरकार से जुड़ा कोई भी संदिग्ध या भ्रामक कंटेंट दिखता है तो उसकी शिकायत करें। यह शिकायत को कर सकते हैं। इस वायरल दावे की सच्चाई अलग है

रिजर्व बैंक ने इस दावे को खारिज किया है वायरल वीडियो फर्जी और डिजिटल रूप से एडिट किया गया है कागजी नोटों को प्लास्टिक करेंसी से बदलने की कोई योजना नहीं है ऐसा नहीं है कि भारत प्लास्टिक के नोट चलाने वाला पहला देश है।

ज्यादा एथेनॉल वाले पेट्रोल पर ड्यूटी खत्म ईरान युद्ध के बीच सरकार का फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने ज्यादा एथेनॉल मिले पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी खत्म कर दी। अब 22 प्रतिशत से 30 प्रतिशत एथेनॉल वाले पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी नहीं लगेगी। सरकार ने इस बारे में एक नोटिफिकेशन जारी किया है। जानकारों का कहना है कि सरकार के इस फैसले से भविष्य में तेल की कीमतें स्थिर रखने में मदद मिल सकती है। साथ ही इससे एथेनॉल की मांग बढ़ेगी जिससे किसानों को भी फायदा होगा।

ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमत में काफी तेजी आई है। यह 114 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था। इससे सरकार का आयात बिल बढ़ गया है और चालू खाते का घाटा बढ़ रहा है। इसका असर रुपये पर भी दिख रहा है और डॉलर के मुकाबले इसमें काफी गिरावट आई है। भारत दुनिया में कच्चे तेल का तीसरा बड़ा आयातक और उपभोक्ता है। यही वजह है कि सरकार वैकल्पिक ईंधन पर जोर दे रहा है ताकि आयात में कमी की जा सके।

सरकार ने हायर एथेनॉल वाले पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी खत्म कर दी है लेकिन टीओआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक यह संभव है कि एथेनॉल ब्लेंडिंग का लेवल बढ़ाने का आदेश न दे, बल्कि फ्लेक्स फ्यूल गाड़ियों के बारे में फैसला खरीदारों पर छोड़ दे। इसकी वजह यह है कि कई लोगों ने चिंता जताई है कि श्व20 से श्व25 पर तेजी से जाने से मौजूदा गाड़ियों के इंजन खराब हो सकते हैं। 2012 और मार्च 2023 के बीच बनी ज्यादातर कारें और दो-पहिया गाड़ियां श्व10 के अनुकूल थीं। इसी तरह अप्रैल 2023 से बनी गाड़ियां के अनुकूल थीं यानी उन्हें 20 प्रतिशत तक एथेनॉल मिले पेट्रोल के साथ चलने के लिए डिजाइन किया गया है। लेकिन अप्रैल 2025 से बेची जाने वाली गाड़ियां ही पूरी तरह से अनुकूल हैं। स्टैंडर्ड तैयार कर रही है, जिससे पेट्रोल में 30 प्रतिशत तक एथेनॉल मिलाने की इजाजत मिल सकेगी। इसके अलावा श्व25 गाड़ियों के लिए ट्रायल भी शुरू किए जा रहे हैं। हालांकि, इंडस्ट्री फ्लेक्स फ्यूल गाड़ियां लाने के लिए तैयार है। मारुति सुजुकी और हीरो मोटोकॉर्प की गाड़ियां सड़कों पर आ चुकी हैं और दूसरी कंपनियां भी अपनी लॉन्च की योजनाएं तैयार कर रही हैं। ऑटो इंडस्ट्री ने ब्लेंडिंग में बढ़ोतरी को धीरे-धीरे लागू करने का सुझाव दिया है। वे राज्य इसकी वकालत कर रहे हैं जहां गन्ने का उत्पादन ज्यादा होता है। इसके अलावा, ताकतवर शुगर लॉबी भी इसकी वकालत कर रही है।

एलजी का भारत समेत तीन प्रमुख ग्लोबल साउथ बाजारों से 2030 तक राजस्व दोगुना करने का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी। दक्षिण कोरिया की इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एलजी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ल्यू जे-चोल ने कहा कि कंपनी भारत सहित तीन उच्च संभावनाओं वाले ग्लोबल साउथ बाजारों से अपना कुल राजस्व साल 2030 तक दोगुना करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि भारत में मजबूत वृहद आर्थिक वृद्धि, ब्रांड के प्रति उपभोक्ताओं की पसंद तथा रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन और एयर कंडीशनर जैसी प्रमुख श्रेणियों में घरेलू उपकरणों की अपेक्षाकृत कम पहुंच के कारण बड़े अवसर मौजूद हैं। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के सीईओ ने कहा कि भारत, सऊदी अरब और ब्राजील कंपनी की दीर्घकालिक वृद्धि की रणनीति के केंद्र में हैं। कंपनी का लक्ष्य 2030 तक इन तीनों बाजारों से संयुक्त राजस्व को दोगुना करना है और इसके लिए वह इन उच्च संभावनाओं वाले बाजारों में अपने कारोबार का तेजी से विस्तार कर रही है। जे-चोल ने कहा, 2025 में इन क्षेत्रों से हमारा संयुक्त राजस्व 6.2 लाख करोड़ कोरियाई वॉन रहा, जो 2023 की तुलना में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्शाता है। यह कंपनी की वैश्विक वृद्धि से दोगुना से भी अधिक है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स का 2025 में एकीकृत राजस्व 89.2 लाख करोड़ कोरियाई वॉन रहा। उन्होंने कहा कि भारत जैसे प्रमुख उभरते बाजारों में तेज वृद्धि केवल कारोबार का विस्तार नहीं, बल्कि दक्षिण कोरिया, उत्तरी अमेरिका और यूरोप में कंपनी की

मजबूत उपस्थिति के पूरक के रूप में संतुलित और मजबूत क्षेत्रीय पोर्टफोलियो तैयार करने की रणनीति का हिस्सा है। कंपनी की ग्लोबल साउथ रणनीति के तहत अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के जरिये उत्पाद नेतृत्व को मजबूत करने तथा सह-विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखला के अनुकूलन के माध्यम से लागत प्रतिस्पर्धा बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। कंपनी की मध्यम से दीर्घावधि की रणनीति के बारे में विस्तार से बताते हुए, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स की निवेशक संबंध (आईआर) संचार टीम के प्रमुख एयरोन किम ने कहा कि कंपनी अपने मुख्य कारोबार को मजबूत करने पर ध्यान दे रही है, जिसमें घरेलू उपकरण, वाहन तथा मीडिया एवं मनोरंजन समाधान शामिल हैं।

महंगाइ कर इ समइ

संतोष महली,
ईटा, लोहरदगा।

इयाइद है छोटे हे में
बाइड़ जाय रही,
सोमार से सनिचर खटु
सुतोहो ले नइ एतवार मिलथे,
आब काहां बेंड़ा पार होवथे।

दुख बेरा झुटहो कर
केउ नइ पुछैं,
सुख संग गोटे संसार होवथे,
आब काहां बेंड़ा पार होवथे।

जाहां जितेक कर
पुरा पुरी भरोसा रहे,
हुंवा से हार होवथे,
महंगाइ कर इ समइ में
अपने काया भाउर होवथे।

आब काहां बेंड़ा पार होवथे
सउब कुछ हिंये बेकार होवथे,
आब काहां बेंड़ा पार होवथे।

जतइ पाया रहे ओतइ
बाटली घर-घर इंजोरिया,
आब अपने हे घर अंधार होवथे,
आब काहां बेंड़ा पार होवथे।

आब काहां बेंड़ा पार होवथे
सउब कुछ हिंये बेकार होवथे,
आब काहां बेंड़ा पार होवथे।

कलस पूजन आउर सोभाजातरा कर संगे गायत्री महायज्ञ कर सुभारंभ

प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची। हरमू हाउसिंग कॉलोनी इस्थित मदर टेरेसा पार्क में 5 दिवसीय गायत्री महायज्ञ आउर पावन प्रज्ञा पुराण कथामृतम कर सुभारंभ बिफे के कलस पूजन-अर्चन आउर भव्य सोभा जातरा कर संगे भेलक। ई अवसर में महिलामंडल संचालन टीम नायिका सुषमा कर सानिध्य आउर प्रतिनिधित्व में सोभाजातरा निकलाल गेलक।

मंगल कलस रथ-दर्शन आउर जातरा पूजन स्थल से निकइल के आसपास मुध छेतर कर भ्रमन करलयं। फिन पूजा स्थल वापिस आए के सउब कलस देवता कर आरती करलयं। पूजन प्रारंभ गायत्री शक्तिपीठ सेक्टर टू कर बेबस्था टीम आउर सहायक जोन समन्वयक आजादी सिंह कर नेतृत्व आउर मार्गदरसन में परिव्राजक टीम नायक प्रमोद कुमार आउर सहायक, गायक टीम कर सहजोग में वैदिक बिधान से करल गेलक।

पुरोहित प्रमोद कुमार कलस पूजन आउर सोभाजातरा कर महत्ता, प्रज्ञागीत भजन, सोभाजातरा कर बिसेसता, आवसकता उपरे प्रकास डाललयं। बतालयं कि सरधा आउर पवित्रता से भरल पूरल पात्रता ही धन्य होवेला। पात्रता के मंगलमय गुन से बिभूसित करल जाएला। कइल बिहाने से बिस्तृत देव पूजन-अर्चन, षोडशोपचार आउर स्वस्तिवाचन पाठ आउर यज्ञीय अनुष्ठान बिधान आउर निःसुल्क संस्कार आदि कार्जकरम होवी।

भुखमरी कर सिकार अदमीमन के मदइत पहुंचायेक उद्देस : राजेश कुमार सिन्हा

बेड़ो परखंड कर चचकोपी गांव में विधिक जागरुकता कार्जकरम आयोजित

प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची। बेड़ो परखंड कर चचकापी गांव में विधिक जागरुकता कार्जकरम कर आयोजन 11 जून के करल गेलक। ई अवसर में डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी संजय कुमार, मंगल कुमार, दिनेश कुमार, सधनी देवी, सत्यप्रकाश, चालक राजा वर्मा आउर विधि कर छातर-छातरामन तनु कुमारी, नेहा कुमारी, स्नेहा कुमारी, वैशाली कुमारी आउर सोनु कुमार संगे आउर अदमीमन पहुंचल रहयं।

डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा कहलयं कि राइज में भुखमरी के सिरायेक ले आउर कुपोसन से होवेक वाला मौत के रोकेक ले नालसा कर द्वारा जोजना के आनेक महतपूर्न कानूनी आउर सामाजिक पहल आहे। यी जोजना कर मुध उद्देस ई सुनिश्चित करेक हय कि केऊ भी नागरिक भोजन कर अधिकार से वंचित ना रहयं। अनाज कर पर्याप्त उत्पादन होवेक आउर रास्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 जैसन जोजना लागू होवेक कर बावजूद, सुदूर ग्रामीन आउर गरीब इलाका में परसासनिक कमीमन इया जागरुकता कर अभाव कर चलते अदमी भुखमरी कर सिकार होए जायेला।

श्री सिन्हा निःसुल्क विधिक सहायता कर बारे में ग्रामीनमन के बतालयं। थाना, परखंड, पंचायत स्तर में नियुक्त पीएलवी कर जानकारी ग्रामीनमन के देलयं, जिनकर काम निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करेक हय।

इकर अलावा श्री सिन्हा नालसा टोल फ्री नम्बर - 15100 कर बारे में भी बतालयं।

आवल अदमीमन के बाल श्रम, बाल बिहा, डायन बिसाही, लोक अदालत, पीड़ित मुआवजा, सड़क दुर्घटना कर बारे में बिस्तृत जानकारी देल गेलक।

मौका में पीएलवी संजय कुमार आउर मंगल कुमार अदमीमन के जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलेक वाला सुबिधा कर बारे में बतालयं। दिनेश कुमार आउर सधनी देवी प्रधानमंत्री आवास जोजना आउर मईंया सम्मान जोजाना कर बारे में चर्चा करलयं। पीएलवी सत्यप्रकाश आगामी 12 सितंबर के होवेकवाला रास्ट्रीय लोक अदालत कर जानकारी देलयं। अंत में डालसा कर पीएलवी कर द्वारा पम्पलेट आउर लिफलेट कर बितरन भी करल गेलक।

परमा एकादशी में श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में उमड़लक सैलाब

प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची। पुंदाग कर श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में एकादशी सरधा, भक्ति आउर उल्लासपूर्न बाताबरन में मनाल गेलक। ई अवसर में मंदिर परिसर में बिसेस धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन आउर सामूहिक आरती कर आयोजन करल गेलक, जेकर में बड़ संख्या में सरधालुमन भाग लेइ के पुण्य लाभ अर्जित करलयं। कार्जकरम कर सुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार आउर बिसेस पूजा-अर्चना कर संगे भेलक। मंदिर कर पुजारी पंडित अरविंद पांडे बिधि-बिधान से भगवान कर आराधना करालयं। प्रसाद कर भोग अर्पित करलयं। परमा एकादशी कर पावन अवसर में श्री राधा रानी कर अलौकिक आउर मनमोहक सिंगार नवा लुगा आउर जड़ित आभूसन से करल गेलक। सुसज्जित दिव्य स्वरूप कर दरसन कइर के सरधालु भावबिभोर होए उठलयं। ऊ आपन परिवार आउर समाज कर सुख, सांति आउर समरिधि कर कामना करलयं।

अनुष्ठान कर बाद सैकड़ों सरधालुमन कर बीच वेजिटेबल खिचड़ी प्रसाद कर बितरन करल गेलक। ई कार्जकरम सामाजिक सद्भाव, धार्मिक चेतना आउर भारतीय संस्कृति कर संरछन कर भी प्रेरनादायी संदेस देलक। ई अवसर में ट्रस्ट कर अध्यछ डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यछ राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज चौधरी आउर प्रवक्ता संजय सर्राफ परमा एकादशी कर महत्ता आउर आध्यात्मिक महत्व उपरे बिस्तार से परकास डाललयं।

हनुमान मंदिर में तीसर तीन दिवसीय बारसिकोत्सव धुमधाम से सम्पन्न

प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची। सिकिदीरी थाना अंतर्गत हरातु पंचायत कर आगरटोली गांव कर हनुमान मंदिर में, तीसर बारसिकोत्सव कर धारमिक अनुष्ठान करल जाय रहे। ई धारमिक अनुष्ठान में, 251 सरधालु महिला मनकर कलश जातरा सुरू भेलक, उमन गेतलसूद डेम से कलश में पानी उठालंय आउर गोटे गांव घुरते मंदिर परिसर में पोंहचलंय।

कलश जातरा कार्जक्रम कर मुध गोतिया पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, बिसिस्ट गोतिया जिला परिषद सदस्या अनगड़ा पछिमी अनुराधा मुंडा, भाजपा कर पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार सामिल रहैं। मंदिर में पूजा - अर्चना बिधिवत रूप से पं. ईश्वरचंद्र गोस्वामी आउर पं. दिगम्बर गोस्वामी करुवालंय, शंख आउर घंट कर आवाज से गुंईज उठलक गोटा गांव।

पहिल दिन 9 जून, 2026.(मंगलबार) कलश यात्रा, दूसर दिन 10 जून, 2026.(बुधबार) अखंड कीर्तन आउर तीसर दिन 11 जून, 2026. (गुरुबार) परसादी बितरन संगे भंडारा में खीर, पुड़ी - सब्जी, बुंदिया, हलुआ कर हों बेवस्था रहे। मंदिर कर बारसिकोत्सव में भक्ति, संस्कृति आउर आपस में, मेल-मिलाप कर संगम देखेक ले भेंटालक।

ई धारमिक आजोजन में भाजपा नेता रामसाय मुंडा, हरातू पंचायत कर मुखिया सह संरक्छक - राजेन्द्र बेदिया, समाज सेवी - संजय नायक, अध्यक्ष नागेश्वर महतो, सचिव संजय करमाली, कोषाध्यक्ष राजेश महतो, तीर्थनाथ महतो, लालमोहन पाहन, सक्रिय सदस्य द्वारिका नाथ रजवार, संतोष पाहन, तारकेशर महतो, बीरबल रजवार,विजय रजवार, तुलसी मुंडा, माधव करमाली , राजू पाहन, भुनेश्वर करमाली, शिव नारायण रजवार, अजय रजवार, मकर मुंडा, महेंद्र महतो, छोटन मुंडा संगे गाँव कर नव युवक - युवती आउर महिला-पुरुख मनकर पूरा-पूरा योगदान रहे,जेमन कर सेवा भावना, सहजोग-सहभागिता सह निगरानी में, हनुमान मंदिर कर तीसर तीन दिवसीय बारसिकोत्सव धुमधाम से सम्पन्न भेलक।

बलियापुर संगे सउब परखंड में बिसेस मैपिंग कैंप कर आयोजन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

धनबाद। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त आदित्य रंजन कर निरदेस में मतदाता सूची बिसेस गहन पुनरीछन 2026 (एसआइआर) कर निमित्त सत प्रतिसत मतदातामन कर मैपिंग पूरा करेक कर उद्देस से जिला कर सउब परखंड, धनबाद नगर निगम आउर चिरकुंडा नगर परिसद कर बिभिन्न वार्ड में बिसेस मैपिंग कैंप कर आयोजन करल गेलक।

एहे पांइत में 38 सिन्दरी बिधान सभा अंतर्गत बलियापुर परखंड कर गांव पंचायत अलकडीहा, आमझर, कुसमाटाड़, मुकुन्दा आउर चाँदकुईयां में कर मतदान केंद्रों में बिसेस मैंपिग कैम्प कर आयोजन करल गेलक। सउब कैम्प कर सफल आयोजन आउर सतत निगरानी ले नोडल पदाधिकारी आउर सहयोगी पदाधिकारीमन कर प्रतिनियुक्ति करल जाए रहे।

बलियापुर में आयोजित कैम्प में सिन्दरी बिधानसभा कर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्ता विनोद कुमार ग्राम पंचायत आमझर आउर मुकुन्दा कर अंतर्गत आवेक वाला मतदान संख्या 279 से 285 तक आउर मतदान केन्द्र संख्या 286 से 290 के बीएलओ कर मैपिंग काम कर निरीछन करलयं। ऊ संबंधित मतदान केन्द्र कर बीएलओ के दुई दिन कर भितरे लछ पूरा करेक कर निरदेस देलयं। मौका में जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी संजय कुमार झा, एईआरओ प्रभास चन्द्र दास, बीपीआरओ मो आलम, पंचायत सचिव आउर बीएलओ सुपरवाईजर पहुंचल रहयं।

लहरे सावन मन में

डॉ लक्ष्मीकांत नारायण
बड़ाईक, (तपकरा)

सावन के आईग लागे
जियरा मोर झुईम उठे रे
कोयली गीत जे सुनाय
सबक मन के लोभाय
सावन के आईग लागे रे
हायरे सावन जे आवे रे।। ध्रु।।

हो सावन बरखा फुहार
चांद चकोर बीचे
नयना कर हार
रिमझिम बुंद गिराय
डगमग मन के डोलाय
सावन के आईग लागे रे
हायरे सावन जे आवे रे।। 1।।

शशि लागेला सुहावन
मन मोहेला रवि मनभावन
मधु भंवरा छिड़काय
सबक मन अकुलाय
सावन के आईग लागे रे
हायरे सावन जे आवे रे।। 2।।

भोला शंकर कर सगरे जयगान
नावां जीवन में सावन कर आन
नारायण धूम मचाय
कतई मन के रिझाय
सावन के आईग लागे रे
हायरे सावन जे आवे रे।। 3।।
--*-*-*

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com